

लालू बेटे को सीएम व सोनिया बनाना चाहती हैं पीएम, दोनों पद खाली नहीं : शाह - 12



एफटीए पर चर्चा जारी रखेगा भारत और यूरोपीय संघ - 12



मोदी बहुत अच्छे इंसान, भारत के साथ व्यापार समझौता करेगा अमेरिका : ट्रंप - 13




महिला विश्व कपः सेमीफाइनल में हरमनप्रीत को खेलनी होगी 8 साल पहले जैसी जादुई पारी- 14

आज का मौसम
24.0⁰ अधिकतम तापमान
22.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.17
सूर्यास्त 05.28

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

कार्तिक शुक्ल पक्ष अष्टमी 10:06 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 30 अक्टूबर 2025, वर्ष 4, अंक 69, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये

## राष्ट्रपति ने राफेल लड़ाकू विमान में भरी उड़ान

अंबाला, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को हरियाणा के अंबाला में स्थित वायुसेना स्टेशन से राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरी और इसे अविस्मरणीय अनुभव बताया।

राष्ट्रपति मुर्मू दो लड़ाकू विमानों में उड़ान भरने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति बन गई हैं। अप्रैल 2023 में मुर्मू ने असम के तेजपुर वायुसेना स्टेशन पर सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम और प्रतिभा पाटिल ने सुखोई-30 लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी। राफेल विमान में सवार होने से पहले राष्ट्रपति ने 'जी-सूट' पहना था।



हरियाणा के अंबाला वायुसेना स्टेशन पर राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरने से पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। ● एजेंसी

## वैश्विक तनाव, व्यापार बाधाओं के बीच भारत स्थिर प्रकाश स्तंभ

मैरीटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव

● प्रधानमंत्री ने कहा-देश का समुद्री क्षेत्र तीव्र गति से आगे बढ़ रहा

मुंबई, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वैश्विक तनाव, व्यापार व्यवधानों और आपूर्ति श्रृंखलाओं में बदलाव के बीच भारत को दुनिया के लिए एक स्थिर प्रकाश स्तंभ बताया। मुंबई में भारतीय समुद्री सप्ताह-2025 में 'मैरीटाइम लीडर्स कॉनक्लेव' को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत रणनीतिक स्वायत्तता, शांति और समावेशी विकास का प्रतीक है।



मैरीटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव के दौरान एक प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रधानमंत्री।

मोदी ने कहा कि भारत का जीवंत लोकतंत्र और विश्वसनीयता ऐसी चीजें हैं जो भारत को विशेष बनाती हैं। उन्होंने कहा कि जब वैश्विक समुद्र में उथल-पुथल मची होती है, तो दुनिया एक स्थिर प्रकाश स्तंभ की तलाश करती है। भारत पूरी मजबूती के साथ ऐसे प्रकाश स्तंभ की भूमिका निभा सकता है। मोदी ने कहा कि वैश्विक तनाव, व्यापार व्यवधान और बदलती आपूर्ति श्रृंखलाओं के बीच भारत रणनीतिक स्वायत्तता, शांति और समावेशी विकास का प्रतीक है। देश की समुद्री और व्यापार पहल एक व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा हैं। उन्होंने भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे को भविष्य में व्यापार मार्गों को उदाहरण के रूप में उद्धृत किया। कहा कि भारत का समुद्री क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### नीली अर्थव्यवस्था व तटीय विकास पर फोकस

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में व्यापार और बंदरगाह के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिला है। मोदी ने कहा 21वीं सदी का एक चौथाई हिस्सा बीत चुका है। इस सदी के अगले 25 साल और भी महत्वपूर्ण हैं, इसलिए हमारा ध्यान नीली अर्थव्यवस्था और सतत तटीय विकास पर है। हम हरित लॉजिस्टिक्स, बंदरगाह संपर्क और तटीय औद्योगिक समूहों पर बहुत जोर दे रहे हैं। समुद्री क्षेत्र में अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। वर्ष 2025 देश के समुद्री क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक रहा है, जिसमें कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां रही हैं। भारत का पहला गहरे पानी वाला अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट हब, विझिंजम बंदरगाह, इसी वर्ष चालू हुआ।

## ब्रीफ न्यूज

### बाघ आकलन प्रक्रिया में शामिल होंगे विद्यार्थी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के देबरीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के अधिकारियों ने आगामी अखिल भारतीय बाघ आकलन (एआईटीई)-2025-26 में स्कूल और कॉलेज के छात्रों को शामिल करने का निर्णय लिया है। प्रभागीय वन अधिकारी अंशु प्रज्ञान दास ने कहा कि युवाओं को शामिल करके, हम भविष्य के नेताओं और निर्णयकर्ताओं की एक पीढ़ी तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं जो अभयारण्य में संरक्षण प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित होंगे।

### मूर्ति को अपवित्र करने में बांग्लादेशी गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** यहां एक मंदिर के गर्भगृह के बाहर रखी मूर्ति को अपवित्र करने के आरोप में 45 वर्षीय एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि मंदिर के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने तुरंत आरोपी कबीर मंडल को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी।

### मुंबई में इमारत ढही दो लोग घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के माहिम इलाके में बुधवार दोपहर ध्वस्तीकरण के दौरान तीन मंजिला एक इमारत के मलबे की चपेट में आने से दो लोग घायल हो गए। यह घटना माहिम रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापट मार्ग पर स्थित जॉनसन एंड जॉनसन भवन में अपराह्न 1.48 बजे हुई।

# न्यायिक दक्षता से पर्यावरणीय नीति तक यूपी बना सुशासन का मॉडल

## राज्य सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन से पांच प्रस्तावों को दी स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन से सुशासन और विकास की दिशा में कई बड़े फैसलों को मंजूरी दी है। इन निर्णयों में न्यायिक विभाग में 274 नए पदों का सृजन, भदोही में राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना, पर्यावरण निदेशालय का गठन, कृषि में डिजिटलीकरण और डीपीओ भर्ती के मानदंडों का विस्तार प्रमुख हैं।

न्याय तक आम नागरिक की पहुंच आसान बनाने और वादों के निस्तारण में तेजी लाने के लिए न्यायिक विभाग में 274 नए पद सृजित किए गए हैं। यह निर्णय राज्य की न्यायिक दक्षता को मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर नागरिक को समय पर न्याय मिले यही सुशासन की पहचान है। शिक्षा के विकेंद्रीकरण की दिशा में सरकार ने भदोही में नए राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना को स्वीकृति दी है। यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के अनुरूप है और उच्च शिक्षा की पहुंच पिछड़े जिलों तक बढ़ाएगा। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा व अनुसंधान के अवसर मिलेंगे। बाल विकास एवं पोषण विभाग में जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) पद के लिए पात्रता मानदंडों का दायरा बढ़ाया गया है। अब समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र और मनोविज्ञान के स्नातक भी आवेदन कर सकेंगे। यह निर्णय शासन में अंतर्विषयक दृष्टिकोण और सामाजिक नीति निर्माण को प्रोत्साहन देगा।

● भदोही में राज्य विवि को मंजूरी डीपीओ भर्ती मानदंड बढ़ाया



### पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन निदेशालय बनेगा

जलवायु संरक्षण और हरित विकास की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राज्य ने 'पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन निदेशालय' की स्थापना को मंजूरी दी है। यह भारत में अपनी तरह का पहला राज्यस्तरीय संस्थान होगा, जो सतत विकास की नीतियां तैयार करेगा और भारत के नेट-ज़ीरो 2070 लक्ष्य में योगदान देगा

### कृषि का डिजिटलीकरण, भुगतान की गारंटी

किसानों के हित में सरकार ने गेहूं और धान की खरीद प्रक्रिया में ई-मशीनों के प्रबंधन का कार्य यूपीडेस्को को सौंपा है। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी, भुगतान में देरी कम होगी और कृषि प्रणाली में जवाबदेही आएगी।

### संभल, बाराबंकी और फतेहपुर में खुलेंगे निजी विश्वविद्यालय

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहन मिल रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बुधवार को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय,चंदौली (संभल) तथा बोधिसत्व विश्वविद्यालय, बाराबंकी को संचालन प्राधिकार-पत्र (लेटर ऑफ ऑथराइजेशन) प्रदान किया। वहीं,ठाकुर युगराज सिंह विश्वविद्यालय, फतेहपुर के एंग्लो संस्कृत कालेज, फतेहपुर को आशय-पत्र सौंपा गया। राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, चंदौसी का नाम उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (पंचम संशोधन) अध्यादेश, 2025 के अंतर्गत अधिनियम की अनुसूची-2 में क्रमांक 52 पर तथा बोधिसत्व विश्वविद्यालय, बाराबंकी का नाम तृतीय संशोधन अध्यादेश, 2025 के तहत क्रमांक 50 पर सम्मिलित किया गया है।

# दोषसिद्ध चार अभियुक्तों की फांसी की सजा रद्द, किए गए बरी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर आतंकी हमला मामला

● इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जांच एजेंसियों की कार्यशैली पर उठाए गंभीर सवाल



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के रामपुर जिले में सीआरपीएफ कैंप पर 1 जनवरी 2008 को हुए आतंकी हमले में दोषसिद्ध चार अभियुक्तों की फांसी की सजा को रद्द करते हुए उन्हें बरी कर दिया है। कोर्ट ने जांच एजेंसियों की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न उठाए और कहा कि पूरी जांच खामियों से ग्रस्त रही, जिससे अभियोजन का आधार ही कमजोर हो गया। कोर्ट ने अपनी विशेष टिप्पणी में कहा कि हम अपराध की गंभीरता और उसकी भयावहता को नजरअंदाज नहीं कर सकते, किंतु न्यायशास्त्र का मूल सिद्धांत है कि यदि संदेह की गुंजाइश है, तो लाभ अभियुक्त को मिलना चाहिए। अभियोजन अपनी बात संदेह से परे सिद्ध करने में असफल रहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की खंडपीठ ने चारों आरोपियों को बरी करते हुए दिया।

मामले में बहस पूरी होने के बाद 4 सितंबर 2025 को फैसला सुरक्षित कर लिया गया था। बता दें कि सत्र न्यायालय,रामपुर ने 2 नवंबर 2019 को हमले के चार आरोपियों मोहम्मद शरीफ उर्फ सुहैल उर्फ साजिद, सबाउद्दीन, इमरान शहजाद और मोहम्मद फारूख को फांसी की सजा सुनाई थी, जबकि जंग बहादुर खान उर्फ बाबा खान को उम्रकैद की सजा दी गई थी।

18 मई 2025 को इस मामले का साजिशकर्ता सैफुल्लाह को पाकिस्तान में मार दिया गया था। निचली अदालत में 38 गवाहों की गवाही कराई गई थी, जिसमें चारों आरोपियों को रामपुर सीआरपीएफ कैंप पर 1 जनवरी 2008 की तड़के हुए आतंकी हमले का दोषी ठहराया गया था। जिसमें सात सीआरपीएफ जवानों सहित एक रिक्शा चालक मारा गया था। आतंकियों ने एके-47 और ग्रेनेड से हमला किया था। मामले पर विचार करते हुए कोर्ट ने माना कि जांच के दौरान फोरेंसिक व वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र करने में गंभीर लापरवाही बरती गई। हथियार, कारतूस और फिंगरप्रिंट जैसी बरामद वस्तुओं को सुरक्षित रूप से मालखाने में नहीं रखा गया तथा जब्ती की प्रक्रिया पर भी भरोसा नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने पाया कि जांच एजेंसियों ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन नहीं किया और अभियोजन स्वीकृति भी विधि के अनुसार प्राप्त नहीं की गई थी।

कोर्ट ने जांच में हुई चूकों के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया, साथ ही कहा कि ऐसे मामलों में दोषसिद्धि केवल भावनात्मक प्रतिक्रिया पर नहीं, बल्कि ठोस साक्ष्यों पर आधारित होनी चाहिए। अंत में कोर्ट ने मृत्युदंड के खिलाफ दाखिल याचिका और आपराधिक अपील को स्वीकार करते हुए सभी अभियुक्तों को बरी कर दिया। हालांकि आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-ए) के तहत दी गई सजाकोबरकराररखा।

# कौड़ियाला नदी में पलटी नाव एक महिला की मौत, आठ लापता

अमृत विचार, बहराइच

● बहराइच में हुए हादसे में 13 लोगों ने तैरकर बचाई जान

● मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बचाव कार्य करने को दिया निर्देश

कतर्नियाघाट के ट्रांस गेरुआ क्षेत्र में बुधवार देर शाम कौड़ियाला नदी में ग्रामीणों से भरी नाव डूब गई। इस घटना में आठ लोग लापता हैं। नाव पर सवार भरथापुर के ग्रामीण खैरटिया बाजार से खरीददारी करके लौट रहे थे। नाव में 22 ग्रामीण सवार थे, जिनमें से 13 लोग तैर कर सुरक्षित निकल आए है, जबकि एक महिला का शव मिला है। मुख्यमंत्री योगी ने मामले का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को बचाव व राहत कार्य के निर्देश दिए हैं। स्थानीय प्रशासन के साथ एनडीआरएफ व एसएसबी के गोताखोर लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं।

भरथापुर गांव घने जंगल और गेरुआ नदी के पार स्थित होने के चलते यहां के लोग लखीमपुर खीरी जनपद के खैरटियाबाजार से रोजमर्रा की खरीदारी के लिए नाव से आवागमन करते हैं। बुधवार को गांव के लोग दोपहर में नदी पार कर खैरटिया बाजार गए थे। सभी ग्रामीण खरीदारी कर शाम 5:30 बजे खैरटियाघाट से नाव पर सवार होकर भरथापुर गांव की ओर रवाना हुए। लेकिन नाव जब शाम 6 बजे के आसपास भरथापुर घाट पहुंचने वाली थी तभी दो सौ मीटर पहले अनियंत्रित होकर पलट गई। चीख पुकार मच गई। गांव के लोग दौड़े लेकिन अंधेरा होने के कारण सभी बेबस नजर आए नदी में बहाव भी तेज था। लगभग आधे घंटे बाद नाव पर सवार लक्ष्मी नारायण पुत्र विसेसर, रानी देवी पत्नी रामाधार, ज्योति पुत्री आनंद कुमार व हरिमोहन पुत्र रामकिशोर तैर कर घटनास्थल से आधा किलोमीटर की दूरी पर जंगल में किनारे पहुंचे। सभी ने किसी तरह घाट पर पहुंचकर चीख चिल्ला रहे एकत्रित ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। सुरक्षित बचकर निकले लक्ष्मी नारायण ने फोन कर सुजौली पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए बताया कि नाव में 22 लोग सवार थे। एक बाइक और चार साइकिल भी लदी थी। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि उपजिलाधिकारी एसएसबी जवानों के साथ भरथापुर गांव पहुंच गए हैं। नाव में 22 लोग सवार थे। 13 सुरक्षित तैर कर बाहर निकल आए हैं। जबकि रामजेई (65) पत्नी मटरू का शव मिला है। अभी आठ लोग लापता हैं। खोजबीन जारी है।



● बहराइच : घटनास्थल पर मौजूद पुलिस और बचाव दल की टीम। अमृत विचार

### लापता लोगों की सूची

- नाविक मिहिलाल यादव (38)
- शिवनंदन मौर्य (50)
- सुमन पत्नी प्रमोद मौर्या (28)
- सोहनी पुत्री प्रमोद (5)
- शिवम पुत्र रामनरेश मौर्य (9)
- हादसे में मृत रामजेई के 2 पोते उम्र क्रमशः 7 साल व 10 साल
- शांति पत्नी पंचम

## आंध्र में मोंथा ने मचाई तबाही

**अमरावती, एजेंसी :** भीषण चक्रवाती तूफान मोंथा ने आंध्र प्रदेश में भारी तबाही मचाई। रात में आंध्र प्रदेश के तट से टकराने के बाद भारी बारिश से सड़कें जलमग्न हो गईं, कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए जबकि दो लोगों की मौत हो गई। प्रारंभिक अनुमानों का हवाला देते हुए सरकार ने मंगलवार को बताया था कि मोंथा के प्रभाव से 38,000 हेक्टेयर में खड़ी कृषि फसलें नष्ट हो गईं तथा 1.38 लाख हेक्टेयर में बागवानी फसलें भी क्षतिग्रस्त हो गईं।

# प्रदेश सरकार ने 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गन्ने का मूल्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● अगेती 400 रुपये व सामान्य 390 रुपये प्रति क्विंटल, किसानों को 3,000 करोड़ का अतिरिक्त लाभ

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने गन्ना किसानों के हित में बड़ा कदम उठाया है। पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है।

अब अगेती प्रजाति का मूल्य 400 रुपये प्रति क्विंटल और सामान्य प्रजाति का 390 रुपये प्रति क्विंटल होगा। इस बढ़ोतरी से प्रदेश के गन्ना किसानों को लगभग 3,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान होगा। योगी सरकार के आठ वर्षों में यह चौथी बार है जब गन्ना मूल्य में वृद्धि की गई है।

गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि किसानों के परिश्रम का सम्मान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गन्ना किसान केवल उत्पादक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सशक्त स्तंभ हैं। मंत्री ने बताया कि प्रदेश में अब तक 2,90,225 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है, जो पिछली सपा-बसपा सरकारों (2007-2017) के 1,47,346 करोड़ की तुलना में 1,42,879 करोड़ रुपये अधिक है। मंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश की 122 चीनी मिलें संचालित हैं और पारदर्शी नीतियों के कारण इस क्षेत्र में 12,000 करोड़ रुपये का निवेश आया है।

### एथेनॉल उत्पादन में देश में अव्वल है यूपी

एथेनॉल उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी बन गया है। राज्य में उत्पादन 41 करोड़ लीटर से बढ़कर 182 करोड़ लीटर तक पहुंच गया है। आसवनियों की संख्या 61 से बढ़कर 97 हुई है। गन्ना क्षेत्रफल बढ़कर 29.51 लाख हेक्टेयर तक पहुंच चुका है, जिससे उत्तर प्रदेश एथेनॉल और गन्ना उत्पादन दोनों में देश में प्रथम स्थान पर है।

आस्था | श्रीराम मंदिर निर्माण की लागत 1800 करोड़ रुपये पहुंचने की उम्मीद

# श्रद्धालुओं ने रामलला को समर्पित किए 3 हजार करोड़

अयोध्या कार्यालय

● 25 नवंबर के बाद बड़े समारोह में सम्मानित किए जाएंगे दानदाता : नृपेंद्र

**अमृत विचार :** देश भर के श्रद्धालुओं ने राम लला को अब तक लगभग तीन हजार करोड़ रुपये दान के रूप में समर्पित किए हैं। राम मंदिर के दानदाताओं को 25 नंवबर के बाद भव्य समारोह आयोजित करके सम्मानित किया जाएगा। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बुधवार को बताया कि श्रीराम मंदिर निर्माण की लागत 1800 करोड़ रुपये पहुंचने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 के बाद भी अनेक भक्तों ने बड़ी धनराशि श्री राम मंदिर में दान में दी है। भवन निर्माण समिति ने यह फैसला लिया है कि इन दानदाताओं को भी 25 नवंबर के ध्वजारोहण कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। मंदिर निर्माण में योगदान देने वाली कंपनियों, सप्लायर्स और कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। समारोह में करीब आठ हजार लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होने यह भी बताया कि दानदाताओं को समरसता और सहभागिता के दृष्टिकोण से शामिल करने का निर्णय लिया गया है। सम्मान का यह कार्यक्रम 25 नवंबर के कार्यक्रम के बाद आयोजित किया जाएगा। इसके लिए श्री राम मंदिर परिसर में वृहद सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में सभी योगदानकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष मिश्र ने बताया कि मंदिर निर्माण पर अब तक 15 सौ करोड़ रुपये की बिलिंग हो चुकी है। निर्माण की कुल लागत 1800 करोड़ रुपये तक पहुंच जाने का अनुमान है।



### महर्षि वाल्मीकि व निषाद राज का भी पूजन करेंगे प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को राम मंदिर पर ध्वजारोहण करने के बाद राम जन्मभूमि परिसर स्थित महर्षि वाल्मीकि, निषाद राज, शबरी, अहिल्या सहित परकोटा के मंदिरों में भी दर्शन-पूजन करेंगे। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बुधवार को बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट परिसर के भ्रमण कार्यक्रम को लेकर योजना बना रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध किया जाएगा कि वे ध्वजारोहण के साथ परकोटा में भी कुछ समय दें। बताया कि परिसर में अब धातु से शहीद स्मारक बनाया जा रहा है। जिसका निर्माण फरवरी, 2025 तक पूरा होने की संभावना है। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम मंदिर निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसमें एक बार में पांच हजार से आठ हजार लोगों के दर्शन करने की सुविधा होगी।

# नारी सशक्तीकरण
# संकल्प से सिद्धि

**मिशन शक्ति**
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
5वां चरण



## मिशन शक्ति केंद्र

ये केंद्र महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक समर्पित सहायता प्रणाली के रुप में कार्य कर रहे हैं।

शक्ति केंद्रों के माध्यम से पीड़ित महिलाओं की शिकायत लेने से लेकर विधिक कार्यवाही तक पूरी सहायता प्रदान की जाती है।

इन केंद्रों पर महिला संबंधित मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य किया जाता है।

प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों और विभिन्न विभागों के समन्वय से पीड़ित महिलाओं का मानसिक और सामाजिक पुनर्वास सुनिश्चित किया जाता है।

यह व्यवस्था महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ समाज में पुनः स्थापित करने में सहायक है।

राज्य के सभी 1,647 थानों में महिलाओं की सुरक्षा, सहयोग और संरक्षण हेतु मिशन शक्ति केंद्रों की स्थापना की गई है।



### एक पेड़ माँ के नाम

**वर्ष 2025: 37.21 करोड़+ वृक्षारोपण**

सरकार द्वारा चलाए गए विशेष अभियान जैसे "एक पेड़ माँ के नाम", सार्वजनिक भागीदारी आधारित वृक्षारोपण अभियान, वन विभाग द्वारा सघन वन रोपण इत्यादि कार्यक्रमों ने मूल्यवर्धित परिणाम दिए।

### निराश्रित महिला पेंशन योजना

**36.75 लाख महिलाएं लाभान्वित**

पति की मृत्यु के उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत पात्र निराश्रित महिला को प्रति लाभार्थी 1,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाती है।

### मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना

**26.34 लाख बेटियां लाभान्वित**

बालिकाओं को शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना शुरु की गयी है। प्रारम्भ में इसके अंतर्गत बालिकाओं को 15,000 रुपये की आर्थिक सहायता छह चरणों में प्रदान की जाती थी। अब प्रदेश सरकार ने यह सहायता राशि 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दी है।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

**4.67 लाख जोड़ों का विवाह**

निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित है। इसके अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ ही सामान्य वर्ग के निर्धन परिवार भी आवेदन कर सकते हैं। योजना का लाभ विधवा और तलाकशुदा महिलाओं को भी मिल रहा है।

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

**60 लाख माताएं लाभान्वित**

योजना के तहत जननी और उसके बच्चे की देखभाल के लिए 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। पहले चरण में 1,000 रुपये, दूसरे चरण में 2,000 रुपये और तीसरे चरण में 2,000 रुपये गर्भवती महिलाओं को दिए जाते हैं। शेष 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता तब मिलती है, जब गर्भवती महिला बच्चे को किसी अस्पताल में जन्म देती हो या जननी सुरक्षा योजना की लाभार्थी हो।

### ऑनलाइन फैमिली काउंसलिंग

**घर बैठे समाधान :** महिलाओं को थाने जाने की आवश्यकता नहीं।

**विशेषज्ञ काउंसलिंग :** घरेलू विवाद, हिंसा व आत्महत्या रोकथाम में मदद।

जनवरी 2024 से अगस्त 2025 तक कुल 10,102 शिकायतें दर्ज, 9,760 मामलों का समाधान।

### महिला रात्रि एस्कॉर्ट सुरक्षा

रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक सहायता हेतु कॉल किए जाने पर यूपी-112 द्वारा महिला को एस्कॉर्ट कर सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था।

### रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष

जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं/बालिकाओं को आर्थिक सहायता हेतु इस कोष की स्थापना की गयी है। इसके अन्तर्गत अब तक 7,105 महिलाओं/बालिकाओं को क्षतिपूर्ति धनराशि प्रदान की गयी।

### एण्टी रोमियो स्क्वाड

सार्वजनिक स्थलों जैसे-चौराहों, बाजारों, माल्स, पार्क, स्कूल, कालेज कोचिंग संस्थान व अन्य स्थलों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेड़खानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन एवं टिप्पणियों की घटनाओं को रोकना एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा किया जाता है।

### बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी

जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में ग्रामवासियों को प्रोत्साहित एवं लाभान्वित करने हेतु प्रदेश की सभी 57,000 ग्राम पंचायतों में विभिन्न बैंकों के माध्यम से बी.सी. सखी को पदस्थापित किया गया। बी.सी. सखी को प्रति माह 4,000 रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। अच्छा काम करने पर प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा रही है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है।

### हेल्पलाइन

**1076** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

**1090** वीमेन पॉवरलाइन

**101** अग्निशमन सेवा

**108** एंबुलेन्स हेल्पलाइन

**112** पुलिस आपातकाल सेवा

**1930** साइबर हेल्पलाइन

**181** वीमेन हेल्पलाइन

**1098** चाइल्ड लाइन

**102** गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन

ADVERTORIAL

अमृत विचार www.amritvichar.com



न्यूज ब्रीफ

### छह साल पहले हत्या में दोषी को उम्रकैद

**कानपुर देहात।** 12 जून 2019 को हुई घटना के मामले में सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा व दस हजार रूपए का अर्थदंड लगाया है। बताया गया कि आरोपी रहीम नगर रसूलाबाद निवासी चंद्रशेखर पुत्र बाबूलाल महिला पर फावड़े से कई वार कर उसे लहुलुहान कर दिया था। घटना के संबन्ध में थाना रसूलाबाद मुकदाम पंजीकृत किया गया था। महिला की मौत हो जाने के बाद दौरान विवेचना मामला 302 में तरमीम किया गया। विवेचक ने सात सितंबर 2019 को न्यायालय को आरोप पत्र प्रेषित कर दिया। न्यायालय में पेश किए गए साक्ष्यों व गवाहों के बयानों के आधार पर चंद्रशेखर पुत्र बाबूलाल को दोषी ठहराया गया। बुधवार को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या चार ने फैसला सुना दिया।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर हुई मैराथन

**कानपुर देहात।** बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में मैराथन दौड का आयोजन किया गया। इस दौरान मिशन शक्ति एवं यातायात नियमों के प्रति स्कूल, कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को जागरूक भी किया गया। एसपी श्रद्धा नरेन्द्र पांडेय के मार्गदर्शन में 21अक्टूर से 31 अक्टूबर तक विशेष जनजागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को मैराथन दौड का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिसकर्मियों के शारीरिक फिटनेस एवं स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। आयोजन में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### 26 वर्ष बाद न्यायालय उठने तक की सजा

**कानपुर देहात।** सरकारी कार्य में बाधा डालने और लाठी लेकर हमलावर होने के आरोपी को कोर्ट ने सजा सुनाई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट भोगनीपुर ने आरोपी कल्लू पुत्र शिवनारायण कंजड निवासी ग्राम पिलखनी थाना भोगनीपुर को न्यायालय उठने तक की सजा व 1,500 रुपए के अर्थदंड़ से दंडित किया है। बताया गया कि एक सितंबर 1999 को कल्लू के खिलाफ धारा 406/1999 धारा 332/504/506/352 आईपीसी व 33 वन संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना के बाद चार दिसंबर 1999 को चार्ज शीट दाखिल की गई। बुधवार को न्यायालय ने आरोपी को सजा व अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर एक सप्ताह के साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### धूमधाम से मनाया गया मंदिर का वार्षिकोत्सव

**शिवली।** क्षेत्र के रंजीतपुर गांव स्थित पवन तनय आश्रम हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। इससे पहले रामचरितमानस का अखंड पाठ भी आयोजित किया गया। बुधवार की सुबह हवन पूजन का आयोजन किया गया। पवन तनय सहित परिसर के अन्य सभी मंदिरों में फूलों से सजावट की गई। मंदिर के महंत स्वामी गोपालनंद महाराज ने भक्तों को आशीर्वाद दिया। साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद छका। भंडारे के मौके पर आसपास के लोगों ने मंदिर पहुंचकर बड़े ही चाव से प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर एसडीएम राजकुमार पांडेय, कल्लू सिंह, टिंकू सिंह, रामू त्रिपाठी, पिंटू सिंह, लेखपाल धर्मेंद्र तिवारी, सुजीत सिंह, कामता मिश्रा, बऊवन दुबे आदि मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया सुक्खा का हत्यारोपी

अमृत विचार Follow UP

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



मुठभेड़ के बाद घायल हत्यारोपी को ले जाती पुलिस।

- 26 अक्टूबर को गोली मार कर की गई थी अंगदपुर के प्रदीप उर्फ सुक्खा की हत्या
- पांव में गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया हत्या का आरोपी ऋषि कटियार

**अमृत विचारः** बरौर थाना क्षेत्र के गांव अंगदपुर निवासी प्रदीप उर्फ सुक्खा का कातिल पकड़ा गया। सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने हत्यारोपी की कार को ट्रेस किया। इसके बाद बैरियर लगाकर आते-जाते वाहनों की चेकिंग चालू की। दुर्वाषा ऋषि आश्रम के पास हत्यारोपी की कार पुलिस ने रोकी तो उसने भागना चाहा। पुलिस ने दौड़ाया तो पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाब में पुलिस ने गोली चलाई जो हत्यारोपी के पांव में जा धंसी। इसके बाद वह गिरा फिर पुलिस ने धर दबोचा।

26 अक्टूबर की रात बरौर थाना क्षेत्र के अंगदपुर के रहने वाले प्रदीप कुमार उर्फ सुक्खा की हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद शव को कानपुर-इटावा नेशनल हाईवे पर फेंक दिया गया था। प्रदीप का खून से लतपथ शव डेरापुर थाना क्षेत्र के बलहरामऊ गांव के पास हाइवे मोड़ पर मिला था।

पुलिस ने युवक के पास से मिले मोबाइल फोन के जरिए सूचना उसके परिजनों को दी थी। परिजनों ने गांव के ही ऋषि कटियार और ईशू कटियार पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि दोनों युवक प्रदीप को कार में अगवाकर ले गए थे। मारपीट कर हत्या करने के पश्चात शव को हाइवे पर फेंक आरोपी फरार हो गए थे।

पुलिस के अनुसार बुधवार की भोर पहर पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि प्रदीप की हत्या का मुख्य आरोपी ऋषि कटियार अंगदपुर के पास किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए घेराबंदी की तो आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस अब हत्याकांड के दूसरे आरोपी ईशू कटियार की तलाश में जुट गई है। थाना प्रभारी अमिता वर्मा का कहना है कि फरार आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## हत्या को लेकर परिवार के लोगों में एकमत नहीं

**कानपुर देहात।** प्रदीप की मौत को लेकर परिवार में दो फाड़ हो गए हैं। एक तरफ चाचा हरगोविंद, संजय और बाबा जगदीश नारायण शर्मा ने ऋषि और ईशू पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है और उस पर कानपुर देहात व झांसी में चोरी व गैंगस्टर के कई मुकदमें दर्ज हैं, वहीं प्रदीप की मां ममता देवी ने हत्या को सड़क दुर्घटना बताते हुए हत्या के आरोपों से इंकार किया है।

प्रदीप की मां ममता देवी का कहना है कि बेटे की मौत सड़क हादसे में हुई है। हालांकि बुधवार को पुलिस ने बताया कि पकड़े गए हत्यारोपी ने सुक्खा की हत्या की बात कुबूल कर ली है।

### मां और बेटे के बीच चल रहा था विवाद

ग्रामीणों के मुताबिक प्रदीप अपने चाचा और बाबा के साथ गांव के अंदर बने मकान में रहता था, जबकि उसकी मां सड़क किनारे बने मकान में रहती है। घर के अंदर अनजान लोगों की आवाजाही और बेटे के गलत साथियों को लेकर मां-बेटे के बीच विवाद चल रहा था। इसी विवाद के बाद से दोनों पक्षों में तनाव बढ़ गया था। मां का तर्क इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

# डीएम बंगले के पास फटी पीएनजी लाइन, गैस रिसाव से मचा हड़कंप

## बबूल की जड़ निकालते समय जेसीबी की बॅकेट ने तोड़ डाली गैस और वाटर लाइन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने पूरे मामले की छानबीन की। अमृत विचार

- मौके पर पहुंचे अधिकारी एहतियातन रोका गया माती अकबरपुर रोड का ट्रैफिक

**अमृत विचारः** बुधवार को डीएम आवास के पास जेसीबी की चपेट में आकर पीएनजी और वाटर लाइन फट गई। इससे पानी का फव्वारा फूट पड़ा। गैस लाइन से गैस का रिसाव भी चालू हो गया। ज्वलनशील गैस के लगातार रिसाव से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पास के घरों के लोग अनहोनी की आशंका में बाहर आ गए। गैस की दुर्गंध चारों तरफ बढ़ने लगी। तब इलाकाई लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस पहुंची तो सड़क का यातायात बंद कराया। इसके बाद दमकल कर्मियों और गैस सप्लाई करने वाली कंपनी के जानकार मौके पर पहुंचे और गैस का प्रवाह रूकवाया।

माती रोड पर डीएम आवास से महज दो सौ मीटर की दूरी पर बुधवार की दोपहर एक दुकानदार बबूल की जड़ निकलवाने के लिए जेसीबी चलवा रहा था। जड़ों को निकालते समय जेसीबी चालक ने बॅकेट पूरी ताकत से जमीन में गड़ा दिया। इससे पेड़ की जड़ के साथ-साथ भूमिगत वाटर लाइन और पीएनजी की लाइन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। देखते ही देखते पानी का फव्वारा फट पड़ा। काफी पानी निकलने लगा। दूसरी तरफ, सप्लाई पाइप फट जाने से पीएनजी भी रिसने लगी। जैसे-जैसे रिसाव हुआ पाइप लाइन का छेद बढ़ता गया और गैस तेजी से निकलने लगी।

इलाकाई लोगों ने गैस की दुर्गंध महसूस की तो हल्ला मच गया। पास के घरों से लोग बाहर भागे। इसके बाद इलाके में अफरा-तफरी सी मच गई। लगातार बढ़ते गैस के रिसाव से अनहोनी की आशंका खड़ी हो गई। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी। आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची। प्रशासनिक अधिकारी भी तुरंत मौके पर पहुंचे। इसके बाद एहतियातन माती रोड का यातायात बंद कराया गया। आग लगने की आशंका पर फायर ब्रिगेड की टीम बुलाई गई। दमकल कर्मियों ने मोर्चा संभाल लिया।

गैस का रिसाव रोकने के लिए सप्लायर कंपनी के जानकार मौके पर बुलाए गए। उन्होंने मेन सप्लाई बंद कराकर गैस का प्रवाह रोकवाया। इसके बाद मेंटिनेंस का कार्य प्रारंभ हुआ। इधर, वाटर पाइप लाइन दुरुस्त करने के लिए प्लंबर और दूसरे कर्मचारी मौके पर पहुंचे। मरम्मत के बाद दोपहर करीब दो बजे पानी का लीकेज बंद हुआ। नायब तहसीलदार सदर रविंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि करीब आधे घंटे तक माती रोड का ट्रैफिक रोका गया था।




पंचायत भवन सुनासी में डीएपी खाद लेने के लिए मौजूद किसान। अमृत विचार

## खाद आने की सूचना पर किसानों की उमड़ी भीड़

संवाददाता, रसूलाबाद

- गेहूं की बुवाई के लिए डीएपी खाद की जरूरत, पुलिस बल की कमी पर रोका गया खाद वितरण

**अमृत विचारः** गेहूं की बुआई निकट आने के कारण इस समय डीएपी खाद के लिए समितियां पर मारामारी चल रही है। जिताई पुरवा समिति का भवन लंबे अरसे से निष्प्रयोज्य होने के कारण उसकी खाद का वितरण सुनासी ग्राम पंचायत भवन से किया गया। भीड़ अधिक होने के कारण पहले दिन खाद का वितरण नहीं हो पाया। दूसरे दिन पुलिस को बुलाना पड़ा तब खाद वितरित हो पाई।

इस संबंध में क्षेत्रीय किसानों ने बताया की जिताई पुरवा साधन सहकारी समिति का भवन पिछले डेढ़ साल से जर्जर पड़ा है। इसलिए उसकी खाद का वितरण सुनासी ग्राम सभा के बंसी नवादा में बने पंचायत भवन से किया जाता है। इससे वहां भीड़ अधिक हो जाती है। गेहूं की बुवाई के लिए डीएपी अथवा एनपीके खाद की आवश्यकता होती है।। उसका वितरण मंगलवार को शुरू किया गया किंतु भीड़ अधिक होने और पुलिस बल कम होने से वितरण रोक दिया गया। बुधवार को चौकी इंचार्ज तिस्ती व उनके हमराहियों की उपस्थिति में किया जा सका।

## मारपीट में 12 लोगों पर एफआईआर

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के मिंडाकुंआ के पास 24 अक्टूबर की रात रसूलाबाद प्लांट में दूध देकर आ रहे युवक के साथ हुई मारपीट के मामले में चार नाम जद सहित 12 लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है।

रूरा क्षेत्र के उलरापुर निवासी हर मोहन सिंह ने तहरीर में बताया कि उनका पुत्र राहुल दूध की गाड़ी लेकर रसूलाबाद प्लांट जाता है। 24 अक्टूबर की रात वह प्लांट गया था। गाड़ी खाली करने के बाद रात करीब 10 बजे घर वापस आ रहा था, तभी मंगलपुर थाना क्षेत्र के मिंडा कुआं के पास दो बोलेरो सवार लोगों ने रास्ते में तखत डालकर रास्ता रोक लिया। आरोप है कि रूरा थाना क्षेत्र के उलरापुर निवासी प्रतीक यादव ने उसके सिर में ईंट मार दी । बाद ने प्रतीक यादव व अन्य लोगों ने उसे गाड़ी से उतार कर धारदार हथियार, व लाठी डंडों से मारपीट की, जिससे उसका पुत्र मरणासन्न हो गया व बेहोश हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने प्रतीक यादव व ओमकार निवासी उलरापुर ,अनुराग यादव किशवा खेड़ा ,धर्मेंद्र यादव हसनापुर एवं 8 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर मंगलपुर महेश कुमार ने बताया कि तहरीर पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज हुआ है।

## विवाद में मां-बेटे को पीटा जहर खिलाने का आरोप

संवाददाता, राजपुर



अस्पताल में भर्ती आशा देवी।

**अमृत विचारः** क्षेत्र के दमनपुर गांव में पेड़ के अवशेष डालने पर हुए झगड़े में तीन लोगों ने मां-बेटे को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोप है कि जहर खिला दिया। पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

दमनपुर गांव के अंकित ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उसके पारवारिक चाचा वीर सिंह ने अपने खेत पर खड़े हरे नीम का पेड़ कटवा कर अवशेष उसके खेत में डाल दिए थे। बुधवार को वह खेत की जोताई करने गया। अवशेष हटाने की बात कहने पर वीर सिंह ने 5 लोगों के साथ ईट पत्थर से हमला कर दिया। इससे सिर में गंभीर चोटे आई। बचाने आई उसकी माँ आशा देवी के साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने आशा देवी को जहरीला पदार्थ खिला दिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मां बेटे को राजपुर पीएचसी में भर्ती कराया। जहाँ डाक्टर शिव विनायक त्रिपाठी ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। इधर पुलिस ने अस्पताल पहुँचकर महिला के वयान दर्ज किए। थानाध्यक्ष सनत कुमार ने बताया कि फिलहाल तहरीर नहीं मिली है।

# पातेपुर गांव की क्रॉप कटिंग में निकला 23.62 किलोग्राम धान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



पातेपुर गांव में क्रॉप कटिंग के लिए पहुंचे जिलाधिकारी। अमृत विचार

- डीएम की मौजूदगी में क्रॉप कटिंग कर जांची गई उत्पादन की स्थिति

**अमृत विचारः** सदर तहसील क्षेत्र के पातेपुर गांव में डीएम कपिल सिंह ने उत्पादन के आकलन के लिए क्रॉप कटिंग कराई। गांव के किसान शिव प्रसाद पुत्र मथुरा प्रसाद के गाटा संख्या 350 पर धान की उत्पादकता की वास्तविक स्थिति जांची गई।

रैंडम आधार पर चयनित गाटा संख्या के खेत में 10 मीटर भुजा वाले समबाहु त्रिभुज के क्षेत्र में धान की फसल की कटाई व छटाई की गई। प्रक्रिया के उपरांत धान का कुल वजन 23.62 किलोग्राम प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित कृषकों से संवाद करते हुए उन्हें अपने निकटतम क्रय केंद्रों पर ही धान की बिक्री करने हेतु प्रेरित किया, ताकि उन्हें उचित मूल्य प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़े शासन को प्रेषित किए जाएं, जिससे जनपद की फसल उत्पादकता का आकलन हो सके। साथ ही राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि राजस्व परिषद द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप चयनित सभी रैंडम गाटा संख्याओं की क्रॉप कटिंग कार्यवाही समयबद्ध रूप से पूर्ण कर विभाग को रिपोर्ट शीघ्र भेजी जाए।

जिलाधिकारी ने बताया कि वार्षिक फसल कटाई प्रयोग के माध्यम से जनपद की औसत उत्पादकता का निर्धारण किया जाता है। कृषि विभाग इन आंकड़ों का औसत निकालकर शासन को भेजता है, जिसके आधार पर जनपद की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता का निर्धारण किया जाता है।



महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण करतीं राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य। अमृत विचार

## देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपनाएं स्वदेशी

संवाददाता, रसूलाबाद

- आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान में महिला सम्मेलन

**अमृत विचारः** आत्मनिर्भर भारत के लिए महिलाओं को हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी का संकल्प लेना चाहिए। इससे न केवल भारत सशक्त बनेगा वरन महिलाएं भी सशक्त होंगी।

यह बात बुधवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत गोपालपुर में आयोजित महिला सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य एवं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने कही। उन्होंने आई हुई महिलाओं को जागरूक और प्रेरित किया कि महिलाओं के सशक्त होने के लिए एवं भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वह स्वदेशी वस्तुएं ही अपनाएं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।


क्षेत्रीय भाजपा विधायक पूनम शंखवार ने मुख्य अतिथि को माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।इस अवसर पर मंत्री प्रतिभा शुक्ला, जिलाध्यक्ष रेणुका सचान ,रागिनी भदौरिया , चेयरमैन प्रतिनिधि लता तिवारी, डॉ स्वप्निल सिंह , कल्पना पाल आदि लोग मौजूद रही। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्रीय भाजपा विधायक पूनम शंखवार ने सभी माताओं बहनों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

धर्म-अध्यात्म

सिमरामऊ में श्रीमद्भागवत कथा में बही भक्ति की बयार, कथावाचक ने भगवान कृष्ण की रासलीला का प्रसंग सुनाया

# महारास लीला से ही हुआ जीवात्मा और परमात्मा का मिलन

संवाददाता, रसूलाबाद



सिमरामऊ में भागवत कथा सुनाते पंडित दीपक महाराज।



कथा की अमृत वर्षा में सराबोर हुईं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते हैं जिसका आज के समय लोग अनुचित अर्थ लगाते हैं। वह पूर्ण परमब्रह्म स्वरूप परमात्मा श्रीकृष्ण से अपनी समानता करते हैं। महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला से ही जीवात्मा परमात्मा का मिलन हुआ।

यह बात सिमरामऊ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक पंडित दीपक महाराज ने भगवान कृष्ण द्वारा गोपियों संग रासलीला रचाए जाने के प्रसंग के दौरान कही। उन्होंने इसके पूर्व गोवर्धन लीला का भी सुंदर प्रसंग श्रोताओं को सुनाया।

व्यास द्वारा श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह के प्रसंग का सुंदर वृतांत में उन्होंने बताया कि विदर्भ देश के राजा भीष्मक के यहां रुक्मणी का जन्म हुआ था । देवर्षि नारद द्वारा श्री कृष्ण के रूप ,सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनकर उन्होंने बाल्यावस्था से ही प्रभु श्री कृष्ण को अपना पति मान लिया था और भगवान श्री कृष्ण से विवाह करने का निश्चय बना लिया था लेकिन रुक्मणी का भाई रुक्मी अपने मित्र शिशुपाल के साथ उनका विवाह करना चाहता था।

तब रुक्मणी ने द्वारकाधीश श्री कृष्णा को पत्र लिखकर विवाह निमंत्रण भेजा इस पर प्रभु श्री कृष्णा ने विदर्भ देश जाकर रुक्मणी का हरण किया और उनसे विवाह किया। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सुनकर श्रोता भाव भोर हो उठे। इस अवसर पर पर परीक्षित लक्ष्मी नारायण मिश्र, डाव राम जी मिश्र, आशीष, अश्वनी आनंद शुक्ला, गुड्डू अग्निहोत्री, बाल किशन पांडेय,अशोक पाठक, राजकिशोर बाजपेयी , पुत्तन द्विवेदी, रामखिलावन मिश्र, सहित बड़ी संख्या भक्त मौजूद रहे।




अमृत विचार

कानपुर, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025



## न्यूज ब्रीफ

### मधुमक्खियों के हमले से बाइक सवार घायल

**घाटमपुर।** थाना क्षेत्र के जहानाबाद रोड स्थित अहिरवार पेट्रोल पम्प के पास बाइक से जा रहे फत्तेपुर निवासी शिवम (उम्र 29 वर्ष) पुत्र फूल सिंह अपने गांव से घाटमपुर किसी कार्य से आ रहा था जैसे ही युवक पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा तभी मधुमक्खियों ने उस पर अचानक हमला कर उसे घायल कर दिया। मधुमक्खियों के हमले में शिवम गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे आनन फानन में सीएचसी घाटमपुर ले गए जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बीते दिन अहिरवार पेट्रोल पम्प के पास मधुमक्खियों ने तीन लोगों पर हमला कर घायल कर दिया था।

### विवाद में महिला को मारी कुल्हाड़ी, रिपोर्ट

**हमीरपुर।** कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ले में मामूली विवाद में तीन लोगों ने महिला को कुल्हाड़ी मार घायल कर दिया। सिकंदरपुरा निवासी करिया की पत्नी मुन्नी ने तहरीर में बताया कि मोहल्ले के आकाश, अमित और आनंद उसके दरवाजे पर आकर गालियां देने लगे। जब उसने गाली देने से रोका तो आरोपियों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। सिर में कुल्हाड़ी मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

### जमीन विवाद में दंपति और बेटी को पीटा

**हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के मल्हौंवा गांव में जमीन के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने दंपति और विवाहिता बेटी को पीटा। मलौंहा गांव के भगवानदास कुशवाहा ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि जमीन के विवाद में कुछ लोगों ने उसके खेत के खंभे उखाड़ दिए। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी।

### युवक ने फोन पर की अभद्रता, जांच शुरू

**हमीरपुर।** क्षेत्र के निवादा गांव निवासी सपना पत्नी नीलू सिंह ने तहरीर देकर बताया कि उसका मोबाइल फोन खो गया था। फोन महोबा के भरत कुमार के पास है। आए दिन फोन पर अश्लील बातें कर रहा है और बातचीत का दबाव बनाने के लिए जान से मारने की धमकी दे रहा है।

# बीडा में होगा एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क

## मुख्यमंत्री ने की बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के प्रगति की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवगठित बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) क्षेत्र में एयरपोर्ट निर्माण के निर्देश दिए हैं। बीडा के समुचित विकास के लिए कनेक्टिविटी को और बेहतर करने पर बल देते हुए कहा है कि आगरा-ग्वालियर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का झांसी तक विस्तारीकरण किया जाना चाहिए। इसके लिए एनएचएआई से बात करें।

बुधवार को बीडा के विकास की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बीडा के कार्यों की अद्यतन प्रगति, भूमि अधिग्रहण की स्थिति, निर्माणाधीन

- बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को बीडा से जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेसवे बनाएं



परियोजनाओं तथा भावी औद्योगिक योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा की। योगी ने निर्देश दिए कि दिल्ली-चेन्नई की चतुर्थ रेलवे लाइन तथा बीडा क्षेत्र में रेलवे स्टेशन निर्मित करने की दिशा में भी कार्य किया जाए। उन्होंने दिल्ली-नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरीडोर का एक नोड बीडा में विकसित करने की जरूरत बताते हुए बीडा क्षेत्र में एक मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स पार्क के निर्माण के भी निर्देश दिए, साथ ही, यूपीडा को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को बीडा से जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए एलाइनमेंट की प्रक्रिया तेजी से पूरी करने भी निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीडा को प्रदेश के औद्योगिक विकास का नया ग्रोथ इंजन बनाते हुए इसे ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस और रोज़गार सृजन का आदर्श मॉडल बनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र की औद्योगिक प्रगति, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के दृष्टिकोण को सशक्त बनाएगी। मुख्यमंत्री ने बीडा प्रशासन को एयरपोर्ट निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आंतरिक सड़कों, सीवेज नेटवर्क, जल निकासी, स्टॉर्म वाटर प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट निस्तारण और पावर डिस्ट्रीब्यूशन से संबंधित कार्यों को मिशन मोड में आगे बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीडा, बुंदेलखंड के औद्योगिक पुनर्जागरण की आधारशिला बनेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि हर स्तर पर निवेशकों के लिए भरोसेमंद वातावरण तैयार किया जाए, जिससे क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार और उद्यमिता के अवसर प्राप्त हों।

## घोटाले की जांच को बरंडा गांव पहुंची टीम

**बिल्हौर।** बिल्हौर ब्लाक की कई ग्राम पंचायतों में घोटाले की जांच चल रही है। जांच के लपेटे अब बरण्डा पहुंच गई। बुधवार को टीम ने जांच पड़ताल की।

जांच कमेटी के सदस्य पिछड़ा समाज कल्याण अधिकारी वीरपाल सिंह ने बताया कि जांच अभी प्रथम चरण की हुई है अभी पूर्णता स्पष्ट भी नहीं है। कई काम देखना बाकी है जिससे स्पष्ट बाद में ही होगा कि घोटाला किन विकास कार्यों में किया गया है। वहीं शिकायतकर्ता ग्रामीणों ने खुली बैठक के दौरान ही हंगामा करते हुए ग्राम प्रधान और सचिव पर तमाम आरोप लगाए। कमेटी के दूसरे सदस्य अभियंता आरआईडी अनिल पांडे ने अपनी जगह अधीनस्थ कर्मचारी को भेज कर जांच करवाई थी। बरंडा पहुंची टीम ने यहां लोगों आदि से जानकारी जुटाई है साथ ही कई निर्माण कार्य भी देखे हैं।



लखनऊ में बैठक का शुभारंभ करते उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, साथ में विनय शुक्ला।

## चौबेपुर के विनय शुक्ला पुनः बने राइस मिलर्स एसो. के प्रदेश अध्यक्ष

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार ।** क्षेत्र के गौरी लक्खा गांव निवासी विनय शुक्ला पुनः उत्तर प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बन गए। इससे क्षेत्रवासियों में खुशी है।

उत्तर प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन की वार्षिक सभा बुधवार को लखनऊ में आयोजित हुई। इस दौरान सर्व सम्मति से एक बार पुनः विनय शुक्ला को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी गई। सभा में मुख्य अतिथि बृजेश पाठक व वित्त मंत्री सुरेश खन्ना को अध्यक्ष द्वारा राइस मिल संचालकों की समस्याएं बताई गईं। इस दौरान उन्होंने उपमुख्यमंत्री को बताया कि अधिकारी बिना पैसा लिए कोई काम नहीं करते, जिससे उद्यमियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके प्रदेश अध्यक्ष के भाई ब्लॉक प्रमुख चौबेपुर राजेश शुक्ला, सलिल दीक्षित समेत बड़ी संख्या में राइस मिल संचालक मौजूद रहे।

# चोरों ने मोबाइल शॉप को बनाया निशाना

संवाददाता, बिठूर

**अमृत विचार।** बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंधना बिठूर रोड स्थित मोबाइल शॉप को निशाना बना चोर लाखों रुपये के मोबाइल फोन व अन्य सामान समेत 40 हजार रुपये की नकदी पार कर ले गए।

बुधवार की सुबह जब राहगीरों ने दुकान का ताला टूटा देखा तो तुरंत दुकान मालिक को सूचना दी। जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे दुकान के मालिक अंकित दीक्षित ने दुकान के अंदर लगा दरवाजा टूटा पाया और सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। । जिसके बाद पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची बिठूर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गईं। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए चोरों की तलाश में पुलिस की टीमें जुट गईं हैं।




चोरी की जानकारी के बाद मौजूद भीड़। अमृत विचार

# राजनीतिक दल बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बुधवार को उप जिलाधिकारी कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एसडीएम ने की।

बैठक उपजिला अधिकारी संजीव दीक्षित और तहसीलदार अनुभव चंद्र की अगुवाई में हुई। इसमें भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी के साथ तमाम राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं और प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गई।

इसमें एसआईआर के बारे में जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि एसआईआर भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों को शुद्ध और पारदर्शी बनाने के लिए चलाया जाने वाला एक गहन, जमीनी-स्तर का अभियान है।




राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते एसडीएम। अमृत विचार

यह सामान्य वार्षिक पुनरीक्षण से अलग है क्योंकि यह एक विशेष और व्यापक प्रक्रिया है, जिसके तहत मतदाता सूची को लगभग नए सिरे से तैयार किया जाता है। इसमें बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर प्रगणन फॉर्म भरवाते हैं और मौजूदा मतदाताओं के विवरण का सत्यापन करते हैं। यह प्रक्रिया अत्यंत विस्तृत होती है और सभी पंजीकृत मतदाताओं से अपने विवरण की पुष्टि करने की अपेक्षा की जाती है। भारत के कई राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में इस गहन पुनरीक्षण का दूसरा चरण चल रहा है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूचियों को फरवरी 2026 तक अंतिम रूप देना है।

एसआईआर में मौजूदा मतदाताओं के विवरण की तुलना अक्सर पिछले गहन पुनरीक्षण (जो कई राज्यों में 2002-2005 के आसपास हुआ था) की मतदाता सूची से की जाती है। यदि कोई मतदाता खुद को या अपने माता-पिता/रिश्तेदारों को उस पुरानी सूची से नहीं जोड़ पाता है, तो उसे अपनी पात्रता स्थापित करने के लिए दस्तावेज जमा करने पड़ सकते हैं।

**बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति:** राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि वे तुरंत बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें। बीएलए निर्वाचन प्रक्रिया में पार्टी के प्रतिनिधि होते हैं जो बीएलओ के साथ मिलकर काम करते हैं। बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति से मतदाता सूची के दावों और आपत्तियों (दावा आपत्ति अवधि 9 दिसंबर 2025 से शुरू होने की संभावना है) के निपटारे और सत्यापन कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित होती है।

**सहयोग की अपील:** उप जिलाधिकारी ने सभी दलों से अपील की कि वे अपने बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए और कोई भी अपात्र मतदाता सूची में शामिल न हो सके।

## साइबर धोखाधड़ी के प्रति किया जागरूक

**बिल्हौर।** साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों के बीच, कानपुर नगर पुलिस कमिश्नरेट लगातार नागरिकों को जागरूक करने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में, थाना ककवन, कानपुर नगर की साइबर क्राइम टीम द्वारा एक महत्वपूर्ण साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस चौकी नदीहा बुजुर्ग, ग्राम नदीहा खुर्द और नदीहा धामू में केंद्रित रहा, जहां बड़ी संख्या में नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव और धोखाधड़ी होने की स्थिति में तुरंत कार्रवाई करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर क्राइम टीम ने नागरिकों को सबसे पहले साइबर धोखाधड़ी से संबंधित राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताया। कहा कि किसी अंजाने व्यक्ति से मोबाइल पर लेन-देन में सावधानी बरतें।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी की पीटकर हत्या

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार:** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के परछठ गांव में बुधवार को प्रेमिका की शादी से पहले अंतिम बार मिलने पहुंचे प्रेमी को रस्सी से हाथ-पैर बांधने के बाद लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। प्रेमी की हत्या से आहत प्रेमिका ने धारदार हथियार से अपना गला काट लिया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गांव में सनसनी फैली है।

बांदा जिले के पैलानी के रहने वाले कालीदीन का पुत्र रवि कुमार (30) बुधवार की शाम कोतवाली क्षेत्र के परछठ गांव अपनी प्रेमिका से अंतिम बार मिलने पहुंचा था, जहां प्रेमिका के परिजनों ने उसे देख लिया। इसके बाद लड़की के परिवार वालों ने उसे पकड़कर रस्सी से हाथ-पैर बांध दिया और लाठी डंडों से पिटाई शुरू कर दी। शोर शराबा सुनकर गांव के लोग भी वहां पहुंच गए। गांव वालों ने भी उसके साथ मारपीट की। रवि गंभीर रूप से घायल होकर बेसुध हो गया। कुछ समय बाद होश में आने पर वह पानी मांगता रहा, लेकिन किसी ने उसे पानी नहीं दिया। कुछ देर तड़पने के बाद रवि की मौत हो गई।

बताते हैं कि हत्या के आरोप से बचने के लिए प्रेमिका के चाचा पिंटू (35) ने खुद को चाकू मारकर कर घायल कर लिया। इस सनसनीखेज घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस गांव पहुंची और रवि के साथ पिंटू को कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने रवि को मृत घोषित कर दिया, जबकि पिंटू की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# गोपाष्टमी पर गायों की पूजा की

संवाददाता, बिठूर

**अमृत विचार।** ब्रह्मावर्त घाट पर बुधवार को गाय को गुड़ घास खिलाकर व आरती कर गोपाष्टमी मनाई गई। ब्रह्मावर्त नवजीवन सेवा समिति एवं विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने गंगा जी का पूजन दूध, फल, मिष्ठान और पुष्प अर्पित कर किया तथा गंगा माता की आरती उतारी। इसके बाद गौ माता को गुड़ व घास खिलाकर पूजन किया गया। पनकी धाम के महंत जितेंद्र दास जी ने गौ माता को राष्ट्रमाता बनाने की बात कही। समिति के सचिव आशुतोष द्विवेदी ने "हर-हर गाय, घर-घर गाय" का नारा दिया, जबकि विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने प्रत्येक घर में गौ माता का वास होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शिवदीन द्विवेदी, मनोजानंद महाराज, जया शुक्ला, बिंदु सिंह, महादेव बाबा सहित कई संत उपस्थित रहे।



घाटमपुर में गोपाष्टमी पर गायों को गुड़ खिलाते गो सेवक। अमृत विचार

**गो सेवकों ने गोवंशों को खिलाया गुड़: घाटमपुर।** नगर में स्थित पालिका के अन्तर्गत संचालित कान्हा गौशाला में बुधवार को कई गौ सेवकों व समाजसेवी व्यक्तियों ने गोवंशों की सेवा की। गोपाष्टमी के अवसर पर गौ सेवक राजेश अवस्थी व डब्लू शुक्ला के नेतृत्व में गौसेवकों ने गायों की सेवा की व उन्हें फल, हरी सब्जी, बिस्कुट इत्यादि खिलाया व कान्हा गौशाला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान गौ सेवकों ने गौशाला के गौवंशों को मिलने वाली सुविधाओं, साफ सफाई आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। इस दौरान जीतेन्द्र अवस्थी एडवोकेट (जीतू), शुभम शौर्य अग्निहोत्री, बबलू, कुमार गौरव आदि लोग उपस्थित रहे।

## मेला कमेटी के सदस्य को पीटा

**हमीरपुर।** करगवां गांव में आयोजित मेला के दौरान एक युवक ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर मेला समिति के सदस्य को जमकर पीटा। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी।

करगवां के जय हिंद अहिरवार ने बताया कि वह मेला कमेटी का सदस्य है। मंगलवार को मेला में एक युवक लापता हो गया। जिसके गुम होने पर अनाउंसमेंट कराया गया। जिससे नाराज गांव के एक युवक से विवाद हो गया। बताया कि रात करीब 11 बजे युवक उसे पंडाल से दूर ले गया और अपने चार साथियों के साथ मिलकर लाठी, डंडा और बेल्टों से बुरी तरह मारपीट कर उसे लहूलुहान कर दिया। बताया कि मारपीट से उसका हाथ टूट गया है। बताया कि चिल्लाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उसकी जेब में रखे 20 हजार रुपये भी गिर गये। इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रकरण की जांच कराई जा रही है।

# प्रभु श्रीकृष्ण की लीलाएं सुन श्रद्धालु भाव-विभोर

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार।** 24 अक्टूबर से पाठकपुर गांव में चल रही साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को आचार्य अनुराग नंद महाराज ने अद्भुत प्रसंगों का वर्णन किया। वहीं बुधवार की कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं व माखन चोरी लीला आदि कथाओं का वर्णन किया ।

महाराज ने महाभारत कालीन पावन प्रसंग का उल्लेख करते हुए महारानी कुन्ती के उस दिव्य वचन को प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने राम जन्म एवं भगवान श्रीकृष्ण जन्म की पावन कथा की याचना की थी। उनका भाव था कि विपत्ति में ही ईश्वर का स्मरण दृढ़ रहता है और मानव जीवन सदा भक्ति से ओत-प्रोत बना रहता है।



कथा सुनाते आचार्य अनुराग नंद महाराज।

कथा में आगे बढ़ते हुए महाराज ने अद्भुत कथा का वर्णन किया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर अपने हृदय को परम आनन्द से परिपूर्ण किया। ब्लाक प्रमुख शुभम वाजपेई ने व्यास पीठ का पूजन किया। अंत में प्रसाद वितरण हुआ। 1 नवंबर को एकादशी कथा एवं हवन पूर्णाहुति व 2 नवंबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

**कार्यशाला** — रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट और अमृत विचार के नारी कैंसर सुरक्षा अभियान के तहत पद्मावती सीनियर सेकेंड्री स्कूल, बीएल इंटरनेशनल स्कूल और फ्यूचर विश्वविद्यालय में कार्यक्रम

# स्तन में गांठ और नहीं दे रही दर्द तो हो सकता कैंसर : डॉ. प्रारब्ध सिंह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** महिला के स्तन में गांठ है लेकिन दर्द नहीं है और आकार बदल रहा है तो फौरन कैंसर विशेषज्ञ की सलाह अवश्य लें। ये कैंसर हो सकता है। समय पर इसकी जांच और इलाज से मरीज कैंसर को मात दे सकते हैं। कैंसर ही नहीं कोई भी बीमारी जब शरीर में पनपना आरंभ होती है तो शरीर में लक्षण आने लगते हैं, बस जरूरत है इन लक्षणों को समझकर डॉक्टर से फौरन सलाह लेने की। ऐसा करने से बीमारी को मात दी जा सकती है। ये सुझाव रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रारब्ध सिंह ने दिए। बताया कि स्तन कैंसर विकसित होने के पीछे कई वजहें होती हैं।

रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट और अमृत विचार के संयुक्त तत्वावधान में ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता माह के तहत तीन दिवसीय नारी कैंसर सुरक्षा अभियान के दूसरे दिन बुधवार को पद्मावती सीनियर सेकेंड्री स्कूल, बीएल इंटरनेशनल और फ्यूचर विश्वविद्यालय में छात्राओं को स्तन कैंसर की पहचान और इससे बचाव के प्रति जागरूक किया गया। पद्मावती सीनियर सेकेंड्री स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रारब्ध सिंह ने छात्राओं को बताया कि कैंसर खुद में कोई बीमारी नहीं बल्कि कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि है। जो शरीर के किसी भी अंग में, कभी भी और किसी भी उम्र हो सकती है। यह वृद्धि एक अंग से होती हुई शरीर के दूसरे भाग को भी प्रभावित कर सकती है। शरीर का न भरने वाला घाव, किसी अंग विशेष में लगातार दर्द, तेजी से बढ़ रही गांठ कैंसर की वजह हो सकती है। हां हर गांठ कैंसर नहीं होती। असंतुलित खानपान, जीवनशैली और प्रदूषण कैंसर के लिए जिम्मेदार होते हैं। इससे बचाव और जागरूकता कैंसर रोकने में कारगर है। इसके साथ ही अगर मासिक धर्म में कुछ परिवर्तन नजर आए तो फौरन डाक्टर से संपर्क करें। जैसे कि अगर 12 साल की उम्र से पहले ही मासिक धर्म शुरू हो जाए या 30 साल की आयु के बाद गर्भवती हों या 55 की उम्र के बाद मीनोपाज हो या फिर पीरियड्स का समय 26 दिनों से कम या 29 दिनों से ज्यादा का हो जाए तो सतर्क हो जाएं। इससे पहले स्कूल के चेयरमैन पारुष अरोरा ने डॉ. प्रारब्ध का स्वागत किया। इस दौरान स्कूल समन्वयक वैशाली गौरी गुप्ता समेत 50 से अधिक छात्राएं मौजूद रहीं।




पद्मावती सीनियर सेकेंड्री स्कूल में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. प्रारब्ध सिंह, चेयरमैन पारुष अरोरा और समन्वयक वैशाली गौरी गुप्ता। अमृत विचार



बीएल इंटरनेशनल स्कूल में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में जानकारी देतीं छात्राएं। साथ में अमृत विचार के सीओओ पार्थो कुनार और स्कूल के डायरेक्टर योगेश गुप्ता। अमृत विचार

- ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता माह के तहत चलाया जा रहा तीन दिवसीय अभियान
- विशेषज्ञ बोले, शरीर के किसी भी अंग में और किसी भी उम्र हो सकता कैंसर

### हर महिला सुपर वुमन, करें जागरूक

- डॉ. प्रारब्ध में कार्यक्रम का समापन करते हुए एक अनुभव साझा करते हुए बताया कि हर महिला सुपर वुमन है। जब कोई महिला कैंसर की चपेट में आती है तो पूरा परिवार बिखर जाता है, इसलिए हर महिला को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने को संकल्पित होने की आवश्यकता है। इससे स्वस्थ समाज का निर्माण होगा।

जानकारी के लिए संपर्क करें-
mail id : info@ rohilkhand cancerinstitute .com

## किसान समस्याओं पर की चर्चा

**घाटमपुर।** भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा की सोमवार को घाटमपुर में बैठक हुई। जिसमें किसानों के हितों में लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

भारतीय किसान मोर्चा के वरिष्ठ नेता संदीप बाजपेई ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा चलाई जा रही किसानों के हितों में विभिन्न प्रकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। बाजपेई ने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या अगर उत्पन्न होती हो तो वह सीधे संपर्क कर सकते है। कहा अब उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा किसानों का गन्ने का उचित मूल भी मिल रहा है। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के संदीप वाजपेई, मीडिया प्रभारी उमेश द्विवेदी, किसान मोर्चा भाजपा के वरिष्ठ नेता अखिलेश शुक्ला, रामस्वरूप सिंह, चौहान आदि मौजूद रहे।




अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


## शहर में आज

- **उदघाटन: गोष्ठी:** सपा कार्यालय नवीन मार्केट में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी दोपहर 03 :00 बजे।
- **कार्यशाला:** एएनडी महाविद्यालय हर्ष नगर में दो दिवसीय आत्मरक्षा की कार्यशाला, सुबह 11 बजे।
- **महोत्सव:** कानपुर गौशाला सोसाइटी द्वारा गोपाष्टमी महोत्सव, अन्नपूर्ण भोजनालय, एक्सप्रेस रोड सुबह 11 .30 बजे।

## सिटी ब्रीफ

### 703 बड़े बकायेदारों को नोटिस

**कानपुर।** नगर निगम गृहकर के बड़े बकाएदारों पर सख्ती बढ़ाता जा रहा है। बुधवार को जोन 1 के तहत 703 बड़े गृहकर बकायेदारों के खिलाफ कुर्की का नोटिस जारी कर दिया गया। इसमें आवासीय और व्यवसायिक दोनों तरह के गृहकर बकायेदार हैं। नगर निगम ने नोटिस जारी कर जल्द बकाया राशि को जमा करने के निर्देश दिए हैं, अन्यथा विभाग कुर्की की कार्रवाई शुरू कर देगा।

### जोधपुर से पटना विशेष ट्रेन अब 15 तक

**कानपुर।** त्योहारों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने जोधपुर से पटना वाया कानपुर संचालित हो रही विशेष ट्रेन को 15 नंवबर तक विस्तारित कर दिया है। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 04831 जोधपुर से पटना के लिए प्रत्येक शनिवार को रवाना होगी। इस गाड़ी को 1 नवंबर तक के लिए संचालित किया गया था लेकिन अब ये गाड़ी 15 नवंबर तक चलती रहेगी। गाड़ी संख्या 04832 पटना से जोधपुर के लिए प्रत्येक रविवार को चलती है, ये गाड़ी 2 नवंबर तक चलनी थी लेकिन इसे 16 नवंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया गया है।

### बैंकों से ऋण के लिए आवेदन करें

**कानपुर।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कानपुर नगर अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत ग्रामीण/शहरी क्षेत्र में जो अपना उद्योग ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित करना चाहतें हैं। उनको अधिकतम 10 .00 लाख तक का ऋण बैंकों के माध्यम से मुहैया कराया जायेगा।

### महापौर प्रमिला पांडेय ने वायु गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

# तीन दिन में हटेगा कूड़ा, अतिक्रमण हटाने में सहयोग दें शहरवासी भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दीपावली और छठ पूजा के बीच में गड़बड़ाई सफाई व्यवस्था को नगर निगम तीन दिनों में पटरी पर लाएगा। बुधवार को महापौर प्रमिला पांडेय ने अधिकारियों के साथ बैठक कर सड़कों पर जमा कूड़े को अभियान चलाकर हटाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही महापौर ने फुटपाथों और सड़कों पर अतिक्रमण को लेकर शहरवासियों का साथ भी मांगा। महापौर ने शहरवासियों से कहा कि जितना शहर मेरा है उतना ही आपका इसलिए अतिक्रमण करने से बचें। नगर आयुक्त से कहा कि आप इस संबंध में पुलिस आयुक्त से मिलें ताकि अतिक्रमण हटाने के बाद दोबारा लगने से बचाया जा सके।

नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में महापौर प्रमिला पाण्डेय एवं नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय की संयुक्त अध्यक्षता में वायु गुणवत्ता सुधार एवं अतिक्रमण के सम्बन्ध में बैठक हुई। महापौर प्रमिला पांडेय ने जमा कूड़े के सम्बन्ध में पूछा तो नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि दीपावली तक सभी स्थानों से कूड़ा उठान हुआ था, लेकिन दीपावली के बाद छठ पूजा के कारण कई स्थानों पर कूड़ा उठान समय से नहीं हो पाया। इसलिये रबिश विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के वाहनों के समस्त वाहनों के साथ दिनांक 30 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक लगातार 3 दिन तक अभियान चलाकर सभी स्थानों से कूड़ा उठाया जायेगा। इण्डस्ट्रियल एरिया में प्रदूषण एवं खुले में कूड़ा जलाये जाने के सम्बन्ध में पूछे जाने पर अमित सिंह ने बताया कि नगर निगम को इसपर कार्रवाई करने का अधिकारी नहीं है। महापौर ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी को पत्र लिखें। उन्होंने जेडएसओ को निर्देशित किया है कि कूड़ा जलाते हुए पाये जाने पर जुर्माने की कार्यवाही करायें। यदि सफाई कर्मचारी द्वारा कूड़ा जलाया जाता है, तो उसके विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करें। महापौर ने निर्देश दिया कि यदि क्षेत्र में कूड़ा जलते पाया गया कि सम्बन्धित जेडएसओ के विरूद्ध कार्यवाही करूंगी। महापौर ने नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय से कहा कि सड़कों, फुटपाथों पर अतिक्रमण के सम्बन्ध में पुलिस आयुक्त से वार्ता कर जोन वाइज पुलिस टीम के साथ अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की जाये। जहां से अतिक्रमण हटाया जाये वहां पहले एवं बाद की फोटो मुख्यमंत्री, पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी को भेजी जाए।



नगर निगम में बैठक करतीं महापौर और साथ में अधिकारी। अमृत विचार

### प्रदूषण रोकने को करें छिड़काव

- महापौर ने कहा कि पानी छिड़काव वाली मशीनों को क्षेत्रों में भेजा जाये, ताकि प्रदूषण पर रोकथाम हो सके। प्रदूषण एवं मलबा के सम्बन्ध में मुख्य अभियन्ता सिविल सैय्यद फरीद अख्तर जैदी ने बताया कि सभी जोनल अभियन्ताओं को सभी प्रकार के सरकारी, निजी निर्माण कार्यो, फ्लैट इत्यादि का मलबा हटाये जाने, खुदाई के निरीक्षण के लिए आज ही निर्देशित कर रहे हैं। प्रभारी अधिकारी उद्यान दिवाकर भास्कर ने बताया कि इस वर्ष मियावाकी पद्धति से कुल एक लाख 5 हजार पौधे लगाये गये थे सभी पौधे जीवित हैं।

### वेन्टोलाइट मेटेरियल से जाम हो रहे सीवर

- परमपुरवा, गोविन्द नगर क्षेत्रों मे मेट्रो के कारण सीवर भराव के सम्बन्ध में पूछे जाने पर मुख्य अभियन्ता ने बताया कि मेट्रो द्वारा वेन्टोलाइट मेटेरियल का उपयोग किया जाता है जो मिट्टी को पत्थर जैसा ठोस बना देता है, वही मेटेरियल सीवर लाइनों में भर गया है, जिससे सीवर जाम की समस्या बनी रहती है। महापौर ने प्रभारी अधिकारी विज्ञापन विजय को निर्देशित किया कि शहर की हर सड़क, गली अवैध विज्ञापनों से पट गयी है, इसे तत्काल हटाये जाने की कार्यवाही करायें। सबसे पहले जिसमें मेरी फोटो लगी हो, उन विज्ञापनों को हटायें। महापौर ने अम्बा नर्सिंग होम सिविल लाइंस के पास होने वाले सीवर भराव के निस्तारण की जानकारी मांगी तो महाप्रबन्धक आनन्द कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जल निगम द्वारा 4-5 बार टेण्डर कराया जा चुका है, किन्तु कोई निविदा नही आ रही है। महापौर ने कहा निविदा नहीं आ रही है तो विभागीय स्तर पर कार्य कराया जाये। बैठक में अपर नगर आयुक्त मो. अवेश, जगदीश यादव, मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनमोहन आर्या, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय संख्वार समेत अन्य अधिकारी रहे।

## कूटरचित दस्तावेजों से फर्जी फर्म बनाने का आरोप

**कानपुर।** पुलिस कमिश्नर के आदेश पर चकेरी में युवक ने उसकी फर्म के नाम का प्रयोग कर फर्जी फर्म बनाने का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांधीग्राम निवासी अनुज कुमार जैन के अनुसार उसकी फर्म के नाम पर किसी ने फर्म बना ली है। इतना ही नहीं जीएसटी नंबर भी ले लिया। बीती 13 अगस्त को जीएसटी सेंट्रल एक्साइज से उनके पास नोटिस आया, तब पता चला। दस्तावेज दिखाने पर पता चला कि वर्ष 2023 में फर्म को कूटरचित दस्तावेजों का उपयोग कर बनवाया गया था। पीड़ित ने चकेरी पुलिस से शिकायत की, कार्रवाई न होने पर पुलिस कमिश्नर से गुहार लगाई। तब जाकर चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि जांच के आधार पर कार्रवाई होगी।

## सीएनजी फिटिंग सेंटर में चोरी

**कानपुर।** फजलगंज में चोर सीएनजी फिटिंग सेंटर का ताला तोड़कर करीब 1.50 लाख कीमत का सामान चोरी कर ले गए। व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर चोरों की तलाश शुरू की है। पांडुनगर निवासी प्रेमराज की फजलगंज में प्रेमजी मोटर्स के नाम से सीएनजी फिटिंग सेंटर है। उन्होंने बताया कि बीती 18 अक्टूबर की रात को चोर दुकान की टिनशेड तोड़कर अंदर घुसे थे और दुकान से सीएनजी किट और लोहे का सामान समेत करीब 1.50 लाख का माल चोरी कर ले गए।

# 5वीं के छात्र का अपहरण वैन से कूदकर भागा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कुनाल। अमृत विचार

- **लोकेशन पूछने के बहाने अपहर्ताओं ने नशीला पदार्थ सुंघाकर किया अगवा**
- **साकेतनगर में वैन रुकी देख होश में आया बालक किसी तरह कूदकर भागा**

**अमृत विचार।** किदवईनगर में स्कूल से पैदल घर जा रहे पांचवीं के छात्र को वैन सवार अपहर्ताओं ने अगवा कर लिया। लोकेशन पूछने के बहाने वैन रोकी और बालक का नशीला पदार्थ सुंघाकर वैन में डाल लिया। साकेतनगर पहुंचने पर सामान खरीदने के लिए वैन रोकी, तभी होश में आया बालक चुपके से दरवाजा खोलकर भाग निकला। भागकर सीधा एक परचून दुकान में पहुंचा। दुकानदार को घटना बताकर परिजनों को खबर दी। दुकानदार ने ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने छात्र से पूछताछ कर वैन सवार दोनों अपहर्ताओं की तलाश में जुटी है।

गोविंदनगर के डीबीएस कालेज कच्ची बस्ती निवासी जितेंद्र सिंह ट्रक चालक हैं। परिवार में पत्नी उर्मिला देवी, बड़ी बेटी आंचल व 12 वर्षीय बेटा कुनाल है। बेटा निरालानगर स्थित चिल्ड्रेंस पैराडाइज स्कूल में पांचवीं का छात्र है। बुधवार दोपहर एक बजे छुट्टी के बाद कुनाल पैदल घर जा रहा था। उसने बताया कि दीप टाकीज के पास वैन सवार दो लोग पहले से खड़े थे। एक ने उसे आवाज देकर बुलाया और लोकेशन पूछी। उसने जानकारी होने से मना किया, इसी बीच दूसरे ने उसे रुमाल सुंघा दिया। जिससे वह बेहोश हो गया। होश आया तो वह चौधरी दुग्ध डेयरी के पास था। दोनों अपहर्ता वैन खड़ी कर कुछ सामान खरीदने उतरे थे। इसी का फायदा उठाकर उसने भागने की सोची। चुपके से वैन का दरवाजा खोला और गली की ओर भाग निकला। भागते हुए निरालानगर राम जानकी मंदिर के पास पहुंचा। हांफते हुए समीप ही एक परचून की दुकान में पहुंचा। दुकानदार अमित सिंह सेंगर को पूरी घटना की जानकारी देकर अपने परिजनों को बताने को कहा। दुकानदार ने परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी और दुकान पर बुलाया। इसी बीच पुलिस को भी जानकारी दी। किदवईनगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि पूछताछ के बाद छात्र के बताए रूट के आधार पर सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। हालांकि वैन के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। छात्र के बताए समय पर केवल एक वैन ही नजर आई है। जो बच्चों को छोड़ने जा रही थी। उसके चालक से पूछताछ की है। आसपास लगे कैमरों को देखा जा रहा है। वैन और उसके चालक के बारे में पता किया जा रहा है।

# सिपाही ने किए अश्लील कमेंट तो युवती ने पीटा-कॉलर पकड़ घसीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोल चौराहा पर बुधवार दोपहर युवती व उसकी मां ने अचानक एक पुलिसकर्मी को पीटना शुरू किया तो देखकर राहगीर हैरान रह गए। लोग रुककर देखने लगे। माजरा समझने का प्रयास किया और मोबाइल पर पिटाई का वीडियो बनाने लगे। पता चला कि पुलिसकर्मी ने युवती से छेड़खानी की है। इसका वीडियो भी वायरल हो गया। खबर पाकर काकादेव पुलिस आरोपी सिपाही को थाने ले गई। पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

हैलट नहरिया के पास रहने वाले पिता ने बताया कि उनकी शादीशुदा बेटी कल्याणपुर में एक डॉक्टर के घर में खाना बनाती है। बुधवार दोपहर वह डॉक्टर के यहां से घर लौट रही थी। उसे स्टांप की जरूरत थी, इसलिए गोल चौराहा पर वाहन से उतर गई। आरोप है कि इसी बीच गोल चौराहा के पास पीआरवी 4731 में तैनात सिपाही बृजेश सिंह ने बेटी से अश्लील कमेंट किया। सिपाही ने राह चलते बेटी का हाथ पकड़कर उसे रोक लिया। सिपाही ने बेटी से उसका मोबाइल नंबर मांगा। इस पर बेटी सिपाही से अपना हाथ छुड़ाकर घर पहुंची और आपबीती बताई। परिजन मौके पर पहुंचे तो सिपाही भागने का प्रयास करने लगा। इसपर पीड़िता ने सिपाही को दौड़ाकर पकड़ा और पीटना शुरू कर दिया। लोगों ने मोबाइल पर वीडियो बनाना शुरू कर दिया। युवती सिपाही का कॉलर पकड़कर उसे खींचकर थाने ले जाने लगी। परिजनों ने हंगामा भी किया। सूचना पर पहुंची काकादेव पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर किसी तरह शांत कराया और आरोपी सिपाही को थाने ले गए। एसीपी स्वरूपनगर सुमित सुधाकर रामटेके ने बताया कि काकादेव थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई है। सिपाही को निलंबित कर विभागीय जांच की जा रही है। आरोप साबित होने पर सिपाही के खिलाफ विधिक कार्रवाई होगी।



सिपाही बृजेश

- **सिपाही के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज निलंबित किया गया**

## शातिरों ने आठ बार में खाते से पार किए 4.60 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी में साइबर शातिरों ने आठ बार में महिला के खाते से 4.60 लाख रुपये पार कर दिए। जब महिला को खाते से रुपये निकलने की जानकारी हुई तो तुरंत साइबर सेल में शिकायत की। समय रहते पता चलने पर साइबर सेल ने खाता होल्ड कर दिया और 2.36 लाख रुपये फ्रीज किए।

गांधीग्राम की रहने वाली नेहा अग्निहोत्री के अनुसार उनका स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की कृष्णानगर में अकाउंट है। महिला ने बताया कि बीती 26 जुलाई से एक अगस्त तक करीब आठ बार में उनके खाते से 4.60 लाख रुपये साइबर ठगों ने पार कर दिए। इस बीच उन्हें इसकी जानकारी नहीं हुई। जब उन्होंने दो अगस्त को खाता चेक किया तो पैसे गायब देखकर वह हैरान रह गईं। खाते से पैसे गायब होने की सूचना उन्होंने तत्काल पति विष्णु आधार त्रिपाठी को दी। उन्होंने तुरंत साइबर सेल में मामले की शिकायत की। साथ ही एसबीआई शाखा प्रबंधक को प्रार्थना पत्र देकर ऑनलाइन लेनदेन बंद करा दिया था। ठगी की जानकारी होने पर साइबर पुलिस ने खाता होल्ड कर 2.36 लाख रुपये फ्रीज कर दिए। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि महिला की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की गई। आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से ठगों की तलाश की जा रही है।

# सीएम ग्रिड की सड़क में भी घटिया कार्य, 3 लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **थाना स्वरूप नगर से मटका तिराहा होते हुए ग्वालिन चौराहा तक हो रहा निर्माण कार्य**
- **पाइप लाइन के नीचे मानक विपरीत बनाया था बेस, अवर अभियन्ता ने पकड़ी खामी**

**अमृत विचार।** सीएम ग्रिड योजना के तहत बनाई गईं सड़कों के निर्माण में ठेकेदार कंपनियां लापरवाही बरत रही हैं। स्वरूप नगर से मटका तिराहा होते हुए ग्वालिन चौराहा तक हो रहे निर्माण कार्य में अवर अभियंता ने बड़ी खामी पकड़ी है। यहां ठेकेदार कंपनी पाइप लाइन के नीचे मानक विपरीत बेस बनाकर कार्य कर रही थी। जिसपर अवर अभियंता ने कंपनी को नोटिस देते हुए 3 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया। साथ ही मानक और अनुबंध के तहत कार्य करने के निर्देश दिए।

थाना स्वरूप नगर से मटका तिराहा होते हुए ग्वालिन चौराहा तक का निर्माण कार्य 'सीएम ग्रिड योजना' के तहत किया जा रहा है। यहां 1.50 किलोमीटर लंबी सड़क को 18.31 करोड़ रुपये की लागत से बेहतर बनाया जाना है। यह कार्य मेसर्स एसएस इन्फाजोन प्रालि. कर रही है। नगर निगम सीएम ग्रिड के अवर अभियंता सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि 15 महीनों के अन्दर कार्य पूरा करना है। अवर अभियन्ता ने जब स्थल निरीक्षण किया तो साइट पर पाइप लाइन के नीचे 1:4:8 बेस कंक्रीट का प्रयोग होता नहीं पाया गया।

ठेकेदार कंपनी इसके स्थान पर जीएसबी का बेस बनाकर कार्य कर रही थी। जो कि मानक के विपरीत है। इस सबंध में में पहले भी कंपनी को नोटिस दी गई थी। लेकिन अनुपालन नहीं किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि कंपनी ने साइट पर कोई लैब भी नहीं बनाई गई। जिस कारण सामग्री की गुणवत्ता की जांच नहीं हो पा रही है। बताया कि साइट पर समुचित बैरीकेटिंग की व्यवस्था भी नहीं की गई। यह सारी चीजें आपत्तिजनक हैं। निरीक्षण के समय कोई भी स्टाफ नहीं मिला। इसपर नगर निगम ने 3 लाख रुपये का नोटिस दिया है और कार्य नियमानुसार पूरा करने के निर्देश दिए।

हेल्थ अलर्ट

### वायरल ग्रस्त व्यक्ति से परिवार के अन्य सदस्य हो सकते संक्रमित, लोगों को एक सप्ताह या 10 दिनों तक समस्या हो रही

# शहर में सक्रिय एडिनो वायरस, लोग हो रहे बीमार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में इन दिनों एडिनो वायरस सक्रिय है, जिसकी गिरफ्त में आकर लोग बीमार हो रहे हैं। इसके लक्षण वायरल और मौसम में हो रहे बदलाव के कारण बीमार हो रहे लोगों से काफी मिलते-जुलते हैं। ऐसे में काफी सचेत रहने की जरूरत है। इसकी गिरफ्त में आने की वजह से लोगों को एक सप्ताह या 10 दिनों तक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसकी गिरफ्त में वह लोग अधिक आ रहे हैं, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल की मेडिसिन विभाग की ओपीडी में इन दिनों खांसी, जुकाम, तेज बुखार, सिर में तेज दर्द, हाथ व पैरों में कमजोरी व दर्द और थकान समेत आदि समस्या से ग्रस्त मरीज अधिक पहुंच रहे हैं, जिनमे बुजुर्ग व अधेड़ वर्ग के साथ ही युवा वर्ग भी शामिल है। बच्चों को भी मौसम में हो रहे बदलाव की वजह से समस्या हो रही है। इन के सब के बीच में मौसम में हुए बदलाव के कारण एडिनो वायरस सक्रिय हो गया है, जिसकी गिरफ्त में आकर न सिर्फ परिवार का एक व्यक्ति, बल्कि उस संक्रमित व्यक्ति के कारण पूरा परिवार वायरल की चपेट में आ रहा हैं, जिसके केस हैलट अस्पताल में देखे गए हैं। मेडिसिन विभाग में प्रोफेसर डॉ.एमपी सिंह ने बताया कि एडिनो वायरस शरीर में कई तरह के संक्रमण पैदा कर सकता है, जिनमें सामान्य सर्दी, ब्रोंकाइटिस, निमोनिया और दस्त शामिल हैं। ये वायरस अत्यधिक संक्रामक होते हैं और मुख्य रूप से सांस के जरिये, संपर्क से और दूषित सतहों से व्यक्ति में फैलते हैं। कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में यह वायरस जल्दी गिरफ्त में लेता है। ऐसे में बचाव करना और स्वच्छता रखना बेहद जरूरी है। ऐसे में बीमार लोग और बुजुर्गों को काफी सावधानी बरतने की जरूरत हैं। बताया कि ज्यादातर मामलों में एडिनो वायरस से होने वाली बीमारी हल्की होती है, लेकिन कुछ मामलों में यह गंभीर हो सकती है।



हैलट अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### एडिनो वायरस के मुख्य लक्षण

- गले में खराश
- बुखार
- खांसी
- ब्रोंकाइटिस
- दस्त, उल्टी, पेट दर्द
- मूत्राशय में संक्रमण

### ऐसे करें बचाव

- नियमित रूप से हाथ धोएं।
- खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को ढकें।
- यदि आप बीमार हैं तो कोशिश करें कि घर पर ही रहें
- लोगों के संपर्क में आने से बचें।
- भीड़ वाली जगहों पर जाने से बचें।
- पोषक व पौष्टिक चीजों का सेवन करें।

# शहर के 43 डाकघरों में आधार सेवा केंद्र बने, संशोधन करा सकते लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **इन डाकघरों पर स्थापित केंद्रों पर नए आधार कार्ड भी बनवाएं**
- **कई विद्यालयों, सार्वजनिक स्थानों पर भी कैंप लग रहे हैं संपर्क करें**

**अमृत विचार।** कानपुर महानगर के 43 डाकघरों में आधार सेवा केंद्र स्थापित किया गया है। आधार कार्ड में किसी भी प्रकार का संशोधन यहां कराया जा सकता है। यदि किसी के पास आधार कार्ड नहीं है तो वह नया आधार कार्ड भी बनवा सकता है।

कानपुर मंडल के प्रवर अधीक्षक डाकघर एमके श्रीवास्तव ने कहा कि यदि किसी के आधार कार्ड में नाम गलत है, जन्मतिथि गलत है, मोबाइल नंबर या कोई अन्य संशोधन होना है तो डाकघर के कार्य अवधि में अपने नजदीकी डाकघर पर जाकर अपना आधार कार्ड ठीक करा सकता है। महानगर मंडल के 3 आधार केंद्रों (18 वर्ष तक एवं 18 वर्ष से अधिक आयु के नवीन पंजीकरण के लिए) नवाबगंज प्रधान डाकघर, कानपुर कैंट प्रधान डाकघर, एनएच रोड उप डाकघर में संपर्क कर सकते हैं।

**31 अक्टूबर तक कैंप लगा रहेगा:** केंद्रीय विद्यालय रक्षा विहार, श्याम नगर में 29 अक्टूबर से कैंप चल रहा है जो 31 अक्टूबर में लगा रहेगा जबकि प्रधान कार्यालय भारतीय आजाद मंच मकान नंबर 16, कृष्ण विहार, गल्लामंडी निकट समाधी पुलिया नौबस्ता में 3 नवंबर से 13 नवंबर तक कैंप लगेगा। इसी प्रकार विभिन्न विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर आधार कार्ड कैंप का आयोजन किया जाएगा।

### इन डाकघरों में संपर्क करें

- उप डाकघर अनवरगंज, अर्मापुर, आर्य नगर, बर्रा, बपिधनू, चकेरी एडी, जरीब चौकी, कॉटन मिल, एल्गिन मिल, गोविंदनगर, गोविंद नगर वेस्ट, हरजिंदर नगर, एचएनएस नगर, आईआईटी, इंडस्ट्रियल एस्टेट,जूही कालोनी, कानपुर कैंट, कानपुर यूनिवर्सिटी, कौशलपुरी, किदवई नगर, मंधना, मुंशीपुरवा, एनसी लाइन, नेपियर रोड, नरोना एक्सचेंज, नरवल, नवीन नगर, नवाबगंज, एनएच रोड, एनएचआई, पनकी, रतनलाल नगर, रावतपुर, आरके नगर, सचेंडी, सरसौल सर्वोदय नगर, शिवांस टेनरी, सीसामऊ, टीपी नगर, उद्योग नगर, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, बड़ा चौराहा शामिल हैं।


www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## सिटी ब्रीफ

### नाबालिग को बहलाकर ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

**कानपुर।** महाराजपुर के हाथीपुर निवासी युवक परिवार समेत अहिरवां के राजा मार्केट में किराए पर रहता है। आरोप है कि 26 अक्टूबर की रात उसकी 14 वर्षीय बहन को जाजमऊ का रहने वाला इरफान बहलाकर ले गया था। पीड़ित ने चकेरी थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि आपरेशन त्रिनेत्र की मदद से आरोपी इरफान को मंगलवार देर शाम रामादेवी बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश का जेल भेजा गया है।



### गाली-गलौज के विरोध पर पीटकर घायल किया

**कानपुर।** गोविंदनगर में गाली-गलौज का विरोध करना युवक को भारी पड़ा। मोहल्ले में रहने वाले ने उसे लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। रामआसरे नगर निवासी शुभम ने बताया कि 20 अक्टूबर की रात उसका भाई रवि घर के पास खड़ा था, तभी गोविंदा, चापड़ उर्फ विशाल, धीरज, दिलीप व तीन अन्य लोग आए और गाली-गलौज करने लगे। भाई ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों से पीटा। शोर मचाने पर परिजन घर से निकले तो आरोप जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। गोविंदनगर थाना प्रभारी रिकेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### 1270 अवैध विज्ञापनों को हटाया गया

**कानपुर।** बुधवार को नगर निगम सीमान्तर्गत के समस्त जोनों में अवैध एवं अनाधिकृत रूप से लगे विज्ञापन-पटों को हटाया गया। इस दौरान 850 क्यास्क, 170 बिल बोर्ड व 250 रोड क्रास बैनर समेत कुल 1270 अवैध विज्ञापन-पटों को हटाया गया। शहर में इन दिनों त्योहारों के अवसर पर अवैध होर्डिंग, बैनर और पोस्टरों की बाढ़ आ गई है। खासतौर पर दीपावली और छठ पूजा पर नेताओं, दावेदारों, पार्षदों, समाजसेवियों की होर्डिंगों से शहर पटा पड़ा है।

## छठ की वापसी में ट्रेनों के एसी कोचों तक कब्जा





**कानपुर।** छठ पर्व के बाद अपने काम पर वापस जा रहे लाखों यात्रियों को संभालना रेलवे पुलिस के लिए मुश्किल हो रहा है। एसी कोचों तक यात्री कब्जा किये हैं। जिन्हें किसी तरह पुचकार करके दूसरे डिब्बों में भेजने की मशक्कत चल रही है। बुधवार को उत्तर मध्य जोन प्रयागराज मंडल के मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल कानपुर सेंट्रल स्टेशन पहुंचे। उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह समेत अन्य अधिकारियों के साथ स्टेशन पर ट्रेनों एवं स्टेशन की व्यवस्था देखी। नीलांचल एक्सप्रेस, जनसाधारण एक्सप्रेस, गोरखपुर लोकमान्य टर्मिनस एक्सप्रेस, कुशी नगर एक्सप्रेस, मगध एक्सप्रेस समेत दर्जनों ट्रेनों के प्रसाधन भी यात्रियों से फुल रहे। देर रात तक सेंट्रल स्टेशन पर आने वाली ट्रेनों से आरक्षित कोच में कब्जा किये यात्रियों को उतारने में जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह की टीम जूझती रही। जीआरपी प्रभारी गोविंदपुरी स्टेशन भी टीम के साथ पहुंचे और वहां भी यात्रियों की व्यवस्था देखी। **अमृत विचार**

## दोस्त को मार डाला था छोटा पैग बनाने पर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कलक्टरगंज में तांगा चालक की हत्या में पुलिस ने दो आरोपियों को जेल भेजा है। आरोपी व दोस्त तांगा चालक के बीच गिलास में कम शराब डालने को लेकर विवाद हुआ था। आरोपियों ने सिर पर ईंट से वारकर उसकी हत्या की थी। पुलिस के अनुसार करीब 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद आरोपी गिरफ्त में आए।

कुलीबाजार में रहने वाले 56 वर्षीय तांगा चालक सरफराज उर्फ अन्नू का शव बीते शनिवार को सीपीसी कालोनी के पीछे झाड़ियों में मिला था। पुलिस के अनुसार जांच में पता चला कि सरफराज दीपावली की रात को घर से निकला था। जिसके बाद नहीं लौटा। दूसरे दिन उसके बड़े भाई रियाज ने दो बार कॉल किया, लेकिन किसी ने काट दिया था और मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। शनिवार को शव मिलने पर उनके भांजे उमर ने कल्लन और मोइद पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

एसीपी कलक्टरगंज आशुतोष सिंह ने बताया कि शराब पीने के दौरान आरोपियों के बीच गिलास में कम शराब होने को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद सरफराज की ईंट मारकर हत्या की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी कल्लन व मोइद सरफराज के साथ मिलकर शराब पीते थे। दीपावली पर भी शराब पी रहे थे। तभी गिलास में कम शराब होने पर विवाद हुआ और आरोपी ने उसकी हत्या कर दी।

# पेयजल और स्वच्छता सुधार को 154 करोड़

### शासन से प्रदेश के 5 बड़े शहरों में कानपुर को सबसे ज्यादा पैसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अरबन ड्रिंकिंग वाटर, सैनीटेशन, और एसडब्ल्यूएम के कार्यों में पैसा होगा खर्च



**अमृत विचार।** शहर में पेयजल व्यवस्था सुधारने, स्वच्छता और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) से संबंधित कार्यों के लिए शासन की ओर से 154 करोड़ रुपये की धनराशि मिली है। प्रदेश के 5 बड़े शहरों में सबसे ज्यादा धनराशि कानपुर नगर को दी गई है। इससे शहर में कूड़े का निस्तारण करने में मदद मिलेगी, साथ ही शहरवासियों को शुद्ध पेयजल देने के लिए भी योजना का क्रियान्वयन हो सकेगा। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत ठोस कचरे को सुरक्षित तरीके से निपटान में भी इन धनराशि का उपयोग होगा।

15 वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के तहत प्रदेश के 10 लाख से अधिक आबादी (मिलियन प्लस सिटीज) वाले 8 शहर के लिए करीब 531 करोड़ 16 लाख छियालिस हजार रुपये चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें से कानपुर नगर को 154 करोड़ 14 लाख रुपये दिए गए हैं। इससे पहले भी शासन को की ओर से इस मद में धन का आवंटन किया जाता रहा है। शहर में पीने के पानी से जुड़ी कई योजना चल रही हैं।

वहीं, कई स्थानों पर पीने के पानी के लिए नई लाइनों को डालने व अन्य संसाधन बनाने की जरूरत है। शासन की ओर से मिले बजट से यह योजना पूरी की जा सकती हैं। इसी तरह सैनीटेशन (स्वच्छता) के लिए भी संसाधनों की आवश्यकता है। बजट के उपयोग से कूड़े का उठान, कचरे को अलग-अलग करना, रीसाइक्लिंग, भवसिंह पनकी प्लांट में एकत्र कूड़े का सही निस्तारण हो सकता है। ठोस कचरे को सुरक्षित तरीके से निपटान के लिए भी नगर निगम की ओर से प्लांट लगाया गया है, बजट मिलने से यह कार्य तेजी से हो सकेंगे।

**टेंडर कराने के निर्देश**

- नगरीय निकाय निदेशक अनुज कुमार झा की ओर से कानपुर मंडलायुक्त, जिलाधिकारी और नगर आयुक्त को पत्र भेजकर जानकारी दी गई है। जिसमें जरूरी कार्यों के टेंडर कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कहा गया है कि अनुदान की गई धनराशि का उपयोग निर्धारित स्कीम में ही खर्च करना होगा। इसके लिए कार्यों की उपयोगिता का प्रमाण पत्र भी भेजना होगा। नियमों के विपरीत धनराशि का खर्च करने पर इसे वित्तीय अनियमितता माना जायेगा। जिसके लिए नगर आयुक्त व अधिशाषी अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

## छात्र पर चापड़ से हमले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस ने न्यायालय परिसर के बाहर पकड़ा, हथियार बरामदगी के प्रयास
- मेडिकल स्टोर संचालक समेत तीन आरोपी पहले ही भेजे जा चुके हैं जेल



आरोपी प्रिंसराज।

**अमृत विचार।** रावतपुर में एलएलबी छात्र पर चापड़ से हमले में चौथे आरोपी प्रिंस राज श्रीवास्तव को बुधवार पुलिस ने न्यायालय परिसर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी हमले के बाद से फरार चल रहा था। मामले में मेडिकल स्टोर संचालक समेत तीन आरोपी पहले ही जेल जा चुके हैं। वहीं, घायल छात्र अभिजीत सिंह की हालत अभी भी गंभीर बनी है।

केशवपुरम निवासी एलएलबी छात्र अभिजीत सिंह बीते शनिवार रात दवा लेने विनायकपुर स्थित मां मेडिकल स्टोर गया था। दवा में डिस्काउंट को लेकर स्टोर संचालक अमर सिंह से उसका विवाद हुआ। कहासुनी के बाद मामला बढ़ने पर अमर सिंह, उसका भाई विजय सिंह, प्रिंस राज श्रीवास्तव और निखिल तिवारी ने मिलकर छात्र को जमकर पीटा। तभी आरोपियों ने उसपर चापड़ से भी हमला किया। जान बचाने के लिए अभिजीत भागा और कुछ कदम की दूरी पर सिंचाई विभाग की कालोनी की बाउंड्री फांदकर अंदर कूद गया। लेकिन तभी उसका पीछा कर रहे आरोपी भी वहां पहुंच गए। आरोप है कि आरोपियों ने छात्र के सिर और पेट पर चापड़ से कई वार किए। जिससे वह गंभीर घायल होकर बेहोश हो गया। हालांकि मामले में पुलिस एकतरफा कार्रवाई की और पीड़ित के खिलाफ ही रिपोर्ट दर्ज कर दी।

मामले ने तूल पकड़ा तो पुलिस अधिकारियों ने जांच की जब मामला सामने आया। इस पर अगले दिन छात्र के मामा चंदन सिंह की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। जांच के दौरान पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक अमर सिंह, उसके भाई विजय सिंह और निखिल तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। चौथा आरोपी प्रिंस राज श्रीवास्तव फरार था, जिसे बुधवार को रावतपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूरे प्रकरण में लापरवाही बरतने पर गुरुदेव चौकी इंचार्ज सचिन भाटी को मंगलवार देर रात निलंबित कर दिया गया था। एडीसीपी पश्चिम कपिल देव सिंह ने बताया कि आरोपी प्रिंस राज से पूछताछ की जा रही है। जिसके बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस अब घटना में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी और अन्य साक्ष्यों की जांच में जुटी है।

## तेल चोरी के अड्डे पर पुलिस का छापा



जांच करती पुलिस टीम।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी में बीते कई सालों से चल रहे अवैध तेल चोरी के कारोबार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर कई लीटर चोरी का डीजल व पेट्रोल बरामद कर पांच लोगों को मौके से धर दबोचा। स्थानीय पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। एसीपी क्राइम ने थाना पुलिस को फोन कर बुलाया तो पुलिस के पसीने आ गए।

पनकी थाना क्षेत्र के शाहपुर इलाके में इंडियन ऑयल के बगल वाली गली में पनकी पुलिस की नाक के नीचे काफी समय से तेल बाड़े का संचालन की जानकारी एसीपी क्राइम सुमित रामटेके को मिल रही थी। बुधवार को एसीपी ने पहले मुखबिर तंत्र के माध्यम से मौके की भौगोलिक स्थिति को समझा। उसके कुछ घंटों बाद ही पनकी पुलिस को बिना जानकारी दिए अपनी टीम के साथ घेराबंदी कर छापेमारी की तो पाया गया कि टैंकर से तेल चोरी किया जा रहा था। टीम ने सभी को मौके पर ही दबोच लिया। मौके से करीब 320 लीटर डीजल व 25 लीटर पेट्रोल बरामद हुआ है। इसके साथ ही पनकी के शाहपुर निवासी विनोद वर्मा, संतोष कुमार, उन्नाव के दही चौकी निवासी नन्हे लाल, अचलगंज के संतोष और रावतपुर निवासी रोशन को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की कार व टैंकर भी बरामद किया।

## संजय कपूर होंगे यूपी टी-20 के चेयरमैन

शैलेश अवस्थी,कानपुर

- आज लैंडमार्क होटल में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा में लगेगी मुहर निधिपति सिंघानिया अध्यक्ष और प्रेम मनोहर गुप्ता सचिव भी तय
- हर पद के लिए सिर्फ एक नाम सभी के निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ, बैठक में बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी रहेंगे मौजूद

**अमृत विचार।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन संजय कपूर का अब यूपी टी -20 क्रिकेट का भी चेयरमैन बनना तय हो गया है और इसका औपचारिक एलान शुक्रवार को हो सकता है l

यूपीसीए ने डॉ. संजय कपूर को ग्रीन पार्क में पिछले दिनों हुए राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में वैन्यू डायरेक्टर की अहम ज़िम्मेदारी सौंपी थी, जिसे उन्होंने अच्छी तरह निभाया l इसी तरह केपीएल आयोजित किया जिसका लाइव प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स में हुआ और इसकी खूब सराहना मिली l सूत्र बताते हैं कि इस सब को देखते हुए अब उन्हें यूपी टी-20 का चेयरमैन बनाया जा रहा है।

गौरतलाब है कि एक हफ्ते पहले यूपीसीए की चुनाव प्रक्रिया के दौरान अध्यक्ष पद के लिए निधिपति सिंघानिया, सचिव प्रेम मनोहर गुप्ता सचिव, राकेश मिश्रा उपाध्यक्ष, उमर मुस्ताक हसन, कोषाध्यक्ष सचिन आनंद शुक्ला, गवर्निंग कौन्सिल के दो सदस्यों के लिए संजय कपूर और संजीव कुमार सिंह ने नामांकन दाखिल किया था l इसी तरह एपेक्स कौन्सिल 11 सदस्यों के लिए करन पाल सिंह, लक्ष्य राज त्यागी, लतीफउर रहमान, डॉ, मनीष चौहान, सइफुद्दीन, सक्षम मिश्रा, सिद्धार्थ प्रसाद, सिद्धार्थ सिंह, सुनील, सुरेंद्र पाल सिंह और उमेर अहमद ने परचा भरा था l इन सभी पदों के लिए सिर्फ एक -एक ही नामांकन हुआ l इस तरह ये सभी भी निर्विरोध निर्वाचित हो जाएंगे l अब 30 अक्टूबर यानि शुक्रवार को को वार्षिक आम सभा में नए पदाधिकारियों की विधिवत घोषणा कर दी जाएगी। वार्षिक सभा में भाग लेने के लिए राजीव शुक्ला कानपुर आ चुके हैं।

## नमन



**कानपुर।** विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने आरोग्यधाम के संस्थापक आशु कवि भूतपूर्व प्रधानाचार्य वरिष्ठ समाज सेवक स्वर्गीय रेवती रमण मोहन को गोरखपुर से कानपुर आकर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय मोहन उत्कृष्ट शिक्षक के साथ समाज चिंतक एवं विद्वान पुरुष थे। उनके द्वारा लिखी गई मुख्यमंत्री योगी आदित्य जी पर कविता परिवार के सदस्यों ने उनको भेंट की। संस्थापिका पुष्पा मोहन, डॉक्टर हेमंत मोहन डॉक्टर आरती मोहन, विट्ठल, अणिमा उपस्थित रहे। **अमृत विचार**

## 13 वर्षीय किशोर फंदे से लटका, वजह स्पष्ट नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ के वाजिदपुर में 13 वर्षीय किशोर का शव फंदे से लटका मिला। किशोर घर पर अकेला था। पिता काम पर थे और दोनों बहनें मंदिर दर्शन करने गई थीं। लौटने पर भाई का शव फंदे से लटका पाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतारा। आत्महत्या का वजह स्पष्ट नहीं है।

मूलरूप से इटावा के अरविंद कुमार राजपूत मौजूदा समय वाजिदपुर जल निगम कालोनी में परिवार के साथ रहते हैं। अरविंद कुमार जल निगम में संविदा कर्मी हैं। परिवार में दो बेटियां रश्मि कुमारी, रुही और 13 वर्षीय एकलौता बेटा शिवा उर्फ गोलू था। पिता ने बताया कि बुधवार सुबह वह काम पर गए थे, दोनों बेटियां महाराजपुर ब्रह्मदेव मंदिर दर्शन करने गई थीं।

घर पर अकेला गोलू ने कुर्सी पर खड़े होकर दुपट्टे से फांसी लगा ली। बहनें लौटीं तो गेट अंदर से बंद था। खटखटाने पर जब कोई जवाब नहीं मिला तो लोगों की मदद से गेट तोड़ा। अंदर पहुंचते ही भाई का शव फंदे से लटका देख चीख पड़ीं। सूचना पाकर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच की। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम भेजा गया है। सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों से पूछताछ में आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

**क्रोम हिस्ट्री में पोर्न साइट के मिले 20 से ज्यादा लिंक**

- शिवा का फोन जब पुलिस ने चेक किया तो उसकी क्रोम हिस्ट्री में 20 से ज्यादा पोर्न वीडियो के लिंक मिले। पुलिस ने इस बारे में उसके परिजनों से पूछताछ की, लेकिन वह कुछ बता नहीं सके। शिवा ने कक्षा तीन तक पढ़ाई की थी। आर्थिक स्थिति ठीक न होने से पढ़ाई छोड़ दी थी। पिता ने बताया कि उनका ई-रिक्शा भी है। बेटा ई-रिक्शा लेकर घूमने निकल जाता था।

## हेल्थ जोन

### आईएमए के विशेषज्ञों ने बताया कि ब्रेन स्ट्रोक के प्रति जागरुकता कम है

## 15 फीसदी ब्रेन स्ट्रोक 15 से 49 की आयु में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



प्रेस वार्ता में जानकारी देते डॉ. नवनीत कुमार।

**अमृत विचार।** हर साल लगभग 1.2 करोड़ नए ब्रेन स्ट्रोक केस होते हैं। वैश्विक स्तर पर 25 वर्ष से अधिक आयु के चार में से एक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में स्ट्रोक होगा। हर साल लगभग 15 फीसदी स्ट्रोक 15 से 49 वर्ष की आयु के लोगों में होते हैं।

यह जानकारी बुधवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा की ओर से दी गई। वर्ल्ड स्ट्रोक डे पर आईएमए भवन में हुई वार्ता के दौरान आईएमए कानपुर के अध्यक्ष डॉ अनुराग मेहरोत्रा, डॉ शालिनी मोहन सचिव आईएमए कानपुर, डॉ. नवनीत कुमार, सीनियर कंसल्टेंट न्यूरोलॉजिस्ट एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज वार्ता में शामिल हुए। सीनियर कंसल्टेंट न्यूरो लॉजिक डॉ. नवनीत कुमार ने बताया कि ब्रेन स्ट्रोक दुनिया में हृदय रोग से खत्म होने वाले रोग के बाद विश्व में मृत्यु दर में दूसरे नंबर पर है। हमारे देश में हृदय रोग के बारे में काफी जागरुकता है। लेकिन ब्रेन स्ट्रोक के लक्षणों की जानकारी के अभाव में ब्रेन स्ट्रोक को जल्दी नहीं पहचाना जाता है। इसमें समस्या यह है कि यदि रोगी को या उसके परिवार को यह जानकारी हो जाए कि व्यक्ति को ब्रेन स्ट्रोक हुआ है तो वह तुरंत अस्पताल पहुंच कर वह तुरंत अपना इलाज करा सकता हैं। स्ट्रोक के कुछ रोगियों में टीपीए नामक दवा शुरू के 4:30 घंटे में दी जाती है। जिससे उसका स्ट्रोक ठीक हो जाता है। इसे करने के लिए प्रशिक्षित डॉक्टर सिटी स्कैन की सुविधा और 24 घंटे की देखभाल की सुविधा होनी चाहिए। कहा कि हमारे देश में इस समय लगभग एक करोड़ रोगी इस बीमारी से ग्रसित हैं और लगभग 12 लाख रोगी प्रतिवर्ष स्ट्रोक से ग्रसित होते है (रेफरल 2019) इसमें लगभग 25 प्रतिशत व्यक्ति हॉस्पिटल भी नहीं पहुंच पाते हैं। लगभग 25 प्रतिशत व्यक्ति एक महीने में खत्म हो जाते हैं। 25 प्रतिशत व्यक्ति विकलांगता का शिकार हो जाते हैं और बचे हुए 25 प्रतिशत रोगी समानता ठीक हो जाते हैं। इस प्रकार ब्रेन स्ट्रोक भी हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज इत्यादि की तरह ही महाबीमारी है। इस बीमारी के बारे में जागरूकता होना आवश्यक है। आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में प्रति एक मिनट में एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है।

## दीपावली मिलन समारोह में मंत्रों के साथ पूजन

**कानपुर।** श्री सिद्धिविनायक शाखा इंद्रपुरी विनायकपुर का दीपावली मिलन समारोह बुधवार को हुआ। महात्मा गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में धर्म जागरण प्रमुख आचार्य वागीश अवस्थी ने महामंत्रों के साथ पूजन किया। इस दौरान श्री हनुमान चालीसा पाठ, श्री राम नाम महामंत्र का जाप, भजन, संगीत व कविता पाठ का कार्यक्रम हुआ। आरती प्रसाद वितरण व सभी ने स्वल्पाहार का आनंद लिया। नगर संचालक राजीव अवस्थी, संतोष कुशवाहा, ब्रह्म कुमार त्रिपाठी, प्रमोद पाण्डेय, डॉ. कौशल किशोर, विजय, रमन, महेश, शशि कांत त्रिवेदी को शस्त्र फरसा प्रदान किया गया। इस मौके पर राकेश शुक्ला, हरी सिंह, हरि योगेंद्र सिंह, आरके मिश्रा, कैप्टन मार्तंड मिश्रा, सत्येंद्र तोमर, आईपी सिंह आदि रहे।

## व्यापार मंडल में अब दो अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



प्रेस वार्ता में जानकारी देते प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा।

- कानपुर उद्योग व्यापार मंडल उत्तर व दक्षिण से चुनेगा अध्यक्ष

**अमृत विचार।** व्यापारियों की समस्याओं के जल्द निराकरण के लिए अब कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के दो अध्यक्ष रहेंगे। एक अध्यक्ष उत्तर क्षेत्र जबकि दूसरा अध्यक्ष शहर के दक्षिण इलाके की बाजारों के लिए मौजूद रहेगा।

यह ऐलान बुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने किया। उन्होंने बताया कि महानगर की जनसंख्या और बाजार तेजी से बढ़ रहे हैं। आम सभा में एक कमेटी का गठन किया गया था। जिस कमेटी में मणिकांत जैन, विजय पांडे, टीकमचंद सेठिया राकेश सिंह, रामेश्वर गुप्ता, सुनील बजाज, कृपा शंकर त्रिवेदी, प्रदीप गुप्ता शामिल थे। इस कमेटी ने क्षेत्रीय बाजार इकाइयों एवं वरिष्ठ पदाधिकारी से परामर्श करने के बाद कानपुर महानगर को उत्तर एवं दक्षिण दो संगठनात्मक जिलों में बांटने का निर्णय एवं रिपोर्ट उन्हें सौंपी थी। जिस पर उन्होंने अपनी संस्तुति दे दी है। कानपुर महानगर को उत्तर एवं दक्षिण दो अलग अलग जिलों में करने का निर्णय लिया है। दादानगर,गोविंद नगर, जूही, टाटमिल और रामादेवी पुल के एक तरफ उत्तर और दूसरी तरफ दक्षिण इकाई का कार्य क्षेत्र रहेगा। इसके लिए सदस्यता अभियान 1 नवंबर से 15 दिसंबर तक चलेगा। उत्तर व दक्षिण दोनों क्षेत्रों में अलग-अलग सदस्यता अभियान प्रमुख बनेंगे। बड़े स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। उत्तर जिले में सदस्यता प्रमुख सुशील गुप्ता लालबंगला को एवं दक्षिण से अशोक अग्रवाल मार्बल मार्केट को बनाया गया है। चुनाव समिति रामेश्वर गुप्ता, देवी खन्ना, प्रदीप पांडे,सीपी सोमानी, सरताज अहमद ही दोनों जिलों में अलग-अलग तिथियां में 15 जनवरी तक चुनाव संपन्न कर जिला कमेटी की घोषणा करेंगे।

# सिटी ब्रीफ

## संस्थान को मिला प्रमाण पत्र

कानपुर। डॉ अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर दिव्यांगजन में इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग विभाग को नेशनल बोर्ड एक्रेडिटेशन (एनबीए) प्रमाण पत्र हासिल हुआ। यह सर्टिफिकेट साढे तीन साल के लिए प्राप्त हुआ है। यह सर्टिफिकेट इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग को दूसरी बार मिला है। इस सर्टिफिकेशन से संस्थान के छात्र-छात्राओं को विदेश में शिक्षा प्राप्त करने एवं नौकरी करने के प्राप्त हो सकते हैं। इस सर्टिफिकेशन के संस्थानों के छात्रों को वह सभी लाभ प्राप्त होते हैं। जो टियर वन के संस्थानों को प्राप्त होते हैं। सर्टिफिकेट हासिल होने को संस्थान की निदेशक प्रोफेसर रचना अस्थाना ने बड़ी उपलब्धि बताया।

## 65 का हुआ चयन

कानपुर। राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर में टाटा मोटर्स पंतनगर प्लांट ने अप्रेंटिसशिप देने के लिए प्रतिभाग किया। जिसमें 87 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से 65 का चयन अप्रेंटिसशिप के लिए किया गया। बताया गया कि गुरुवार को जेके टायर्स व एनबीसी बेयरिंग्स प्रतिभाग करेगी। इसी तरह 31 अक्टूबर को न्यू हॉलैंड कंपनी भी प्रतिभाग करेगी। जो अप्रेंटिसशिप के साथ बी वॉक डिप्लोमा भी प्रदान करेगी।

## महिलाओं ने गीता पाठ किया

कानपुर। महिला शिक्षा मण्डल की ओर से चल रहे वार्षिक अधिवेशन में बुधवार को संत समागम व श्रीराम कथा हुई। इस दौरान महिलाओं ने गीता पाठ किया। वृन्दावन से आए भगवताचार्य स्वामी जगदीश्वरानंद ने बताया कि सत्संग जरुरी है। इसी तरह इन्दौर से आए स्वामी नारायणानंद ने वेदांत पर प्रवचन किया। पं. आनन्द कुमार गौड़ ने गीता ज्ञान यज्ञ सम्पन्न कराया। वृन्दावन से आए कथा व्यास दीपक कृष्ण शास्त्री ने बताया कि हम भोग नहीं भोगते परन्तु भोग हमें भोगता है। हम सोचते है कि भोजन खा रहे है।

# 4 नवंबर से एसआईआर में जुटेंगे 3620 बीएलओ

## भारत निर्वाचन आयोग ने सभी बीएलओ को पुनरीक्षण काम का प्रशिक्षण दिया




कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा शहर के 3620 बीएलओ को एसआईआर के लिए प्रशिक्षित किया गया है। ये बीएलओ 4 नवंबर से शहर में आरंभ हो रहे एसआईआर 2026 (मतदाता सूची की विशेष सघन पुनरीक्षण) के कार्य में जुटेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि विशेष सघन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी नागरिक पंजीकरण के पात्र होंगे। तैयारी, प्रशिक्षण और मुद्रण का चरण 28 अक्तूबर, 2025 से 03 नवम्बर, 2025 तक निर्धारित है। घर-घर सत्यापन 04 नवम्बर, 2025 से 04 दिसम्बर, 2025 तक होगा। मतदान केंद्रों का आवश्यक पुनर्गठन 04 दिसम्बर, 2025 तक पूर्ण किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची 09 दिसम्बर, 2025 को प्रकाशित होगी। दावे और आपत्तियां 9 दिसम्बर, 2025 से 08 जनवरी, 2026 तक ली जाएंगी तथा उनका निस्तारण 09 दिसम्बर, 2025 से 31 जनवरी, 2026 तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी, 2026 को प्रकाशित होगी। जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने 01 जनवरी, 2026 की अर्हता तिथि मानकर मतदाता सूची का विशेष सघन पुनरीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं।

## राजनीतिक दलों को नियम बताए गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक की जिसमें उन्हें बताया गया कि लगभग 22 वर्ष के अंतराल के बाद विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण हो रहा है। पिछली बार वर्ष 2003 में इस तरह का विशेष अभियान संपादित किया गया था। यह अभियान मतदाता सूची को शुद्ध और समावेशी बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इसकी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है।

बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई जिसमें उन्हें स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण – एसआईआर) के संबंध में समस्त नियमों और प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि सभी दल अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नामित करें और


राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम की बैठक। अमृत विचार

- गणना प्रपत्र पर संबंधित बीएलओ का नाम और क्यूआर कोड

मतदाताओं को प्रपत्र भरने में सहयोग दें। कार्यकर्ताओं को सक्रिय करें ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिकों के नाम सूची में जुड़ सकें और त्रुटियां सुधारी जा सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गणना (प्रपत्र-3) 27 अक्तूबर 2025 की मतदाता सूची के आधार पर प्रकाशित होगा। इस गणना प्रपत्र पर संबंधित बीएलओ का नाम और क्यूआर कोड अंकित रहेगा। 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर के बीच बीएलओ घर-घर जाकर यह प्रपत्र प्रत्येक मतदाता को उपलब्ध कराएंगे और उनसे भरे हुए प्रपत्र प्राप्त करेंगे। इन्हीं प्रपत्रों के आधार पर 9 दिसम्बर को ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद दावे-आपत्तियों का निस्तारण करते हुए 7 फरवरी 2026 को अंतिम सूची जारी की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस पुनरीक्षण में मतदाता अपने पुराने फोटो को अद्यतन करा सकेंगे। गणना प्रपत्र में परिवार का मुखिया स्वयं अपने परिवार के सभी सदस्यों का विवरण प्रमाणित कर सकेगा। साथ ही नागरिक अपने नाम की स्थिति और जानकारी निर्वाचन आयोग की वेबसाइट या वोटर हेल्पलाइन ऐप पर भी देख सकेंगे।

# भाजपाई घर-घर जाकर, कुंडी खटखटा कर ढूंढेंगे नए मतदाता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



पार्टी कार्यालय में बुधवार को जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने बैठक की।

अमृत विचार। भाजपा 4 नवंबर से शुरू हो रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में जुटेगी। इसके लिए भाजपा अभी से अपनी तैयारियों में जुट गई है। पार्टी कार्यकर्ता 4 नवंबर से 4 दिसम्बर 2025 तक घर घर कुंडी खटखटाकर एक जनवरी 2026 को अठारह वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराए जाएंगे।

भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में बुधवार को जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) की तैयारियों के बारे में चर्चा की। शिवराम सिंह ने बताया कि पार्टी प्रत्येक बूथ पर निवास करने वाले योग्य, समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ताओं को बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) बनाया गया है। कहा कि राष्ट्रीय, प्रदेश, क्षेत्र एवं जिला पदाधिकारी, पार्षद अपने अपने बूथों पर बूथ लेवल एजेंट की जिम्मेदारी निभाएंगे। ये बीएलए बूथ पर नियुक्त सरकारी बीएलओ के मददगार बनेंगे। उन्हें मतदाता सूची से संबंधित बूथ की हर जानकारी से अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि डुप्लीकेट, सिफ्टेड, डेड मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में न रहें। एक बूथ पर बारह सौ से अधिक मतदाता न हों। ये बीएलए ही घर घर जाकर शहर छोड़कर बाहर रहने वाले, जिनका नाम दो विधानसभाओ की मतदाता सूची में दर्ज है या

- एसआईआर की तैयारियों में जुटी पार्टी, प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल एजेंट तैनात

जिन लोगों की मृत्यु हो गई है ऐसे बोगस डुप्लीकेट , सिफ्टेड, डेड मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटवाने में बीएलओ का सहयोग करेंगे। बीएलओ मतदाताओं को दो पन्नों का गणना प्रपत्र वितरित करेंगे और भरवा कर एक प्रति प्राप्त करेंगे जब कि दूसरी प्रति मतदाता के पास रिसीविंग रहेगी।

बूथ लेवल एजेंट दिव्यांग, वृद्ध, बीमार और अशिक्षित लोगों को पुनरीक्षण प्रक्रिया में शामिल कराने में मददगार बनेंगे। इसके अलावा जिन लोगों के नाम किसी कारण वश अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है उनके नाम मतदाता सूची में शामिल कराएंगे। दो बूथों की मतदाता सूची में अंकित मतदाताओं के नाम मतदाता की सहमति से केवल एक बूथ पर शामिल किया जाएगा । यदि किसी परिवार का नाम पहले से उसी पते पर मतदाता सूची में दर्ज है तो अन्य सदस्यों को अलग से प्रमाण पत्र देने की जरूरत नहीं है। प्रमुख रूप से राम बहादुर यादव, जसविंदर सिंह, गणेश शुक्ला, विनोद मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, राजन चौहान रहे।

### नाम जोड़ने, घटाने और संशोधन के आवेदन

- भाजपा दक्षिण मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि 9 दिसंबर से 8 जनवरी तक नाम जोड़ने, घटाने और संशोधन के आवेदन लिए जा सकेंगे। पहचान के लिए आधार, राशन कार्ड, पैन, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक, डाकघर की पासबुक सहित 12 तरह के दस्तावेज मान्य होंगे। नई मतदाता सूची त्रुटि रहित बनाने के खातिर बूथ लेवल एजेंटों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, घटाने और संशोधन में पूरी पारदर्शिता रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# सरकार के फैसले को उद्यमियों ने बताया ऐतिहासिक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- औद्योगिक और व्यापारिक कानून से 99 फीसदी आपराधिक प्रावधानों को हटाया
- उद्यमियों ने कहा कि इस कदम से बढ़ेगा विदेशी निवेश, उद्यम चलाना होगा आसान

अमृत विचार। प्रदेश सरकार ने 13 प्रमुख औद्योगिक और व्यापारिक कानूनों से लगभग 99 फीसदी आपराधिक प्रावधानों को हटा दिया है। जिसके तहत छोटे उल्लंघनों के लिए अब उद्यमियों को जेल नहीं जाना पड़ेगा। बल्कि केवल जुर्माना या चेतावनी दी जाएगी। सरकार के इस फैसले को शहर के उद्यमियों ने ऐताहसिक कदम बताया है। कहा कि इससे प्रदेश में औद्योगिक विकास हो सकेगा। इसके अलावा प्रदेश में विदेशी निवेश भी आने की उम्मीद बढ़ गई है। उद्यमियों ने कहा कि यह फैसला निवेश को बढ़ावा देने और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बेहतर बनाने के प्रयासों में तेजी लाएगा। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार अब जीएसटी अधिकारियों को गिरफ्तारी के लिए लिखित कारण बताने होंगे।


प्रदेश सरकार का यह निर्णय संतोषजनक है। उद्यमी कभी भी जानबूझ कर औद्योगिक कानून को कभी नहीं तोड़ता था। छोटी सी भी चूक होने पर गिरफ्तारी का डर दिखाया जाता था। इससे उद्यमी खुद को असुरक्षित व अस्थापित समझते थे। अब सरकार के इस निर्णय से उद्योग जगत को राहत मिली है।

–सुशील शर्मा, पदाधिकारी, मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश


प्रदेश सरकार का यह निर्णय उद्योग जगत के लिए ऐतिहासिक फैसला है। इससे अधिकारियों की ओर से उद्यमियों को परेशान किया जाना कम होगा। इसके अलावा प्रदेश में विदेशी निवेश में भी बढोतरी होगी। इस तरह के कठोर कानून की वजह से ही फिलहाल विदेश का उद्यमी प्रदेश आने में संकोज करता था। अब ऐसा नहीं होगा।

–उमंग अग्रवाल, महासचिव, फीटा


सरकार के इस निर्णय के बाद राज्य का उद्योग और अधिक तेजी से आगे बढ़ेगा। यदि उद्यमी से किसी तरह की अनजाने में कोई चूक भी हो जाती थी उसे उसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ता था। अब इन सब पर रोक लगेगी। उद्यमी आसानी से अपने कारोबार को आगे बढ़ा सकेंगे। गिरफ्तारी के प्रावधानों को हटाए जाने से प्रदेश में उद्योग का विकास तेजी से हो सकेगा।

–वैभव सारस्वत, उद्यमी


उद्यमियों के सामने दिन पर दिन नई चुनौतियां सामने आ रही थीं। खासतौर पर कई प्रावधानों में गिरफ्तारी के चलते उद्यम विकास में ब्रेक जैसी स्थिति खड़ी थी। अब वह दूर हो गई है। उद्यमियों को अब सीधा व आसान रास्ता उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए मिल गया है। उसके स्पीड ब्रेकर दूर हो गए हैं।

–रजत गुप्ता, उद्यमी

## छात्रों ने किया विधानसभा का भ्रमण


कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के छात्रों ने विधानसभा का भ्रमण किया। भ्रमण में 35 छात्र-छात्राएं शामिल रहीं। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधानसभा की भूमिका के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# नेहा के परिजनों की बात सुनें, सही रिपोर्ट लिखें



पुलिस कमिश्नर से मुलाकात करने पहुंचे कांग्रेसी नेता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पेशकार और चपरासी की प्रताड़ना के कारण नेहा ने की है आत्महत्या
- मां और नाना का आरोप, दोषियों को बचाने का प्रयास चल रहा

अमृत विचार। बीते दिनों कचहरी में बहुमंजिली इमारत से छलांग लगाकर मौत को गले लगाने वाली स्टेनो नेहा संखवार के परिजनों की बात पुलिस सुने और उसी आधार पर दोषियों पर सही एफआईआर दर्ज करे। नेहा की मां और नाना का आरोप है कि जो दोषी हैं, उन्हीं की ओर से आत्महत्या की पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पूर्व सांसद एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी की मांग है कि दिवंगत बेटी नेहा को इंसाफ मिलना चाहिए।

बुधवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर पार्टी का प्रतिनिधि मंडल कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के नेतृत्व में दिवंगत नेहा संखवार आत्महत्या प्रकरण में पुलिस कमिश्नर से मिला और परिवार के बयान अनुसार आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की। इस दौरान दिवंगत नेहा के नाना जयप्रकाश भी मौजूद रहे। नेहा की मां मनोज ने पुलिस कमिश्नर को बताया है कि पेशकार और चपरासी की प्रताड़ना के कारण नेहा ने आत्महत्या की। नेहा की मां ने कल बयान दे दिए हैं। नेहा की मां से अंतिम बार फोन पर होने वाली बात को भी लिखित रूप में कमिश्नर को दिया गया है। प्रतिनिधि मंडल का आरोप है कि आरोपी ही वादी बनाए गए हैं।

कानपुर महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, कानपुर ग्रामीण अध्यक्ष संदीप शुक्ला, भूधर नारायण मिश्रा, आलोक मिश्रा, नरेश त्रिपाठी, कनिष्क पांडे, विकास अवस्थी, जेपी पाल, सुमन तिवारी, अतहर नईम, रत्नेश गुप्ता, पुनीत शर्मा आदि मौजूद रहे।

कार्यशाला

वर्ष 2027 तक पूरे भारत को बाल श्रम मुक्त बनाने का लक्ष्य

# बाल श्रम खत्म करने को हॉट स्पॉट क्षेत्रों का चिह्नांकन करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बाल श्रम प्रभावित हॉट-स्पॉट क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर उनका चिन्हांकन करें और देश को वर्ष 2027 तक बाल श्रम मुक्त कराया जाएगा। ये बात बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन के विषय पर आयोजित मंडलीय कार्यशाला में कही गई।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2027 तक प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने की घोषणा की गई है। इस संकल्प के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए श्रम विभाग द्वारा बुधवार को मण्डलायुक्त सभागार में कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें कानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, औरैया, इटावा एवं फर्रूखाबाद जनपदों के शिक्षा, महिला कल्याण, श्रम, पुलिस, कौशल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण, ग्रामीण विकास, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाइयों, हेल्पलाइन, व्यापार संगठनों, एनजीओ, "एसोसिएशन ऑफ वॉलन्टरी एक्शन के प्रतिनिधियों तथा मानव तस्करी विरोधी इकाइयों के सदस्यों ने सहभागिता की। तय हुआ कि प्रत्येक जनपद में कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायें। सभी जिलों को नवम्बर 2025 के प्रथम सप्ताह तक अपनी-अपनी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये गये। कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, अपर आयुक्त बृज किशोर एवं उप श्रमायुक्त शमीम अख्तर सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया। अपर आयुक्त बृज



बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन विषय पर कार्यशाला हुई। अमृत विचार

- विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने कार्यशाला में शिरकत की

किशोर ने बताया कि कानपुर मण्डल के सभी जिलों को दिसम्बर 2026 तक इस लक्ष्य को प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। श्रम विभाग के राज्य समन्वयक सैयद रिजवान अली ने बाल एवं किशोर श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 2016 के प्रावधानों और राज्य कार्ययोजना की मुख्य विशेषताएं प्रस्तुत कीं। महिला कल्याण विभाग के उप निदेशक पुनीत मिश्रा ने बाल श्रमिकों के पुनर्वास के लिए संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। भारतीय मजदूर संघ के अनिल उपाध्याय, बृजेश अवस्थी (अध्यक्ष, पीआईए) तथा फीटा संगठन के अध्यक्ष ने विचार रखे।

## नाली के विवाद में ईट-पत्थर से पीटा, रिपोर्ट

कानपुर। चकेरी के सनिगवां चंदननगर नई बस्ती निवासी बाबू सिंह के अनुसार उनके पड़ोस में रहने वाली मीना देवी ने कुछ दिन पहले अपने मकान के सामने बनी सरकारी नाली में ईटें और सिमेंट लगाकर पानी बंद कर दिया था। बाबू सिंह के घर के बाहर पानी भरने के कारण वह 28 अक्टूबर की सुबह साफ कर रहे थे। तभी मीना देवी, विनीता देवी और उनके दोनों बेटों ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर उनको और उनके परिवार पर छत में चढ़कर ईट-पत्थर चलाए। जिससे बाबू सिंह, उनकी पत्नी और बेटी घायल हो गईं। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैंने अपना नाम SHAHRUKH से बदल कर MO SHAHRUKH रख लिया है अब भविष्य में मुझे MO SHAHRUKH के नाम से जाना वा पहचाना जाए। S/O MUNIR AHAMAD Resident:- KHALIDA NAGAR SEMRA GAUDI MADIYANV LUCKNOW 226021

**सूचना**
मैने अपना नाम BRAHM DEV से बदलकर BRAHMA DEV GAUTAM रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O - INDRASHAN GAUTAM ADD - O, SHOBHA PURWA, DIST-BAHRAICH - 271855 (U.P).

**सूचना**
पहले मेरा नाम DHANWANTI VANDANA JETHWANI था अब मैंने बदलकर अपना नाम VANDNA JETHWANI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O: NANAK JETHWANI R/O:B-304 PRIYANKA APARTMENT JOPLING ROAD LUCKNOW UP-226001

**सूचना**
मेरे हाई स्कूल के अंक पत्र व प्रमाण पत्र में मेरा नाम प्रशांत यादव अंकित है। मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में भी मेरा नाम प्रशांत यादव दर्ज है लेकिन इंटर मीडिएट के अंकपत्र व प्रमाणपत्र में मेरा नाम त्रुटिवश प्रशांत अंकित हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम प्रशांत यादव है। प्रशांत व प्रशांत यादव एक ही व्यक्ति है। प्रशान्त यादव पुत्र शिवराम सिंह यादव, निवासी नगला मिहीलाल, हथनौली, पोस्ट – मेढ़ी दुधी, जिला–इटावा।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरा आचार्य का अंक पत्र संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी जिसका अनुक्रमांक नंबर 513446/अंक पत्र क्रमांक 12154959 वर्ष 2013 वास्तव में खो गया है। विजय शंकर पांडेय पुत्र मूलचंद पांडेय निवास छीबो राजापुर चित्रकूट।

**सूचना**
मैने अपना नाम KM HILAL FATMA से बदलकर HILAL FATIMA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O-ALAMDAR ALI ABUTURAB ADD-450/139, PEEPAL WALI GALI MUFTIGUNJ, CHOWK, DIST - LUCKNOW - 226003(U.P).

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट में गलती के कारण मेरा नाम महेश प्रसाद गुप्ता लिखा गया है, जबकि सही नाम महेश प्रसाद है। कृपया अब से मुझे इसी नाम से पहचाना जाएगा। महेश प्रसाद पुत्र उमा शंकर गुप्ता, निवासी 17/999 सेक्टर 17, इन्दिरा नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश – 226016

**सूचना**
श्री कुंवर दिनेश सिंह चौहान, गौरी परगना, सरोजिनी नगर, लखनऊ में खसरा संख्या 294 (17324 वर्ग फुट) के मालिक हैं और इस पर कोई मुकदमेबाजी नहीं है। यदि स्वामित्व पर कोई विवाद है तो कृपया संपर्क करें। मो0: 7860376525.

**सूचना**
पहले मेरा नाम SANDHYA DEVI था जो विवाहोप्रान्त अपना नाम बदलकर SANDHYA SINGH CHAUHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। C/O- JAI SINGH CHAUHAN ADD-FLAT No-P-102, SULTANPUR ROAD,CELEBRITY GARDEN, POST - SUSHANT GOLF CITY, DIST - LUCKNOW - 226030 (U.P)

## सिटी ब्रीफ

### मलबे से सड़क घेरने पर 50 हजार जुर्माना

**कानपुर।** स्वरूप नगर में फुटपाथ और सड़क पर मलवा और निर्माण सामग्री रखकर घेरने पर नगर निगम ने भवन स्वामी पर 50 हजार का जुर्माना लगाया। अधिशाषी अभियंता जोन 4 ने भवन स्वामी रूपेश साहू को नोटिस देते हुए निर्माण सामग्री हटाने के निर्देश दिए।

### खेलने के लिए इच्छुक पंजीयन कराएं

**कानपुर :** जिला युवा कल्याण एवं प्राविधिक अधिकारी आरती जायसवाल ने बताया कि सांसद/ विधायक खेल स्पर्धा 6 से 8 नवम्बर तक राष्ट्रीय इंटर कॉलेज एवं रतन सिंह पालिका स्टेडियम, किदवई नगर में आयोजित की जाएगी। इस स्पर्धा में आठ खेल विधाएं एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, भारोत्तोलन, कुश्ती एवं जूडो के अतिरिक्त खिलाड़ियों की उपलब्धता के आधार पर तीन अन्य खेल विधाओं शतरंज, रस्साकशी एवं खो-खो का भी आयोजन किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी अधिक से अधिक संख्या में पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराएं।

### मुजाहिद-ए-मिल्लत का उर्स मनाया

**कानपुर :** तंजीम बरेलवी उलमा-ए-अहले सुन्नत ने बेकनंगज में मुजाहिदीन-ए-मिल्लत उर्स का आयोजन किया जिसमें तंजीम के सदर हाफिज व कारी सैयद मोहम्मद फैसल जाफरी ने विचार रखे। इस मौके पर फातिहाखानी हुई और मुल्क के अमन-ओ-अमान के लिए दुआ की गई। हाफिज मोहम्मद खालिद, हाफिज इरफान कादरी, शाहनवाज अंसारी, सैयद शाबान, बिलाल रजा,मोहम्मद मोईन जाफरी आदि मौजूद रहे।



गुरुद्वारे में अरदास करते पंज प्यारे। अमृत विचार



यात्रा में स्कूली बच्चे भी बैंड के साथ शामिल हुए। अमृत विचार

# जयघोष के साथ चरण सुहावे यात्रा रवाना

## गुरुद्वारा कीर्तनगढ़ से श्री पटना साहिब जा रही यात्रा का शहर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया

**वाहे गुरु**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दिल्ली से चली चरण सुहावे यात्रा गुरुद्वारा कीर्तनगढ़ गुमटी नंबर पांच में रातभर विश्राम करने के बाद श्री पटना साहिब के लिए रवाना हुई तो बोले सो निहाल-सतश्री अकाल का जयघोष हुआ और फूलों की बारिश की गई।

बुधवार को यात्रा प्रातः गुरुद्वारा कीर्तनगढ़ से गुमटी नंबर पांच, संत नगर, गुरुद्वारा रंजीत नगर, गुरुद्वारा पांडु नगर, गोविंद नगर होते हुए बाईपास के रास्ते श्री पटना साहिब के लिए रवाना हुई। इस यात्रा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब खूबसूरत पालकी में विराजमान थे जिनके समक्ष मत्था टेकने के लिए संगत की भारी भीड़ उमड़ी। बताते चलें कि इन पवित्र जोड़ो को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के जन्म स्थान पटना साहिब में सुरक्षित रखने का निर्णय हुआ है, यही कारण है कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी व माता साहिब कौर जी के पवित्र जोड़े (चरण पादुका) को 300 वर्षों के बाद श्री पटना साहिब ले जाया जा रहा। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी का परिवार ये पवित्र जोड़े पिछले 300 वर्षों से संभाल रहा था। श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान हरविंदर सिंह लार्ड, गुरुद्वारा कीर्तनगढ़ के प्रधान हरजीत सिंह कालरा, गुरजिंदर सिंह, पृथ्वीपाल सिंह बिल्ला, सरदार नीतू सिंह, गुरविंदर सिंह छाबड़ा, राजबीर सिंह ग्रोवर, संजय टंडन, कुलदीप सिंह गुरचरण सिंह, टीटू सागरी, अमरजीत सिंह गांधी, जसबीर सिंह सचदेवा, रविन्द्र सिंह अरोड़ा एडवोकेट, मीतू सागरी आदि थे।



प्रकाश पाल, अजय कपूर, विजय कपूर आदि ने यात्रा का स्वागत किया। अमृत विचार

- श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी खूबसूरत पालकी में विराजमान रहे

# सिखों के अधिकार का मुद्दा देशभर में उठेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



श्री गुरु सिंह सभा कानपुर महानगर के चेयरमैन पूर्व एमएलसी सरदार कुलदीप सिंह।

**अमृत विचार।** श्री गुरु सिंह सभा कानपुर महानगर ने कई वर्षों से कानपुर में सिखों के अधिकारों का मुद्दा उठा रखा है जो अब देशभर में उठाने की योजना है। जिसके लिए गुरुवार को केंद्रीय श्री गुरु सिंह सभा उत्तर प्रदेश को शामिल करते हुए एक प्रांतीय सम्मेलन गुरुवार को लखनऊ के आलमबाग स्थित केके पैलेस अवध चौराहा पर होने जा रहा है जिसमें पंजाब प्रांत के भी कई दिग्गज गैर राजनीतिक जनप्रतिनिधि शिरकत करेंगे।

श्री गुरु सिंह सभा कानपुर महानगर के चेयरमैन एवं केंद्रीय श्री गुरु सिंह सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी सरदार कुलदीप सिंह ने पत्रकारों को बताया कि इस प्रांतीय सम्मेलन में विशेष तौर पर पंजाब से डॉ. खुशहाल सिंह, महासचिव, केन्द्रीय श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष प्रोफेसर श्याम सिंह, महासचिव डॉ. खुशहाल सिंह, वित्त सचिव सरदार गुरप्रीत सिंह शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रांतीय सम्मेलन में केंद्रीय श्री गुरु सिंह सभा के 400 डैलीगेट, 31 जिलों के प्रधान तथा लखनऊ के पांचों प्रमुख गुरुद्वारों साहिबान के अध्यक्ष शामिल होंगे। मुख्यमंत्री को सिख समाज की शैक्षणिक, भाषाई एवं अल्पसंख्यक हितों से संबंधित ज्ञापन औपचारिक रूप से सौंपा जाएगा ।

- आलमबाग लखनऊ में आज होगा प्रांतीय सम्मेलन

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

### सिख समाज के प्रमुख मुद्दे

- उत्तर प्रदेश सिख अल्पसंख्यक आयोग गठित करें
- उत्तर प्रदेश विधानमंडल में पांच सिख प्रतिनिधित्व दें
- कानपुर विश्वविद्यालयों में पंजाबी एवं सिंधी भाषा विभागों का विस्तार
- पंजाबी एवं सिंधी भाषा अनुसंधान केंद्र की स्थापना
- विश्वविद्यालय स्तर पर पंजाबी और सिंधी विषयों में एमफिल एवं पीएचडी

# बाजार में सहालग की रौनक आभूषण बिखेर रहा चमक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सोने व चांदी के रेट 'ऑल टाइम हाई' से नीचे आने का असर बाजार में दिखाई देने लगा है। 1 नवंबर के बाद शुरू होने वाली सहालग के चलते आभूषण बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी है। कारोबारियों की माने तो पिछले तीन महीने बाद आभूषण कारोबार में लगभग 35 फीसदी का इजाफा हुआ है।

सोना चांदी के रेट में परिवर्तन का असर आभूषण बाजार गुलजार हो रहे हैं। कारोबारी खरीदारों के रुख को सहालग से जोड़ कर देख रहे हैं। यह भी माना जा रहा है कि भविष्य में रेट के दामों में इजाफा न हो इसके चलते खरीदार तेजी से खरीदारी कर रहे हैं। इस खरीदारी से पिछले तीन महीनों के बाद आभूषण बाजार में रौनक लौटी है। कानपुर महानगर बुलियन एंड सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पं. आशू शर्मा ने बताया कि सहालग नजदीक होने से आभूषण कारोबार में तेजी लौट आई है। रेट में यदि बहुत अधिक तेजी नहीं आएगी तो बाजार इसी तरह से कुछ दिन और चलता रहेगा।

- सोना व चांदी के रेट के परिवर्तन का रिटेल खरीदार उठा रहे फायदा
- बाजार में 35 फीसदी बढ़ी आभूषणों की सेल, हो रही खरीदारी



### निवेशकों ने बनाई दूरी

- सोने व चांदी के रेट में कमी के चलते निवेशकों ने बाजार से दूरी बना ली है। फिलहाल बड़े निवेशक बाजार का रुख भांपने में लगे हुए हैं। बुधवार को बाजार में चांदी 1,52000 रुपये जीएसटी के साथ मिल रही है। सोने का रेट 1, 24000 प्रति दस ग्राम रहा। व्यापारियों ने बताया कि बाजार में सोने की बिकवाली हावी है तो जीएसटी के साथ सोना 1,22,000 रुपये प्रति दस ग्राम भी उपलब्ध हो सकता है।

### 45 दिन होगी तेज खरीदारी

- बाजार विशेषज्ञ आगामी 45 दिनों तक पूरे देश के स्वर्ण व्यवसाय में तेज गतिविधि के आसार जता रहे हैं। ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के हालिया आकलन के अनुसार देशभर में अनुमानित पचास लाख शादियां होने जा रही हैं, जिनमें हर शादी में औसतन तीन लाख रुपये का सोना खरीदा जाने की संभावना है। वर्तमान बाजार भाव (1.25 करोड़ प्रति किलोग्राम) के आधार पर यह अनुमान लगाया गया है कि इस अवधि में स्वर्ण उपभोक्ता मांग लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है जो लगभग 120 टन सोने के बराबर है। एआईजेजीएफ के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने बताया कि यह महज आभूषणों की खरीद-फरोख्त नहीं, बल्कि देश के आर्थिक ताने-बाने में एक अहम भूमिका निभाने वाला क्षण है।

## आदर्श की स्थापना का प्रतीक हैं प्रभु श्रीराम

**कानपुर।** प्रभु श्रीराम का जन्म केवल एक अवतार की कथा नहीं, बल्कि धर्म, मर्यादा और करुणा के आदर्श की स्थापना का प्रतीक है। यह बात बुधवार को रामायणी कुटी चित्रकूट धाम से पधारे राम हृदय दास जिज्ञासु जी महाराज ने कही। श्री राम सार्वजनिक सेवा समिति की ओर से पशुपति नगर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव के तीसरे दिन महाराज ने श्रीराम जन्म प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास रचित श्रीराम चरित मानस के बालकाण्ड के दिव्य प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने भक्तों को राम जन्म की उस पवित्र घड़ी का स्मरण कराया जब सम्पूर्ण सृष्टि मंगलमय हो उठी थी। कहा कि भगवान श्रीराम का अवतरण लोककल्याण के लिए हुआ था। वे मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, जिनका जीवन हमें धर्म, सत्य और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कथा के दौरान पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। अंत में संगीतमय आरती और प्रसाद का वितरण भक्तों को किया गया। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया 02 नवम्बर को भव्य श्री तुलसी शालिग्राम भगवान का विवाहोत्सव का आयोजन समिति द्वारा किया जायेगा।

# प्रह्लाद चरित्र और श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्री महादेव राम लक्ष्मण जानकी मंदिर, मनिलाल दुबे ट्रस्ट, सरसैया घाट द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर भागवत आचार्य शुभमजी महाराज ने प्रह्लाद चरित्र, बली-वामन लीला एवं श्रीकृष्ण जन्म की कथा का रसपान कराया। कथा के दौरान जब श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, तो पूरा पंडाल "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष से गूंज उठा। भक्तजन भाव-विभोर होकर नृत्य करने लगे और वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो गया। मुख्य अतिथि महापौर प्रमिला पांडेय रहीं, जिनका स्वागत शुभमजी महाराज ने किया। महापौर ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा न केवल आध्यात्मिक ज्ञान का माध्यम है, बल्कि यह समाज में नैतिकता और सद्भाव का संदेश भी देती है। आचार्य शुभमजी महाराज ने कहा कि प्रह्लाद की अटूट श्रद्धा हमें यह सिखाती है कि सच्ची भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती, जबकि बली और वामन चरित्र दान, समर्पण और विनम्रता का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

कार्यक्रम के अंत में प्रभु की आरती की गई, जिसमें मुख्य जजमान मीरा दीक्षित, श्री कृष्ण दीक्षित, गीता दीक्षित, राकेश तिवारी, अजय अग्रवाल, संगीता अग्रवाल केडी मिश्रा, अतुल गुप्ता, तथा डॉ. हेमंत मोहन और डॉ. आरती मोहन ने भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया।



गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों का भू विसर्जन किया गया। अमृत विचार

### मूर्तियों का भू विसर्जन

दीपावली पूजन के बाद लोगों ने भगवान गणेश और लक्ष्मी जी की मूर्तियों को इधर उधर फेंक दिया है। पार्षद श्वेता दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने साथियों के साथ पातालेश्वर महादेवन में जेसीबी से गड्ढा खोदवा कर तीन हजार से अधिक मूर्तियों का भू विसर्जन किया। इस अवसर पर सौरभ आर्या, लाला सविता, नीरज सिंह चंदेल, ब्रजेश साहू, संजय यादव, राम बरन, अमन आर्या, राजन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## गोपाष्टमी उत्सव मनाया गया

**कानपुर।** ब्रह्मावर्त जन सेवा संजीवनी समिति व विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश की ओर से बुधवार को बिठूर गंगा तट के किनारे गोपाष्टमी उत्सव मनाया गया। इस दौरान गौ माता की पूजा के साथ चंदन, रोली, चावल, वस्त्र, प्रसाद भोग अर्पित कर आरती की गई। कार्यक्रम की शुरुआत पतित पावनी गंगा का अभिषेक कर हुआ। कार्यक्रम में शिव तांडव की झांकी ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में संतों, सनातन धर्म के अनुयायियों के साथ-साथ वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान भी हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आचार्य आशुतोष द्विवेदी, पनकी मंदिर के महामंडलेश्वर जितेंद्रदास महाराज, गोरखपुर से आए विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष भिखारी प्रजापति, वरिष्ठ होम्योपैथिक फिजिशियन डॉ हेमंत मोहन, डॉ आरती मोहन, शिवम खन्ना, शोभित बाजपेई सहित अन्य मौजूद रहे।

## भगवान गणेश की महिमा का बखान

**कानपुर।** यशोदा नगर में श्री लालेश्वर महादेव मन्दिर प्रांगण में श्री शिव महापुराण कथा में कथावाचक सोमदत्त जी महाराज ने भगवान शिव- पर्वती विवाह, शिव के तेज से स्कंद का प्रादुर्भाव, महर्षि विश्वामित्र द्वारा संस्कार बाण तथा तारकासुर वध की कथा का वर्णन किया। उन्होंने भगवान गणेश के जन्म, गणेश स्कन्द की बाल लीलाओं, पृथ्वी की परिक्रमा, गणेश जी का माता पिता की परिक्रमा, प्रजापति विश्वरूप की सिद्धि और रिद्धि से गणेश जी का विवाह आदि कथा का वर्णन किया। इस दौरान केके त्रिवेदी, यजमान केपी शुक्ला, आचार्य जय प्रकाशनन्द मिश्र, दयाशंकर मिश्र, सिद्ध गोपाल द्विवेदी, राजकुमार त्रिपाठी, निहाल अवस्थी, निर्वेद श्रीवास्तव, राम प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

**प्रवचन** | मोतीझील में श्रीमद्भागवत कथा का छठवां दिन

# भक्ति और गुरु की साधना कोई प्रतियोगिता नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



देवकी नंदन महाराज का सम्मान किया गया। अमृत विचार



कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आजकल के समय में लोग भक्ति को भी ट्रेंडिंग का हिस्सा बना बैठे हैं। लोग इस बात पर ध्यान देने लगे हैं कि कौन सा गुरु या कौन सी भक्ति सोशल मीडिया पर अधिक प्रसिद्ध है और उसी की पूजा करने लगते हैं। भक्ति और गुरु की साधना कोई प्रतियोगिता नहीं होती। सच्चा गुरु वह है जो तुम्हें भगवान की ओर ले जाए, और सच्चा भक्त वह है जो बिना दिखावे और स्वार्थ के अपने गुरु के मार्ग पर चले। देवकी नंदन ठाकुर जी महाराज ने मोतीझील में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कहीं।

उन्होंने कहा कि हर सनातनी को एकादशी का व्रत अवश्य रखना चाहिए। यह व्रत न केवल शरीर को शुद्ध करता है, बल्कि मन और आत्मा को भी निर्मल बनाता है। एकादशी का व्रत भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है, और जो भक्त इस दिन उपवास, नामस्मरण एवं भजन-कीर्तन करता है, उस पर श्रीहरि की विशेष कृपा होती है। आजकल के बच्चे ही नहीं, बल्कि बुजुर्ग भी देर तक सोने की आदत में पड़ गए हैं। लेकिन जो व्यक्ति सूर्योदय के बाद तक सोता रहता है, वह अपने जीवन की ऊर्जा और भाग्य दोनों को मंद कर देता है। सूर्योदय के समय उठकर प्रभु का स्मरण करना, सूर्यदेव को प्रणाम करना और दिन की शुरुआत भक्ति से करना यही एक ऐसा साधन है जो जीवन को सार्थक बनाता है और हमारे भाग्य को उदय करता है।

जितना हम अपने पेट और संसार के लिए परिश्रम करते हैं, वह सब एक दिन यहीं छूट जाने वाला है। चाहे हमारे पास कितना भी बड़ा मकान हो, कितनी भी महंगी गाड़ी हो, अथवा कितनी भी धन-संपत्ति और जमीन-जायदाद क्यों न हो, अंत में यह सब यहीं रह जाएगा। मृत्यु के बाद हमारे साथ केवल भक्ति और धर्म से जुड़े हुए सत्कर्म ही जाएंगे।

इसलिए यदि कुछ करना है, तो भगवान का भजन करें, क्योंकि वही एकमात्र साधन है जो जन्म-मरण के पार तक हमारे साथ रहता है। हमें भगवान को अपना मानकर, अपने मन को उनके चरणों में लगाकर उनकी पूजा-पाठ करनी चाहिए। ऐसा करने से जीवन का उद्धार होता है, आत्मा को शांति मिलती है, और ईश्वर कृपा से जीवन में सच्चा सुख प्राप्त होता है।

इस अवसर पर शिव प्रकाश गुप्ता, जयमाला सिंह, प्रभा शकर वर्मा, पूनम पाण्डेय, विपिन बापजेई, डा. यूपी सिंह, राम विनय यादव, सतीश गुप्ता, अजय मिश्रा, अनिल श्रीवास्तव, नीरज वर्मा, रानी अवस्थी, वीरेन्द्र गुप्ता, नीलम सेंगर, माया सिंह, श्री भदौरिया, आभा गुप्ता, मीना शुक्ला, निर्मला त्रिपाठी, किरन तिवारी, अनु सेंगर, चन्द्र प्रभा आदि मौजूद रहे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

Applications are invited from Indian/NRI/Foreign National Students for Admission to Ph.D. Programmes January 2026 session in the following disciplines

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
- Humanities and Journalism English
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Management
- Faculty of Allied Health Sciences (Faculty of Paramedical Sciences) (Ph.D. in Medical Laboratory Technology/Physiotherapy)

Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

Last Date of Receiving Application : 30th November, 2025

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

अमृत विचार



# निर्वाचन नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण अभियान की डीएम ने दी जानकारी

## अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन 7 फरवरी 2026 तक किया जाएगा

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में जिला निर्वाचन कार्यालय में जिले के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के संबंध में जानकारी दी गई।

इसमें जिलाधिकारी ने बताया कि इस विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत तैयारी, प्रशिक्षण व मुद्रण अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन 7 फरवरी 26 तक किया जाएगा। कहा कि गणना से पहले अफसर बीएलओ व बीएलए के साथ बैठक कर उन्हें एसआईआर की अनुसूची व प्रक्रिया के बारे में जानकारी देंगे। बीएलओ राज्य के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए के साथ मिलकर मसौदा मतदाता सूची का अध्ययन करेंगे तथा किए जाने वाले सुधारों की पहचान करेंगे। सभी राजनैतिक दलों से कहा कि वे अपने बीएलए नियुक्त कर उनकी सूची उपलब्ध करा दें। ताकि सम्बंधित विधानसभा के बीएलओ को इसकी सूचना हो जाए। गणना चरण के दौरान मतदाताओं से कोई दस्तावेज एकत्र नहीं किया जाएगा। कहा कि प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद केवल उन्हीं निर्वाचकों को ईआरओ द्वारा सूचना जारी की जाएगी। जिनका नाम पूर्ववर्ती एसआईआर सूची से नहीं जोड़ा जा सका। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, राजनीतिक दलों से दिनेश गुप्ता भाजपा, हेमंत पाल, छोटेलाल सपा, मूलचंद लोधी बसपा, सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, सैय्यद सागर, अजय गौतम कांग्रेस से रहे।


बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि। अमृत विचार

## गोकशी की आशंका पर गौरक्षकों ने काटा हंगामा

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी और नेहरू बाग के बीच स्थित फोरलेन किनारे साइकिल ट्रैक पर बुधवार को एक मृत गोवंश मिलने से हड़कंप मच गया। मृत गोवंश की गर्दन पर घाव के निशान दिखाई देने पर स्थानीय लोगों ने गोकशी की आशंका जताते हुए गौरक्षक दल को सूचना दी। सूचना पाकर बड़ी संख्या में गौरक्षक मौके पर पहुंच गए और घटनास्थल पर हंगामा करने लगे।

गौरक्षा दल के विकास चौहान, विजय राजपूत, सोमेश, विशाल, अजय राजपूत सहित बजरंग दल के नितिन शुक्ला, वैभव श्रीवास्तव, विकास, जय किशन तिवारी, नितिन गुप्ता, शिवमंगल, शिवा बाजपेई व अमित पांडे समेत अन्य कार्यकर्ता भी पहुंचे। कोतवाल अजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है, संभव है कि वाहन की टक्कर से गोवंश की मौत हुई हो।

# उत्सव के रूप में मनेगी सरदार पटेल की जयंती

- सभी कार्यालयों में पूर्वान्ह 11 बजे दिलाई जाएगी राष्ट्रीय एकता की शपथ

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि जिले में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती उत्सव के रूप में मनाई जाएगी। इसके तहत पुलिस लाइन में महिला पुलिस द्वारा हाथ में तिरंगा लेकर परेड का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार जिला स्तर पर युवा कल्याण विभाग द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन व एनसीसी ग्राउंड में पदयात्रा का आयोजन होगा। जिसमें वृहद स्तर पर जन सामान्य की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बताया कि नेहरू युवा केन्द्र द्वारा शास्त्री पार्क से सरदार पटेल पार्क बाईपास तक पदयात्रा होगी। 11 बजे सभी कार्यालयों में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी। बेसिक स्कूलों के बच्चों की उपस्थिति में प्रभात फेरी रैली का आयोजन होगा। इसी प्रकार सभी प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में रंगोली, भाषण, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसी प्रकार सरदार पटेल के जन्मदिवस 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय अखंडता दिवस पर विभिन्न विभागों द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित कराये जाएंगे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को भव्यता के साथ कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश देते हुए कहा कि साफ-सफाई, प्रकाश व अन्य व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करा लें। कहा कि इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। शासन के निर्देश के अनुसार सभी संबंधित अधिकारी भव्यता के साथ कार्यक्रमों का आयोजन कराएं।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले युवक को दबोचा

**उन्नाव।** अचलगंज के एक गांव निवासी 14 साल की किशोरी का शव सोमवार सुबह घर के टिनशेड से लटका मिला था। परिजनों ने पड़ोसी अमन पर बेटी को परेशान करने का आरोप लगाया था। मृतका के पिता की तहरीर पर युवक के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए प्रेरित करने की तहरीर दी थी। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी युवक के पिता रामबाबू ने बताया कि उसका बेटा निर्दोष है। छह महीने पहले बेटे पर आरोप लगाया गया था। बाद में सुलह भी कर ली थी। तब से उन लोगों का बोलचाल भी बंद है। पुरानी खुन्नस के चलते मृतका के पिता ने उसके बेटे को फंसाया है।

### डीसीए के दो खिलाड़ी गाजियाबाद रवाना

**उन्नाव।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सत्र 2025-26 हेतु अंडर-16 फाइनल ट्रायल के लिए जिले के 2 खिलाडियों सुयश सिंह व कृष्णा सोनी का चयन हुआ है। दोनों खिलाड़ी बुधवार सुबह गाजियाबाद के लिए रवाना हुए। जहां गुरुवार से उनके फाइनल सिलेक्शन मैच खेले जाएंगे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने दोनों खिलाड़ियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### रन फॉर यूनिटी रेस का आयोजन कल

**उन्नाव।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर 31 अक्टूबर को पुरुष महिला ओपन वर्ग में रन फार यूनिटी रेस का आयोजन सुबह 9 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट स्टेडियम में किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला क्रीड़ाधिकारी ने कहा कि प्रतियोगिता में प्रवेश नि:शुल्क है।

### युवक के विरुद्ध दर्ज हुई यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट

**उन्नाव।** बिहार थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी 21 वर्षीय बेटी अपने चचरे मामा राकेश पुत्र बुद्धी निवासी निहाल खेड़ा थाना बिहार के घर एक वर्ष पूर्व शादी में गई थी। बेटी से जीतू पुत्र राकेश ने छेड़छाड़ की थी। घटना के बाद से बेटी सदमे में है। बीती 28 अक्टूबर को बेटी ने पूरी घटना बताई। जब इस बारे में आरोपी जीतू से पूछा गया तो उसने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। एसओ राहुल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध यौन उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### जहरीले जंतु के काटने से वृद्ध की मौत

**नवाबगंज।** सोहरामऊ के खैलामऊ गांव निवासी रामआसरे (60) पुत्र स्व. प्रसाद बुधवार को गांव से 500 मीटर दूर खेत में धान काटने गया था। जहां उसे जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजन पहले झाड़फूंक कराने के लिए पास के गांव में गए। लेकिन हालत में सुधार न होने पर सीएचसी लाए। जहां उसकी मौत हो गई। उसके 6 बेटे राकेश, रज्जन, सज्जन, चंद्रेश, मुकेश व अखिलेश और एक बेटी सावित्री है। पति की मौत से पत्नी लक्ष्मी का रो-रोकर बुरा हाल रहा। एसओ संदीप शुक्ला ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### प्रतियोगिता में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवाबगंज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कोरारा में गौरा कठेरवा न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें 300 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित ब्लॉक अध्यक्ष विनोद तिवारी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल भावना से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसमें संरक्षक के रूप में खंड शिक्षाधिकारी दीपेश कुमार व प्रधानाध्यापक व शिक्षकों ने सराहनीय सहयोग दिया। संचालन ब्लॉक व्यायाम शिक्षक राकेश तिवारी व महेश द्विवेदी ने किया। विजयी बच्चे ब्लाक स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगें।

### आईडीबीआई बैंक ने स्कूलों को दिये उपकरण

**नवाबगंज।** क्षेत्र में बाल शिक्षा को प्रोत्साहन देने व सरकारी विद्यालयों में सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आईडीबीआई बैंक प्रबंधन ने नवाबगंज विकास खंड के 5 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को इन्वर्टर, बैटरी व साउंड बॉक्स वितरित किए। आईडीबीआई बैंक कुशुंभी शाखा प्रमुख अनूप अग्रवाल ने बताया कि बैंक सशक्तिकरण व स्वयं विकास के माध्यम से बाल शिक्षा को प्रोत्साहन देने को अपना सामाजिक कर्तव्य मानता है।

## अवैध मिट्टी खनन कर रहे 3 ट्रैक्टर जब्त

**नवाबगंज।** कानपुर-लखनऊ हाईवे पर अवैध खनन के विरुद्ध देररात खनन विभाग ने कार्रवाई की। खनन निरीक्षक प्रांजुल कुमार के नेतृत्व में टीम ने भल्ला फार्म के पास जांच के दौरान अवैध रूप से मिट्टी ले जा रहे तीन ट्रैक्टरों को पकड़ा। जबकि ओवरलोड 8 डंपरों का चालान भी किया।

खनन निरीक्षक ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई शुरू की गई। तीन ट्रैक्टरों को रोककर सोहरामऊ थाने चलने को कहा गया। लेकिन जैसे ही टीम ओवरलोड डंपरों की जांच में जुटी। तीनों चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गए। सिपाहियों की मदद से तीनों जब्त ट्रैक्टरों को सोहरामऊ थाने में खड़ा कराया गया है। ओवरलोड 8 डंपरों पर जुर्माना लगाते हुए विभाग ने 4 लाख 50 हजार का राजस्व जमा कराया। विभाग अब उन ठिकानों की तलाश कर रहा है जहां से यह अवैध खनन किया जा रहा था। ट्रैक्टर मालिकों के आने पर अवैध खनन स्थल का पता लगाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रदूषण फैला रही फैक्ट्री सील


अवैध फैक्ट्री सील कराते एसडीएम क्षितिज द्विवेदी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** दही औद्योगिक क्षेत्र में मानकों की अनदेखी कर प्रदूषण फैला रही इकाइयों पर प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इन इकाइयों से निकलने वाली दुर्गंध व प्रदूषण के कारण आसपास के गावों में लोगों को सांस संबंधी बीमारियों की शिकायतें थीं। जनप्रतिनिधियों द्वारा मुद्दा उठाए जाने के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ।

डीएम के निर्देश पर प्रदूषण, उद्योग, पशुपालन व पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों ने जांच की। चांदपुर में अयान कुरैशी द्वारा संचालित एक अवैध इकाई पाई गई। जहां बिना किसी मानक का पालन किए मृत पशुओं के शवों से हड्डी व चमड़ा अलग किया जाता था। जांच टीम ने इसे पब्लिक न्यूसेंस (बीएनएस धारा 152) के तहत कार्रवाई के लिए प्रस्तावित किया। कार्रवाई में 10 दिन की देरी हुई। आखिरकार, बुधवार को एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी व क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी शशि बिंदकर ने मौके पर पहुंचकर बिना लाइसेंस वाली इकाई को सील कर दिया। क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी ने कहा कि नियमों की अनदेखी करने वाले अन्य उद्योगों पर भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## एनडीपीएस एक्ट के दोषी को 15 साल की सजा

**उन्नाव।** कोर्ट ने मादक पदार्थ अधिनियम से जुड़े मुकदमे की अंतिम सुनवाई के दौरान दोषी को 15 साल की सजा के साथ दोषी पर डेढ़ लाख का अर्थदंड भी लगाया गया है। दही थाना पुलिस ने 5 जुलाई-2023 को आवास विकासी कालोनी निवासी शैलेंद्र विमल को डेढ़ किलो मादक पदार्थ के साथ पकड़ा था। पुलिस ने उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई कर जेल भेज दिया था। मुकदमे के विवेचक तत्कालीन दरोगा विशेष सिंह ने आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य एकत्र कर 17 जुलाई 2023 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तभी से मुकदमा अपर सत्र न्यायालय सप्तम की कोर्ट में विचाराधीन था। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के दौरान न्यायाधीश जयवीर सिंह नागर ने अभियोजन विभाग से विनय प्रकाश शुक्ला व मनीष शुक्ला की दलील व साक्ष्य के आधार पर शैलेंद्र को दोषी मानते हुए 15 साल की सजा सुनाई है।

## सरदार पटेल की जयंती पर शुरू होगा उन्नाव महोत्सव


पत्रकार वार्ता में जानकारी देते उन्नाव महोत्सव समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** सरदार पटेल की जयंती से शहर के जीआईसी मैदान में 13 दिवसीय उन्नाव महोत्सव शुरू होगा। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता के दौरान मनोनीत अध्यक्ष व समाज सेविका निम्मी अरोड़ा ने विभिन्न आयोजनों, झूले व स्टाल्स की जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष के आयोजन को नए कलेवर के साथ आयोजित किया जा रहा है। जिसमें महिला सशक्तिकरण पर भी कई कार्यक्रम होंगे। प्रबंधक अशोक पटेल शिवा ने लोगों से बढ़-चढ़कर भागीदारी और सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जिले और आस पास की प्रतिभाओं व कलाकारों ले लिए मंच और परिसर सजाया जा रहा है। संयोजक पूर्व बार अध्यक्ष राम सुमेर सिंह ने कहा कि मनोरंजक आयोजनों के साथ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सांस्कृतिक संयोजक डॉ. मनीष सिंह सेंगर ने कहा कि अलग-अलग दिन भजन संध्या, भक्ति नृत्य, शास्त्रीय संगीत, आल्हा लोक गीत, रॉक बैंड, कवि सम्मेलन मुशायरा, एक शाम उन्नाव के नाम, सेलिब्रिटी नाईट, मिक्स्ड मार्शल आर्ट आदि प्रतियोगिताएं होंगी।

## शिशु मंदिर गंगा नगर में 'सप्तशक्ति संगम' का उद्घाटन कल

**शुक्लागंज।** गंगानगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विद्या भारती विद्यालय द्वारा माताओं का सम्मेलन सप्तशक्ति संगम आयोजित किया जाएगा। प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम सिंह, व्यवस्था प्रमुख सुरेश सिंह एवं शिशु वाटिका प्रमुख मालती सिंह के अनुसार यह कार्यक्रम श्रृंखला 31 अक्टूबर से आरंभ होकर 30 नवंबर तक चलेगी। इसमें सभी भूमिकाएं केवल महिलाओं द्वारा निभाई जाएंगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को गीता में वर्णित उनके सात गुणों, कीर्ति, श्री, वाणी, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा का स्मरण कराना है। विशेष आकर्षण के रूप में विशिष्ट माताओं का सम्मान, प्रेरणादायी महिलाओं के संदेश और प्रश्नोत्तरी शामिल होंगे। 'सप्तशक्ति संगम' के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि जब नारी अपने सात गुणों को आत्मसात करती है तो वह परिवार और राष्ट्र, दोनों को प्रगति के पथ पर अग्रसर करती है।

# 6 महीने का क्रीड़ा शुल्क जमा करने पर ही जमा होंगी त्रुटि सुधार नामावली

**उन्नाव, अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की वर्ष-2026 की परीक्षा के लिए व कक्षा 9 व 11 के पंजीकरण में नामावली में त्रुटि सुधार के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा करना था। बुधवार को सदर तहसील के वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों के अभिलेख जमा करने थे। जब विद्यालयों के अभिलेख जमा करने के लिए प्रधानाचार्य व उनके प्रतिनिधि आए तो उनसे कहा गया कि जब तक कीड़ा शुल्क की जमा करने की रसीद नहीं लाएंगे तब तक उनके अभिलेख नहीं जमा किए जाएंगे। जिससे उन्हें निराश लौटना पड़ा। मगर सहायता प्राप्त जिन माध्यमिक विद्यालयों के अभिलेख कल नहीं जमा किए गए थे उन्हें आज जमा किया गया।

बता दें कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष-2026 की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में और कक्षा 9 और 11 के छात्रों के पंजीकरण भरने में विद्यालय द्वारा छात्रों की नामावली में माता, पिता, जन्मतिथि, जाति, वर्ग, विषय आदि की त्रुटि सुधार के लिए विद्यालयों के प्रधानाचार्य को एक अवसर दिया गया था कि उनके द्वारा छात्रों के आवेदन फॉर्म भरने में किसी प्रकार की त्रुटि हुई हो तो उसका ऑनलाइन संशोधन कर सकते हैं। इसके लिए वेबसाइट खोली गई थी। पहले 25 अक्टूबर तक, बाद में 31 अक्टूबर तक त्रुटि सुधार के आदेश बोर्ड सचिव द्वारा दिए गए थे। ऑनलाइन सुधार होने की दशा में इसकी हार्डकॉपी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए गए थे। ताकि वह बोर्ड सचिव को उसकी प्रति भेज सकें।


डीआईओएस कार्यालय में बोर्ड नामावली जमा करते समय प्रधानाचार्य से क्रीड़ा शुल्क जमा की रसीद मांगते लिपिक। अमृत विचार

### 5 नवंबर तक कर सकते हैं त्रुटि सुधार

प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक जीआईसी के प्रधानाचार्य परमात्मा शरण ने कहा कि बोर्ड सचिव द्वारा ऑनलाइन त्रुटि संशोधन की तिथियां 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 5 नवंबर कर दी गई हैं। इस दौरान बोर्ड की वेबसाइट खुली रहेगी। यदि कोई विद्यालय किन्हीं कारणों से त्रुटि सुधार न कर पाया हो तो 5 नवंबर तक सुधार कर सकता है। कक्षा 9 व 11 के पंजीकरण में भी त्रुटि होने पर सुधार किया जा सकता है।

## नवीन पुल पर एक घंटे तक लगा जाम

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार।** बुधवार सुबह नवीन पुल पर अचानक वाहनों का दबाव बढ़ने से करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। सुबह लगभग दस बजे से बालूघाट मोड़ से लेकर पोनी रोड तिराहे तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मार्ग संकरा होने और लगातार बढ़ते यातायात के कारण स्थिति और बिगड़ती चली गई।

इसी दौरान कानपुर व शुक्लागंज से चलने वाली ई-बसें भी जाम में फंस गईं, जिससे जाम और अधिक लंबा हो गया। जाम के चलते कानपुर ड्यूटी, दफ्तरों व अन्य संस्थानों को जाने वाले लोग देर से पहुंचे। स्कूली छात्र-छात्राओं को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ी। करीब ग्यारह बजे वाहनों का दबाव कम हुआ, तब जाकर पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से जाम हट सका और आवागमन सुचारू हो पाया। वहीं शाम के समय एक बार फिर वाहनों का भार बढ़ने से भीषण जाम लग गया। जिस कारण देर रात तक नवीन पुल पर जाम की स्थिति बनी रही। जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

## सिटी डायरी

### बाल विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने बनाये आकर्षक मॉडल


छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडल।

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिला स्तरीय दो दिवसीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन अटल बिहारी इंटर कॉलेज में किया गया। जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल प्रस्तुत किए गए। जूनियर व सीनियर वर्ग में होने वाली बाल विज्ञान प्रदर्शनी में जिले के करीब 45 राजकीय, सहायता प्राप्त व वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसका अवलोकन पर्यवेक्षकों द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य अजब सिंह यादव ने बताया कि कल विज्ञान शिक्षकों द्वारा बनाए जाने वाले मॉडलों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इसके बाद ही अंतिम परिणाम घोषित किया जाएगा।


गौशाला में गोवंश की पूजा अर्चना करतीं पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे।

### गोपाष्टमी पर गौपूजन, गुड़-चना व हरे चारे से किया सत्कार

**शुक्लागंज।** कार्तिक माह की गोपाष्टमी पर बुधवार को नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा व उत्साह के साथ गोवंशों की पूजा-अर्चना की गई। तड़के ही महिलाओं ने स्नान-ध्यान के बाद मंदिरों और गौशालाओं में पहुंचकर गाय-बछड़ों का पूजन किया। विशेष पूजन के साथ अन्नकूट का आयोजन भी किया गया, जिसके उपरांत प्रसाद वितरण हुआ। गगनीखेड़ा स्थित कान्हा गौशाला में पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने विधि-विधान से गोवंशों का पूजन किया और उन्हें गुड़, चना, खीर, पुड़ी व हरा चारा खिलाया। अन्ना गोवंशों को भी आहार प्रदान किया गया। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन करती रहीं। गोपूजन के दौरान जल में हल्दी मिलाकर गाय-बछड़ों को अर्घ्य दिया गया तथा उन्हें खील, बतासे, चावल व रोली से तिलक कर पूजा गया। गृहस्थ परिवारों में भी विधिविधान के साथ पूजन किया गया।



गाने होने के दौरान मौजूद कलाकार।

### चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में '120 बहादुर' फिल्म के गाने हुए लॉन्च

**उन्नाव।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उप्र में मंगलवार को बॉलीवुड फिल्म '120 बहादुर, हम पीछे नहीं हटेंगे' के गानों की लांचिंग की गई। यह फिल्म रेज़ांग ला की ऐतिहासिक लड़ाई पर आधारित है। जो भारतीय सेना की बहादुरी का प्रतीक रही है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध अभिनेता व गायक फरहान अख्तर और मशहूर प्लेबैक सिंगर सुखविंदर सिंह विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों कलाकारों ने फिल्म के गानों का अनावरण किया और छात्रों के साथ देशभक्ति से भरी इस शाम का हिस्सा बने। गीतों के लॉन्च के बाद पूरे कैंपस में जोश व ऊर्जा का माहौल बन गया। छात्रों ने संगीत की धुनों पर थिरकते हुए उत्साह और देशप्रेम का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लोकप्रिय पॉप-रॉक बैंड फ़रीदकोट का लाइव परफॉर्मेंस रहा।

### सुनहरे भविष्य के लिए एकता और तकनीक जरूरी : डॉ. अरुण सक्सेना


चित्रगुप्त मंदिर में मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना का स्वागत करते पदाधिकारी।

**उन्नाव।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने शहर के इब्राहिम बाग स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना ने कायस्थ समाज को अपने सुनहरे इतिहास से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कहा कि वर्तमान को सशक्त और भविष्य को पुन: सुनहरा बनाने के लिए समाज को संख्या बल के साथ एकता व सक्रिय भूमिका दिखानी होगी। तभी सर्व समाज में सम्मानजनक उपस्थिति दर्ज हो पाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अरविंद श्रीवास्तव 'कमल' ने कहा कि कायस्थ समाज को समय के साथ बदलना होगा।

**तैयारी** | प्रिंसिपल चीफ इंजीनियर ने रेलवे गंगापुल का किया निरीक्षण

# जनवरी से डाउन ट्रैक पर बदलेंगे स्लीपर

संवाददाता, शुक्लागंज

**अमृत विचार।** गंगा नदी पर बने रेलवे गंगापुल का बुधवार शाम दिल्ली से आये प्रिंसिपल चीफ इंजीनियर (नॉर्दन रेलवे) बीबीएस तोमर ने निरीक्षण किया। वह विशेष सैलून से दिल्ली से गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचे। शाम लगभग पौने पांच बजे स्टेशन पर पहुंचने के बाद उन्होंने डीईएन-5 प्रवेन्द्र कुमार, वरिष्ठ मंडल अभियंता विकास गोयल सहित तकनीकी अधिकारियों की टीम के साथ पुल निरीक्षण के लिए रवाना हुए। पुल तक पहुंचने के लिए इंजीनियरों की टीम पुश ट्राली से आगे बढ़ी।

निरीक्षण के दौरान प्रिंसिपल चीफ इंजीनियर ने सबसे पहले डाउन लाइन के ट्रफ और स्लीपरों की वास्तविक स्थिति को परखा। उन्होंने पुल की तकनीकी मजबूती, ट्रैक की सीधाई, जंगरोधी स्थिति, रेल संरचना और भारसहन क्षमता की जानकारी ली। इसके बाद अप लाइन पर पूर्व में अप लाइन में डाले गए एच-बीम चैनल स्लीपरों का भी बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से इन स्लीपरों को लगाने के बाद संचालन में प्राप्त सुधारों की जानकारी ली और इसे बेहतर मॉडल बताया। बीबीएस तोमर ने बताया कि रेलवे गंगापुल के डाउन ट्रैक पर भी जनवरी माह से अपग्रेडेशन कार्य शुरू हो सकता है। अप लाइन की ही तर्ज पर डाउन लाइन पर भी एच-बीम चैनल स्लीपर डाले जाएंगे। इससे पुल की मजबूती बढ़ेगी, ट्रेनों की रफ्तार में सुधार होगा और ट्रैक पर झटके कम आएंगे। अधिकारियों ने बताया कि कार्य शुरू होने से पहले ब्लॉक शेड्यूल तैयार किया जाएगा, ताकि ट्रेन संचालन पर न्यूनतम प्रभाव पड़े। निरीक्षण के बाद टीम स्टेशन लौटी और आगे की कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की। शाम करीब 6 बजकर 5 मिनट पर प्रिंसिपल चीफ इंजीनियर टीम के साथ वापस रवाना हो गए।


अप लाइन के एचबीएम चैनल स्लीपर को देखते पीसीई। अमृत विचार



ज्ञान और आदत दोनों को ही सुधारने से मनुष्य सुधरता है।
–डॉ. राम मनोहर लोहिया, समाजवादी चिंतक

## वेतनवृद्धि और प्रश्न

आठवें वेतनमान की शर्तों को सरकार द्वारा स्वीकृति मिलना सरकारी कर्मचारियों या पेंशनधारियों के लिए खुशखबरी है, तो देश की अर्थव्यवस्था, समाज, बाजार और निर्माण क्षेत्र के लिए भी व्यापक प्रभाव वाला कदम है। भारत में सरकारी क्षेत्र प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग पांच करोड़ लोगों की आय और जीवन स्तर को प्रभावित करता है। 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और लगभग 70 लाख पेंशनधारियों को इससे आर्थिक लाभ तो होगा ही, भविष्य में राज्य सरकारें भी इसके आधार पर कार्रवाई करेंगी, तो ऐसे में प्रभावितों की संख्या बीसियों करोड़ तक बढ़ जाएगी। वेतनमान की नई व्यवस्था से आने वाला आर्थिक प्रवाह देश के आर्थिक ढांचे को नई गति देने वाला साबित हो सकता है। सिफारिशें समयबद्ध रूप से लागू होंगी, तो इसका असर अगले वित्त वर्ष से दिखेगा।

पूरी प्रक्रिया के लागू होने पर कर्मचारियों और पेंशनधारियों को औसतन 30 प्रतिशत तक का आर्थिक लाभ मिलेगा, तो इसका सीधा असर उनकी क्रयशक्ति पर पड़ेगा। स्वाभाविक तौर पर उपभोग में वृद्धि होगी, जिससे खुदरा व्यापार, बचत, निवेश, उपभोक्ता वस्तु उद्योग, वाहन, आवास और निर्माण जैसे क्षेत्रों में नई जान आएगी। बाजार और निर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। सातवें वेतन आयोग के बाद बाजारी मांग में तकरीबन 10 प्रतिशत की वृद्धि आंकी गई थी। ऐसा ही रुझान फिर संभावित है। रियल एस्टेट, ऑटोमोबाइल सेक्टर, ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव होगा, क्योंकि बड़ी संख्या में कर्मचारी छोटे शहरों और कस्बों में रहते हैं। इस वृद्धि से आर्थिक बोझ भी बढ़ेगा। केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन वृद्धि के अनुरूप राज्य सरकारें भी वेतन बढ़ाती हैं, तो पहले से ही भारी कर्जे में दबे राज्यों की वित्तीय स्थिति इस बोझ से चरमरा सकती है। केंद्र पर इसका यदि सालाना 1.5 लाख करोड़ रुपये तक का बोझ बढ़ेगा, तो राज्यों को मिलाकर कुल तीन लाख करोड़ रुपये तक। बेशक यह बोझ वित्तीय अनुशासन के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। संभव है कि सरकारें अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बजट में कटौती करें या नए कर लगाएं।

नैतिक और प्रशासनिक प्रश्न है कि क्या वेतन वृद्धि से कर्मचारियों का कार्य निष्पादन भी बेहतर होगा? काम काज का स्तर सुधरेगा? जिम्मेदारी का बोझ बढ़ेगा? अभी तक का अनुभव बताता है कि वेतन वृद्धि से इसका कोई रिश्ता नहीं है। सरकार को चाहिए कि वह जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ प्रदर्शन आधारित मूल्यांकन प्रणाली बनाए, तभी उच्च वेतन का लाभ उत्पादकता में परिवर्तित होगी। कर्मचारी के वेतन में उसकी दक्षता और कार्यनिष्ठा का प्रत्यक्ष संबंध हो, इसके लिए वेतन वृद्धि के साथ-साथ 'परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव' प्रणाली मजबूत करनी होगी। अधिक वेतन से रिश्वतखोरी की प्रवृत्ति घट सकती है, यह उम्मीद बेमानी है। इसके लिए वेतन वृद्धि के समानांतर ई-गवर्नेंस, ऑडिटिंग और सार्वजनिक निगरानी को नियंत्रण एवं पारदर्शिता प्रणाली को सशक्त बनाना होगा। आठवां वेतनमान केवल वेतन का सवाल नहीं है, यह जवाबदेही, उत्पादकता और सुशासन को नई दिशा देने का अवसर है।

### प्रसंगवश

## नारी इच्छा और सम्मान के विरुद्ध है 'आटा-साटा'

राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में प्रचलित आटा-साटा प्रथा के कारण कई परिवारों में तनाव, रंजिश और हिंसा की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। हाल ही में किशनगढ़ में दो महिलाओं की हत्या की घटना ने इस कुप्रथा की भयावहता को फिर उजागर कर दिया। दो परिवारों के बीच बेटियों के आटा-साटा के तहत हुई सगाई के बाद किसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि एक परिवार ने गाड़ी चढ़ाकर, दूसरे परिवार की दो महिलाओं को मौत के घाट उतार दिया। नागौर जिले में 21 वर्षीय युवती ने आत्महत्या कर ली थी और अपने सुसाइड नोट में उसने साफ लिखा था कि उसकी जान लेने के पीछे आटा-साटा की मजबूरी जिम्मेदार थी। जालोर जिले में एक ट्रेनी कांस्टेबल को इस प्रथा को न मानने पर सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ा। ऐसे मामले राजस्थान में हर साल सामने आ रहे हैं।



**देवेंद्र सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार

आटा-साटा यानी लड़की के बदले लड़की की परंपरा राजस्थान, हरियाणा और गुजरात के कुछ ग्रामीण इलाकों में आज भी प्रचलित है। इस व्यवस्था में दो या कभी-कभी तीन परिवार आपसी सहमति से अपने बेटे-बेटियों की शादी अदला-बदली में तय करते हैं या यूं कहिए कि लड़कियों की आपस में अदला-बदली की जाती है। पुराने समय में इसका उद्देश्य था कि शादी के खर्च को कम किया जाए और दो परिवारों के बीच स्थायी रिश्ते बने रहें और दोनों बेटियां भी सुखी रहे, लेकिन धीरे-धीरे इस परंपरा ने विकृत रूप ले लिया। अब यह परंपरा एक ऐसी सामाजिक बेड़ी बन चुकी है, जिसमें महिलाओं की इच्छाओं और अधिकारों की कोई जगह नहीं बची।

इस प्रथा में एक परिवार अपने बेटे की शादी तभी करता है, जब दूसरा परिवार अपनी बेटी की शादी उसके घर में करने को तैयार हो। कई बार तो बेटी के जन्म से पहले ही उसका रिश्ता तय कर दिया जाता है कि अगर बेटी हुई तो उसकी शादी फलां घर में होगी और यदि बेटी नहीं होती तो रिश्तेदार की लड़की को दबावपूर्वक इस लेन-देन में शामिल कर लिया जाता है। यही वजह है कि यह प्रथा एक बार शुरू होने के बाद परिवार में कभी समाप्त नहीं होती, बल्कि पीढ़ी दर पीढ़ी चलती रहती है। इसकी वजह से कई बार बेमेल और असमान उम्र के विवाह होते हैं।

पढ़ी-लिखी लड़कियों को ऐसे परिवारों में भेज दिया जाता है, जहां वे मानसिक और शारीरिक यातना झेलती हैं। कई महिलाएं अपनी इच्छा के विरुद्ध विवाह करने को मजबूर होती हैं और विरोध करने पर हिंसा का शिकार बनती हैं। अगर एक घर में बेटी किसी कारण से दुखी होती है तो दूसरी बेटी को भी बेवजह दुखी किया जाता है। उसे तरह-तरह के कष्ट दिए जाते हैं। इस प्रकार यह प्रथा सीधे-सीधे महिलाओं के मानवाधिकारों का उल्लंघन करती है और उन्हें वस्तु की तरह व्यवहार करने की मानसिकता को बढ़ावा देती है।

हालांकि सरकार और समाज इस कुप्रथा को खत्म करने के प्रयास कर रहे हैं। 2021 में तत्कालीन गहलोत सरकार ने इस मुद्दे को गंभीर मानते हुए आटा-साटा प्रथा को समाप्त करने के लिए कानून लाने की घोषणा की थी। सामाजिक संगठन भी गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चला रहे हैं। इन कोशिशों के बावजूद यह प्रथा ग्रामीण इलाकों में आज भी जिंदा है। इस कुप्रथा के बने रहने के कई सामाजिक और आर्थिक कारण हैं। सबसे बड़ा कारण है लिंगानुपात में असमानता। गरीबी व दहेज प्रथा का डर भी इसमें बड़ी भूमिका निभाता है। शिक्षा की कमी और जागरुकता का अभाव भी बड़ा कारण है। जहां शिक्षा और समानता की सोच कमजोर होती है, वहां परंपराओं का अंधानुकरण ही समाज का हिस्सा बन जाता है।

# सरहद पर खतरा बन रहे हैं अवैध धर्म स्थल





**विवेक शुक्ला**
पूर्व सूचना अधिकारी
यूएई एंबेसी

भारत की सरहदों के आसपास पिछले कुछ दशकों के दौरान अवैध रूप से बनाए गए धार्मिक स्थलों ने देश की सुरक्षा के सामने गंभीर समस्या का रूप धारण कर लिया है। इन पर अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देने और देश-विरोधी तत्वों को शरण देने के पुख्ता सबूत भी मिले हैं। भारत-बांग्लादेश, भारत-नेपाल और भारत-पाकिस्तान सीमाओं पर ऐसे हजारों धार्मिक स्थल बिना किसी सरकारी अनुमति के खड़े किए गए। इनमें से कई तो सीधे-सीधे अवैध घुसपैठियों द्वारा बनाए गए हैं, जो स्थानीय आबादी में घुल मिलकर डेमोग्राफिक परिवर्तन लाने की साजिश कर रहे हैं। दरअसल इस समस्या की जड़ें बहुत गहरी हैं। देश की स्वतंत्रता के बाद से ही सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध निर्माण बनते रहे हैं। राजनीतिक संरक्षण और वोट बैंक की राजनीति ने इन्हें पनपने दिया, लेकिन मौजूदा केंद्र सरकार ने इन पर लगाम लगाने का फैसला लिया है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हाल ही में सीमावर्ती जिला कलेक्टरों को निर्देश दिया कि सीमा के 30 किलोमीटर के दायरे में सभी अवैध धार्मिक अतिक्रमणों को हटा दिया जाए। अमित शाह ने अपने निर्देश में यह भी कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे क्षेत्रों में कोई भी अवैध धार्मिक ढांचों का निर्माण न हो और जो पहले से अवैध धार्मिक स्थल बने हुए हैं, उनको तुरंत ध्वस्त किया जाए। इस निर्देश के पीछे सिर्फ एक ही उद्देश्य है कि कोई घुसपैठिया यहां आकर छुप न पाए और भारत विरोधी कोई षड्यंत्र न कर सके। भारत सरकार ने पहले भी कई बार इस बात की निशानदेही की है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल से सटे भारत की सीमाओं में तेजी से अवैध धार्मिक ढांचों का निर्माण पिछले दो दशक में हुए हैं।

> सरहद पर अवैध रूप से बनाए गए तमाम धार्मिक स्थल सुरक्षा के लिए खतरा माने जा रहे हैं। इन्हें हटाने की कवायद केंद्र सरकार ने शुरू कर दी है।

गृह मंत्रालय ने जिन राज्यों को निर्देश दिए हैं, उनमें गुजरात, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख हैं। इन राज्यों की सरकारों को इस आदेश पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। केंद्र सरकार का मानना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों को अवैध निर्माणों से बचाना होगा।

बेशक, घुसपैठ के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकीय संतुलन तेजी से बदल रहा है और इससे देश की सीमा को खतरा उत्पन्न हो सकता है। सीमा पर बाहरी लोगों को अवैध तरीके से बसाना एक सामान्य राजनीतिक और भौगोलिक कारण नहीं है, बल्कि यह एक अतंर्राष्ट्रीय षड्यंत्र का हिस्सा भी हो सकता है। नेपाल की सीमा से लगे बिहार और उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर अवैध मस्जिदों और मदरसों का निर्माण कराया गया। इन मदरसों में बांग्लादेशी बच्चे भी पाए गए हैं। असम में भी ऐसी ही शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद असम सरकार ने मदरसों को सामान्य स्कूलों में बदलने का फैसला लिया।

सरकार का यह कदम इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि ये अवैध स्थल सीमा सुरक्षा बलों (बीएसएफ) की निगरानी में बाधा डालते हैं। कई मामलों में, इन जगहों को घुसपैठ के लिए कवर के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जहां देश-विरोधी ताकतें छिपकर अपनी साजिशें रचती हैं। उदाहरण स्वरूप, बांग्लादेश सीमा पर ऐसे मदरसे पाए गए हैं, जहां पाकिस्तान समर्थित आतंकी समूहों के सदस्यों को शरण मिली। सरकार ने अपनी जांच में यह भी पाया है कि जिन सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ लगातार होती रही है, उन क्षेत्रों के मूल निवासी पलायन के लिए मजबूर कर दिए गए, क्योंकि बाहरी लोगों ने अपनी संख्या के बल पर स्थानीय लोगों का उत्पीड़न शुरू कर दिया था। उनकी जमीनों पर कब्जा कर लिया था और उनकी बहू-बेटियों के साथ अभद्रता शुरू कर दी। गृह मंत्री ने स्वयं इन कई क्षेत्रों का दौरा किया और स्थानीय निवासियों को प्रश्रय देने और उनका संरक्षण करने के लिए जीवंत गांव कार्यक्रम की शुरुआत की। सबसे पहले सीमावर्ती गांवों से पलायन को रोकने के लिए उनके जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। साथ में यह भी पहल की गई कि सीमावर्ती गांवों के प्रत्येक निवासी को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ दिया जाए। मूल निवासी के रूप में पहचाने जाने वाले गावों को अब जल्द ही राष्ट्रीय और सीमा सुरक्षा तंत्र से जोड़ा जाएगा।

जम्मू कश्मीर में कुछ बड़े आतंकवादियों ने इन अवैध धार्मिक स्थानों में पनाह ली थी। आतंकवादी संगठन अपना विस्तार इन मस्जिदों के जरिए करने लगे। चरमपंथी संदेश का प्रचार मस्जिदों से भी किया जाने लगा। मस्जिदों से जिहाद करने वालों को जन्नत नसीब होने का पाठ पढ़ाया गया। कुछ मस्जिदों को तो कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने के लिए विदेश से धन भी प्राप्त होता रहा। केंद्र में एनडीए सरकार के आने के बाद कट्टरपंथ और वैचारिक कट्टरता में संलिप्त मदरसों, स्कूलों और धार्मिक संस्थानों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई।

चुनौतियां कम नहीं हैं। इन संरचनाओं को हटाने में स्थानीय विरोध और कानूनी अड़चनें आती हैं। कई बार, मानवाधिकार संगठन हस्तक्षेप करते हैं, लेकिन राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे अभियान से सीमा प्रबंधन में सुधार आएगा और अवैध घुसपैठ में कमी आ सकती है। साथ ही, वैध धार्मिक स्थलों को संरक्षण मिलेगा, जो सही अनुमति के साथ बने हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि यह अभियान भारत की सीमाओं को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। अवैध धार्मिक संरचनाएं न केवल सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि देश की एकता को भी चुनौती देती हैं। सरकार को देखना होगा कि सरहदों पर अवैध धार्मिक स्थल भविष्य में न बनें।

### आमने सामने



तीन फीसदी आबादी वाले निषाद नेता मुकेश साहनी को महागठबंधन उपमुख्यमंत्री कैंडिडेट बना सकता है, तो 17% मुसलमानों का प्रतिनिधित्व करने वाला सीएम क्यों नहीं? कांग्रेस-आरजेडी, सपा, बीजेपी के डर का हवाला देकर वोट लेते हैं, लेकिन टिकट बंटवारे में मुसलमानों को हिस्सा नहीं देते। –असदुद्दीन ओवैसी, प्रमुख, एआईएमआईएम

ओवैसी मुसलमानों को डर दिखाकर वोट बैंक बनाए रखना चाहते हैं। मुसलमानों में डर का माहौल कब तक चलेगा? लोकतंत्र में डर नहीं, भागीदारी चाहिए। बाहर आइए, वोट डालिए, जिसे चाहे चुनिए, लेकिन जवाबदेही मांगिए। पीएम मोदी की योजनाएं बिना भेदभाव के सबके लिए हैं। –चिराग पासवान प्रमुख, एलजेपी (रामविलास)



# भूस्खलन: उपचार से ज्यादा सख्ती की जरूरत



**अमित शर्मा**
हल्द्वानी

बीमारी कैसी भी हो, उसका ट्रीटमेंट कायदे से हो, तो थोड़ा बहुत समय भले ही लगे, काफी हद तक निजात मिलने की संभावना बनी ही रहती है, लेकिन उत्तराखंड में पहाड़ों पर एक बीमारी ठीक इसके विपरीत है। यह बीमारी किसी इंसान को नहीं, बल्कि खुद पहाड़ को ही लगी है और इसका दंश इंसानों की एक बड़ी आबादी झेलती है। 'भूस्खलन' नाम की यह बीमारी प्रकृति के रूठने से है, तो कहीं मानवीय सोच की देन है। मैदान से मिलने की चाहत लेकर दरकती इन पहाड़ियों के ट्रीटमेंट पर सरकार करोड़ों रुपये बहा रही है, तो पहाड़ों को बांधे रखने के लिए विशेषज्ञ उसके उपचार में लगे हैं, लेकिन मर्ज ऐसा है जिसका अंतहीन दंश मानव भुगत रहा है।

उत्तराखंड में सीना ताने खड़े कई पहाड़ अब बुजुर्ग हो रहे हैं। कभी धीरे-धीरे तो कभी एकदम से दरक रहे हैं और उनका यही दरकना इंसानी मौत की खबरें बनकर सामने आता है। रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी और पौड़ी जिले के पहाड़ भूस्खलन से सबसे ज्यादा प्रभावित माने जाते हैं, तो नैनीताल व अल्मोड़ा की पहाड़ियां भी अपने आधार और अस्तित्व को खोती नजर आ रही हैं। इनका ट्रीटमेंट लंबे समय से चल रहा है। सरोवर नगरी नैनीताल की बात करें तो वर्तमान में सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्रों में बलिया नाला को आंका जाता है, जबकि शेर का डांडा, नयना पीक और टिफिन टॉप की पहाड़ियां भी भूस्खलन का दंश निरंतर झेल रही हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद इन पहाड़ियों के खिसकने का सिलसिला शायद ही कभी थम सके।

> पहाड़ों के भूस्खलन ने इस साल जान-माल का बहुत नुकसान किया। यह समस्या काफी हद तक मानवजनित है, इसलिए उसके इलाज की जिम्मेदारी भी उसी की है।

बलिया नाला का अस्तित्व नैनीताल से जुड़ा माना जाता है, जिस पर नैनी झील के अकूत पानी का दारोमदार है, मगर यह क्षेत्र जबरदस्त भूस्खलन से प्रभावित रहा है। करीब दो वर्ग किमी में फैले बलिया नाला में कई दशकों से भूस्खलन हो रहा है। इस क्षेत्र से लगा कृष्णापुर रिहायशी क्षेत्र का 30 फीसद हिस्सा भूस्खलन की भेंट चढ़ चुका है। दर्जनों परिवारों को इस क्षेत्र से अन्यत्र स्थानांतरित होना पड़ा है। इसके निचले क्षेत्र का खतरा अभी भी बरकरार है। भूस्खलन क्षेत्र से तीन प्राकृतिक जलधाराएं भी बलिया नाले का सीना छलनी करने का बड़ा कारण हैं। नगर की सर्वाधिक ऊंची चोटी नयना पीक में भूस्खलन जारी है। 2600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस चोटी का स्थायी उपचार भी नजर नहीं आता है। इस पर्वत पर होने वाले भूस्खलन से बरसात की रातें भयमुक्त नहीं हैं। इसकी तलहटी में सैकड़ों की संख्या में लोगों की रिहाइश है।

टिफिन टॉप की चोटी भी भूस्खलन मुक्त नहीं रही। पिछली बरसात में यह चोटी पूरी तरह भरभराकर जमींदोज हो गई, जिसमें ब्रिटिशकालीन ऐतिहासिक डोरथी सीट भी दफन हो गई। भविष्य में भी इस पहाड़ पर भूस्खलन का खतरा जारी रहने की संभावना से कतई इंकार नहीं किया जा सकता है। शेर का डांडा में भूस्खलन का इतिहास सर्वाधिक दर्दनाक रहा है, जो वर्ष 1880 में 151 लोगों का जीवन लील गया था। इस वर्ष मानसून में इस पहाड़ी का एक हिस्सा धंसने से बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है।

ट्रीटमेंट की बात करें तो सिंचाई विभाग के सहायक अधिशासी अभियंता प्रमोद पाठक बताते हैं कि करीब 300 करोड़ की लागत से चल रहा बलिया नाला का 55 फीसद उपचार पूरा किया जा चुका है। इसका ट्रीटमेंट ऊपरी हिस्से से किया जा रहा है। पिछली दो बरसातें भूस्खलन से मुक्त व राहत देने वाली हैं। स्लोप जेंटल, माइक्रो पाइल्स शॉट रिटिंग का कार्य आधुनिक तकनीक से हो रहा है। ऊपरी हिस्से की सुरक्षा दीवारों का काम पूरा हो रहा है। भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र से निकल रही जलधाराओं को नालों के जरिए बाहर निकाला जाएगा, ताकि भविष्य में जल स्रोतों से होने वाले बलिया नाले को भूस्खलन से रोका जा सके। दो साल पहले इसका ट्रीटमेंट शुरू किया गया था, जिसे पूरे होने का लक्ष्य जनवरी 2027 निर्धारित है। उम्मीद है कि निर्धारित समय पर लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। इधर, नयना पीक, टिफिन टॉप और शेर का डांडा में अस्थायी उपचार तो जारी है, लेकिन स्थायी ट्रीटमेंट की अभी कोई राह नजर नहीं आ रही है।

अल्मोड़ा में बीते डेढ़ साल से अल्मोड़ा-हल्द्वानी नेशनल हाइवे के बीच क्वारब की पहाड़ी मुसीबत का सबब बनी है। एनएच-109 पर 56 किमी क्वारब पुल के पास बीते वर्ष सितंबर 2024 में भूस्खलन क्षेत्र बना था। तीन जिलों की लाइफलाइन कहे जाने वाले इस एनएच पर बीते एक साल से रात में वाहनों की आवाजाही बंद है। इसके स्थायी समाधान के लिए केंद्र ने सुरक्षात्मक कार्यों के लिए 68.37 करोड़ स्वीकृत किए। पहले चरण में खड्ड साइड से सड़क सतह तक सुरक्षा दीवार और एंकरिंग कार्य के लिए 17 करोड़ रुपये दिए गए, जिसका कार्य लगभग 80 फीसदी पूरा हो चुका है। वहीं, मार्ग में खतरे को देखते हुए अभी भी रात के समय यहां से आवाजाही बंद है। दोपहर में ऊपर से गिर रहा मलबा यात्रियों के लिए जोखिम भरा बना हुआ है। प्रशासन इस समस्या के समाधान की जुगत में लगा हुआ है। प्रशासन की ओर से डोबा-चौसली वैकल्पिक मार्ग की प्रक्रिया जारी है। यहां दो वैली ब्रिज बनाकर सड़क का निर्माण किया जाना है। दूसरे चरण में 51.37 करोड़ की लागत से हिल साइड ट्रीटमेंट किया जा रहा है।

### सोशल फोरम

## किस्सा महिला जासूस माताहारी का

मार्गरेट गीर्तोईदा जेले जासूसी की दुनिया का सबसे मशहूर नाम है। 15 अक्टूबर, 1917 को जेले को फायरिंग स्क्वाड के सामने खड़ा कर गोलियों से भून दिया गया था। जेले को माताहारी के नाम से भी जाना जाता है। उन्हें करीब पचास हजार लोगों की मौत का जिम्मेदार ठहराया गया था। इसके अलावा उस पर जर्मनी के लिए जासूसी करने का भी आरोप था। माताहारी के कई प्रभावशाली व्यक्तियों से संबंध थे।



**डालचंद मेनारिया**
पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी

जेले या माताहारी एक बेहतरीन डांसर थी। फर्स्टस वर्ल्डभ वार के दौरान वह पेरिस में एक डांसर और स्ट्रिपर के रूप में मशहूर थीं। उनके डांस को देखने के लिए राजनीति और सेना के बड़े नामी लोग आया करते थे। यह वह दौर था जब माताहारी ने एक देश की सीक्रेट इर्फॉमेशन को इधर से उधर करने का काम शुरू किया था। अपनी अदाओं के जरिए उसके लिए यह काम धीरे-धीरे आसान होता चला गया। जर्मन के प्रिंस समेत कई प्रभावशाली लोगों के साथ माताहारी के संबंध थे।

माताहारी की शादी इंडोनेशिया में तैनात नीदरलैंड की शाही सेना के एक अधिकारी से हुई थी। शादी के बाद इन दोनों ने कुछ समय जावा में गुजारा। यहां पर वह एक डांस कंपनी में शामिल हो गई और अपना एक नया नाम रखा माताहारी। 1907 में माताहारी ने नीदरलैंड लौटने के बाद अपने पति को तलाक दे दिया और पेशेवर डांसर के रूप में पेरिस चली गई। यहां पर उसकी मादक अदाओं के किस्सेव हर किसी की जुबान पर थे। इसी दौरान फ्रांस की सरकार ने माताहारी को पैसों के बदले जासूसी करने के लिए राजी किया।

फर्स्टक वर्ल्डो वार में माताहारी के जरिए फ्रांस ने जर्मनी की कई सीक्रेट इंफोर्मेशन को हासिल किया था। यहां से ही माताहरी की पैसे की भूख इस कदर बढ़ी कि वह डबल एजेंट हो गई। एक तरफ जहां वह फ्रांस की खबर जर्मनी को देती, वहीं जर्मनी की खबर फ्रांस को देती थी। इसकी जानकारी बाद में फ्रांस के सीक्रेट डिपार्टमेंट को लग गई। सन् 1917 में फ्रांस में माताहारी को अरेस्ट किया गया। यहां पर उसका कोई झूठ नहीं चल सका।

फ्रांसीसी सेना ने उसके खिलाफ जो सुबूत पेश किए उसमें स्पेन की राजधानी मैड्रिड से जर्मनी की राजधानी बर्लिन भेजे जा रहे कुछ सीक्रेट्स भी थे। उसे 50 हजार लोगों की मौत का जिम्मेदार ठहराया गया और 15 सितंबर, 1917 में गोलियों से भूनकर मौत की सजा दी गई। उस वक्तऔ वह 41 वर्ष की थी। **-फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## भारत में हुआ वन विस्तार जरूरी है प्रदूषण नियंत्रण

संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एएफओ) के सर्वे ने भारत में वन क्षेत्र में वृद्धि की जानकारी दी है। भारत अब वन विस्तार में नई उपलब्धि के साथ नौवें स्थान पर आ गया है। पिछले वर्ष यह दसवें पायदान पर था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान ने इस बढ़त में अहम् भूमिका निभाई है। यह रिपोर्ट इंडोनेशिया के बाली में 'वैश्विक वन संसाधन मूल्यांकन' (जीएफआरए)-2025 के नाम से जारी हुई है। वैश्विक पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से भारत के लिए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि तब मील का पत्थर है, जब भारत औद्योगिक, नवीकरणीय ऊर्जा और ढांचागत विकास में निरंतर प्रगति कर रहा है। ऐसे में नौवें स्थान पर आना सतत् वन प्रबंधन और पारिस्थितिकी संरक्षण में संतुलन को दर्शाता है। एएफओ की रिपोर्ट बताती है कि दुनिया का कुल वन क्षेत्र 414 करोड़ हेक्टेयर है। यह वन पृथ्वी की 32 प्रतिशत भूमि को अच्छादित करता है। इसका आधे से ज्यादा 54 प्रतिशत भू-भाग केवल पांच देशों, रूस, ब्राजील, कनाडा, अमेरिका और चीन में है। आस्ट्रेलिया कांगो और इंडोनेशिया के बाद भारत दुनिया के शीर्ष 10 वन-समृद्ध देशों में शामिल हो गया है।




**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ पत्रकार

पेड़ों की अस्मिता पर ही मनुष्य व अन्य प्राणियों का जीवन टिका हुआ है। गोया, पेड़ एक ऐसी प्राकृतिक संपदा है, जिसका यदि विनाश होता है तो मनुष्य का सुखद जीवन भी संभव नहीं रह जाएगा। जब से मानव सभ्यता के विकास का क्रम शुरू हुआ है, तब से लेकर अब तक वृक्षों की संख्या में 46 प्रतिशत की कमी आई है। पेड़ों की गिनती के अब तक के सबसे समग्र वैश्विक अभियान में दुनिया भर के वैज्ञानिक समूहों ने यह निष्कर्ष निकाला है। इस अध्ययन का आकलन है कि विश्व में तीन लाख करोड़ वृक्ष हैं। यानी मोटे तौर पर प्रति व्यक्ति 422 पेड़ हैं। हालांकि यह आंकड़ा पूर्व में आकलित अनुमानों से साढ़े सात गुना ज्यादा बताया गया है।

दरअसल पूर्व के वैश्विक आकलनों ने तय किया था कि दुनिया भर में महज 400 अरब पेड़ लहरा रहे हैं। मसलन प्रति व्यक्ति पेड़ों की संख्या 61 है। यह आकलन व्यक्ति आधारित था, इसलिए इसकी प्रामाणिकता पर संदेह था। दरअसल दुनिया में अभी भी ऐसे दुर्गम स्थानों पर जंगलों का विस्तार है, जहां सर्वेक्षण में लगे मानव-समूहों का पहुंचना और पहुंचकर सर्वे करना आसान नहीं है, क्योंकि इन जंगलों में एक तो अभी भी रास्ते नहीं हैं, दूसरे, खतरनाक वन्य-जीवों की मौजदूगी है।

पेड़ों की गिनती उपग्रह द्वारा ली गई छवियों से की गई है। इस तकनीक से पूरा सर्वे वन-प्रांतों में लिया गया है। इसमें जमीनी स्तर पर कोई आंकड़े नहीं जुटाए गए हैं। इस अध्ययन की विस्तृत रिपोर्ट प्रतिष्ठित जनरल 'नेचर' में छपी है। रिपोर्ट के मुताबिक पेड़ों की उच्च सघनता रूस, स्कैंडीनेशिया और उत्तरी अमेरिका के उप आर्कटिक क्षेत्रों में पाई गई है। इन घने वनों में दुनिया के 24 फीसदी पेड़ हैं। पृथ्वी पर विद्यमान 43 प्रतिशत, यानी करीब 1.4 लाख करोड़ पेड़ उष्ण कटिबंधीय और उपोष्ण कटिबंधीय वनों में हैं। इन वनों का चिंताजनक पहलू यह भी है कि वनों या पेड़ों की घटती दर भी इन्हीं जंगलों में सबसे ज्यादा है। 22 फीसदी पेड़ शीतोष्ण क्षेत्रों में हैं। इस अध्ययन की प्रामाणिकता इसलिए असंगदिग्ध है, क्योंकि इस सामूहिक अध्ययन को बेहद गंभीरता से किया गया है। इसके लिए 15 देशों के वैज्ञानिक समूह बने। इन समूहों ने उपग्रह चित्रों के माध्यम से वन क्षेत्र का आकलन प्रति वर्ग किलोमीटर में मौजूद पेड़ों की संख्या का मानचित्रीकरण में सुपर कंप्यूटर तकनीक का इस्तेमाल करके किया है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।




# स्प्रिचुअल टूरिस्ट गाइड में बेहतर भविष्य की संभावनाएं

अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के बाद से स्प्रिचुअल टूरिज्म यानी धार्मिक पर्यटन में तेजी आई है। न केवल अयोध्या, बल्कि काशी, मथुरा, उज्जैन और अन्य धार्मिक स्थलों पर कॉरिडोर विकसित हो रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले वर्षों में भारत स्प्रिचुअल टूरिज्म का वैश्विक केंद्र बनेगा, जो लाखों रोजगार पैदा करेगा। इसी क्रम में स्प्रिचुअल टूरिस्ट गाइड एक आकर्षक करियर विकल्प बनकर उभर रहा है। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग के सहायक आचार्य पर्यटन डॉ. महेन्द्र पाल बताते हैं, स्प्रिचुअल टूरिज्म में गाइड की भूमिका महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे पर्यटकों को धार्मिक स्थलों की आध्यात्मिक गहराई समझाते हैं।



डॉ. महेंद्र पाल सिंह
सहायक आचार्य टूरिज्म डॉ.राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या




## क्या होता है स्प्रिचुअल टूरिस्ट गाइड

- स्प्रिचुअल टूरिस्ट गाइड वह पेशेवर होता है, जो धार्मिक और आध्यात्मिक स्थलों पर पर्यटकों को गाइड करता है। वे मंदिरों, तीर्थों का इतिहास, पौराणिक कथाएं, रीति-रिवाज और सांस्कृतिक महत्व बताते हैं। सामान्य टूर गाइड से अलग, ये गाइड आध्यात्मिक अनुभव पर फोकस करते हैं, जैसे ध्यान, पूजा-अर्चना या योग सत्र आयोजित करना। पर्यटन विभाग के अधिकारी संजय सिंह कहते हैं कि ये गाइड पर्यटकों को सुरक्षित और सार्थक यात्रा प्रदान करते हैं, जिससे टूरिज्म बढ़ता है।





## योग्यता

इस क्षेत्र में प्रवेश के लिए 12 वीं पास होना जरूरी है, लेकिन पर्यटन में डिप्लोमा या डिग्री होना बेहतर है। अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स, इतिहास-धर्म का ज्ञान और कम से कम दो भाषाओं ( हिंदी, अंग्रेजी) का ज्ञान अनिवार्य है। भारत सरकार से टूर गाइड लाइसेंस प्राप्त करना पड़ता है, जो क्षेत्रीय या राष्ट्रीय स्तर का हो सकता है।

आने वाले समय में जॉब अपॉर्चुनिटी एनएलबी सर्विसेज की रिपोर्ट के अनुसार धार्मिक टूरिज्म से 4-5 वर्षों में 2 लाख रोजगार सृजित होंगे, जबकि 2028 तक राजस्व 60 अरब डॉलर पहुंचेगा। स्किफ्ट रिपोर्ट कहती है कि 2030 तक स्प्रिचुअल टूरिज्म से 10 करोड़ रोजगार मिलेंगे। अयोध्या जैसे स्थलों पर गाइड, टूर ऑपरेटर, होटल मैनेजमेंट में मौके बढ़ेंगे।

अवध विश्वविद्यालय में कुल सीट **60**

छह वर्षों में हर वर्ष **80** प्रतिशत प्लेसमेंट



## पढ़ाई और कोर्स की अवधि

आरएमएलएयू में बी .वोक ( टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी ) 3 वर्ष का कोर्स है, जिसमें टूरिज्म सब्जेक्ट शामिल है। एडमिशन के लिए 12 वीं में 50 प्रतिशत अंक जरूरी हैं। कोर्स की फीस करीब 20-30 हजार रुपये सालाना है। मास्टर इन टूरिज्म एडमिनिस्ट्रेशन ( एमटीए ) 2 वर्ष का है। पर्यटन विभाग में गाइड, इंफॉर्मेशन ऑफिसर, टूर मैनेजर जैसे पद हैं। सरकारी लाइसेंस प्राप्त गाइड प्राथमिकता पाते हैं।



## टूरिस्ट डिपार्टमेंट में सैलरी

अवध विश्वविद्यालय के पर्यटन विभाग के अनुसार औसत सैलरी 16-22 हजार रुपये मासिक है। लाइसेंस्ड गाइड 400-800 रुपये प्रति घंटा कमा सकते हैं। अनुभवी गाइड 3-5 लाख सालाना तक पहुंचते हैं। इसके अलावा सरकारी पदों पर 30-50 हजार रुपये से सैलरी शुरू होती है।

## जॉब अलर्ट



### भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई)

- पद का नाम : विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारी
- पदों की संख्या : 103
- योग्यता : कोई भी स्नातक, बी .ए ., बी .कॉम, कोई भी स्नातकोत्तर, सीए, एमबीए/पीजीडीएम, पीजी डिप्लोमा
- आयु सीमा : 25 से 50 वर्ष
- आवेदन करने की अंतिम तिथि : 17-11-2025
- वेबसाइट : sbi.bank.in

### नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन

- पद का नाम : कार्यकारी प्रशिक्षु
- पदों की संख्या : 30
- वेतनमान : 50,000 - 1,60,000 रुपये
- योग्यता : बी .टेक/बी .ई .
- आयु सीमा : 18 - 35 वर्ष
- ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : 17-11-2025
- आधिकारिक वेबसाइट : neepco.co.in

### राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी)

- पद का नाम : प्रबंधक, महाप्रबंधक व अन्य
- पदों की संख्या : 70
- वेतनमान : 40,000-2,20,000 रुपये
- योग्यता : स्नातक, बी .टेक/ बी .ई ., सीए, आईसीडब्ल्यूए, एमबीए/ पीजीडीएम
- आयु सीमा : 31 से 41 वर्ष
- आवेदन करने की अंतिम तिथि : 16-11-2025
- वेबसाइट : nsic.co.in

## यूनिवर्सिटी में पहला दिन

# यहां पर श्रीलंका सा पाया अपनापन

लखनऊ विश्वविद्यालय में मेरा पहला दिन सचमुच अविस्मरणीय रहा। यह मेरा भारत आने का भी पहला अनुभव था, इसलिए उस दिन मैं बहुत उत्साहित थी। साथ ही थोड़ी जिज्ञासा और हल्की घबराहट भी थी। मैं श्रीलंका से हूं और इस विश्वविद्यालय में पढ़ने का अवसर पाकर मैं खुद को भाग्यशाली और आभारी महसूस करती हूं। मैंने विश्वविद्यालय के बारे में पहले पढ़ा था और गूगल पर भी कई बार देखा था, लेकिन उसे अपनी आंखों से देखने का उत्साह अलग ही था। जैसे ही मैं अपनी दोस्तों के साथ विश्वविद्यालय पहुंची, वहां की सुंदर इमारतें और ऐतिहासिक वातावरण देखकर मैं बहुत प्रभावित हुई। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक सभी कर्मचारियों ने हमारा बहुत ही अपनेपन से स्वागत किया। पंजीकरण की पूरी प्रक्रिया में उन लोगों ने हमारी मदद की, जिससे मेरी घबराहट काफी कम हो गई। भाषा की थोड़ी मुश्किलें जरूर थीं, लेकिन उन्होंने मुझे कभी असहज महसूस नहीं होने दिया। मुझे आज भी याद है, जैसे ही हमारा पंजीकरण पूरा हुआ और हम बाहर निकलने लगे, अचानक बारिश शुरू हो गई। प्रकृति प्रेमी होने के नाते वह पल मुझे बहुत अच्छा लगा। बारिश और विश्वविद्यालय का दृश्य मिलकर एक नई शुरुआत का अहसास दे रहा था। हालांकि घर की याद से थोड़ी उदासी भी थी, लेकिन एक गरम प्याली चाय ने वह उदासी तुरंत मिटा दी। तभी मुझे लगा कि यह जगह मुझे केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि अनमोल अनुभव भी देगी।



धिनुका सुमन कुमारी

# स्मार्ट स्टडी प्लान से फर्स्ट अटेंप्ट में क्रैक करें सीटेट परीक्षा

केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) भावी शिक्षकों की योग्यता निर्धारित करने के लिए सीबीएससी द्वारा देशभर में आयोजित की जाने वाली परीक्षा है। हाल ही में सीबीएससी ने सीटेट का नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसकी परीक्षा 8 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा पास करने के लिए अभ्यर्थियों को एक मजबूत स्टडी प्लान तैयार करना चाहिए। एक ठोस स्टडी प्लान अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रिपरेशन का एक स्पष्ट मार्ग तैयार करती है। आज हम आपको बताते हैं कि सीटेट की प्रिपरेशन कैसे करें, जिसको फॉलो करके आप फर्स्ट अटेंप्ट में सफल हो सकते हैं।

*- नवनीत तिवारी*
*करियर काउंसलर*



## परीक्षा के पाठ्यक्रम और पैटर्न को समझें

सीटेट परीक्षा में प्राथमिक और जूनियर स्तर की परीक्षा में 150-150 प्रश्न पूछे जाते हैं। प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा में बाल विकास एवं शिक्षण विधि से 30 प्रश्न, भाषा-1 हिंदी से 30 प्रश्न, भाषा-2 अंग्रेजी/संस्कृत/उर्दू से 30 प्रश्न, गणित से 30 प्रश्न और पर्यावरणीय अध्ययन से 30 प्रश्न पूछे जाते हैं। वहीं उच्च प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा में बाल विकास और शिक्षाशास्त्र से 30 प्रश्न, गणित और विज्ञान/सामाजिक अध्ययन या सामाजिक विज्ञान विषय से 60 प्रश्न, भाषा-1 हिंदी से 30 प्रश्न तथा भाषा-2 अंग्रेजी/संस्कृत/उर्दू से 30 प्रश्न पूछे जाते हैं।


न्यूनतम उत्तीर्ण अंक- सामान्य वर्ग — 60 प्रतिशत ( 90 अंक ), आरक्षित वर्ग- 55 प्रतिशत ( 82 अंक ) हैं।

## स्टडी प्लान बनाएं

सबसे पहले स्टडी प्लान बनाएं और अपना समय सबजेक्ट वाइज बराबर-बराबर बांटें और उन विषयों पर को ज्यादा समय दें, जिसमें आप कमजोर हैं। खुद को लगातार इंप्रूव करने के लिए स्टडी प्लान को फॉलो करें।

## प्रामाणिक अध्ययन सामग्री का उपयोग करें

सीटेट की तैयारी के लिए विश्वसनीय और प्रामाणिक अध्ययन सामग्री का उपयोग करें। एनसीआरटी की पाठ्यपुस्तकों, पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों और विशेष रूप से तैयार की गई स्टडी गाइडेंस को फॉलो करें। एग्जाम से रिलेटेड नवीनतम शैक्षिक विकास और नीतियों से अपडेट रहें।



## नोट्स बनाएं

किताबों से पढ़ाई करना जरूरी है, लेकिन नोट्स बनाने से याददाश्त और समझ में काफी सुधार हो सकता है। मुख्य कांसेप्ट का सारांश, महत्वपूर्ण सूत्र लिखना और प्रत्येक विषय के महत्वपूर्ण बिंदुओं को हाइलाइट करना, जल्दी रिवीजन और विषय को मजबूत करने में मदद करता है।

## मॉक टेस्ट की प्रैक्टिस और एनॉलिसिस करें

एग्जाम के पैटर्न से खुद को परिचित कराने और टाइम मैनेटमेंट में सुधार करने के लिए नियमित रूप से मॉक टेस्ट और सैंपल पेपर हल करें। अपने परफॉर्मेंस का एनॉलिसिस करें, जिन टॉपिक में कमजोर हैं, उसकी पहचान करें और उन्हें मजबूत करने पर फोकस करें। यह प्रैक्टिस आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगी और आपकी समस्या-समाधान क्षमताओं को इंप्रूव करेगी।

## शिक्षाशास्त्र और बाल विकास पर ध्यान दें

सीटेट परीक्षा के लिए शिक्षाशास्त्र और बाल विकास बेहद महत्वपूर्ण पक्ष है। बाल मनोविज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों, शिक्षण विधियों और सिद्धांतों को समझें। शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं से संबंधित प्रश्नों को अच्छे से तैयार करें, जिससे बाल विकास को समझने में आसानी होगी।

## बिजनेस ब्रीफ

### एनएलसी इंडिया का मुनाफा 26.2% घटा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएलसी इंडिया लिमिटेड का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 26.2 प्रतिशत घटकर 724.80 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी का जुलाई-सितंबर, 2024 में मुनाफा 982.41 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय मामूली रूप से घटकर 4,346.72 करोड़ रुपये रह गई जबकि गत वर्ष की इसी तिमाही में यह 4,374.12 करोड़ रुपये थी। कंपनी का व्यय सालाना आधार पर 3,177.40 करोड़ रुपये से 13.7 प्रतिशत बढ़कर 3,615.72 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी सूचना के अनुसार, एनएलसी इंडिया के निदेशक मंडल ने उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआईआरएल) में एक या एक से अधिक किस्तों में 666 करोड़ रुपये तक के निवेश को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।

### एलएंडटी को मिलीं कई बड़ी परियोजनाएं

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने बुधवार को कहा कि उसे सऊदी अरब में 2,500 करोड़ रुपये से लेकर 5,000 करोड़ रुपये के बीच की कई परियोजनाएं मिली हैं। एलएंडटी ने बताया कि पहला ऑर्डर गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन के निर्माण का है। दूसरा ऑर्डर 420 किलोमीटर लंबाई वाले ओवरहेड ट्रांसमिशन लिंक के निर्माण का है। अपने राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा कार्यक्रम (एनआरईपी) के तहत सऊदी अरब नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ाने के लिए अपने बिजली ग्रिड को उन्नत कर रहा है।


### स्टारलिंक करेगी सुरक्षा व तकनीकी परीक्षण

नयी दिल्ली, 29 अक्टूबर (भाषा) एलन मस्क की अगुवाई वाली स्टारलिंक 30 और 31 अक्टूबर को मुंबई में उपग्रह ब्रॉडबैंड सेवाओं के लिए सुरक्षा और तकनीकी शर्तों के अनुपालन का परीक्षण करेगी। कानून प्रवर्तन एजेंसियों के समक्ष किया जाने वाला यह परीक्षण, स्टारलिंक को आवंटित अस्थायी स्पेक्ट्रम पर आधारित होगा। यह कदम भारतीय उपग्रह ब्रॉडबैंड बाजार में इसके नियोजित प्रवेश से पहले एक कदम होगा। ये परीक्षण स्टारलिंक के लिए सेवाएं शुरू करने से पहले मंजूरी पाने की एक अनिवार्य आवश्यकता है।

# एफटीए पर चर्चा जारी रखेगा भारत-यूरोपीय संघ

## इस्पात, मोटर वाहन, कार्बन कर मुद्दों पर बात को सहमत, भारत ने की शुल्क-गैर-शुल्क बाधाओं के निवारण की वकालत

- ब्रुसेल्स की यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने की चर्चा



नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और यूरोपीय संघ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत इस्पात, मोटर वाहन और कार्बन कर से संबंधित मुद्दों पर चर्चा जारी रखने पर सहमत हो गए हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में यह बात कही।

इसमें कहा गया है कि भारत ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए पारदर्शी एवं पूर्वानुमानित नियामक ढांचे के निर्माण के अलावा समझौते में शुल्क एवं गैर-शुल्क दोनों बाधाओं के निवारण को सुनिश्चित करने की भी वकालत की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की तीन दिवसीय ब्रुसेल्स यात्रा के दौरान इन मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने यूरोपीय संघ के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफ्कोविक से मुलाकात की और मौजूदा वार्ता को गति दी। मंत्री की आधिकारिक यात्रा 28 अक्टूबर को संपन्न हुई। मंत्रालय ने कहा कि वे इस बात पर भी सहमत हुए कि इस्पात, मोटर वाहन, सीबीएएम (कार्बन सीमा समायोजन तंत्र) और अन्य यूरोपीय संघ के नियमों से संबंधित मुद्दों पर अभी और चर्चा की जरूरत है क्योंकि ये मुद्दे अधिक संवेदनशील हैं। यूरोपीय संघ ने सीबीएएम एवं ईयूडीआर (वन विनाश विनियमन) जैसे नियमों की घोषणा की है जिन पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई है। सीबीएएम के तहत यूरोपीय संघ को इस्पात, एल्युमीनियम और सीमेंट के भारतीय निर्यात पर 20-35 प्रतिशत तक का शुल्क लग सकता है।

ब्रुसेल्स में हुई वार्ता के दौरान गोयल ने भारत की प्रमुख मांगों (विशेष रूप से श्रम-प्रधान क्षेत्रों के संबंध में) को तरजीह देने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसमें कहा गया है, दोनों पक्ष गैर-संवेदनशील औद्योगिक शुल्क लाइन को अंतिम रूप देने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए। साथ ही गैर-शुल्क उपायों एवं नए यूरोपीय संघ के नियमों पर भारत की चिंताओं पर भी अच्छी चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने 2025 के अंत तक प्रस्तावित एफटीए समझौते के लिए वार्ता को पूरा करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। गोयल की यह यात्रा दोनों पक्षों के बीच 6-10 अक्टूबर तक हुई 14वें दौर की वार्ता के समापन के बाद हो रही है।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय आयोग (ईसी) के व्यापार महानिदेशक (डीजी-ट्रेड) सबाइन वेयंड से भी बात की थी। भारत और यूरोपीय संघ ने आठ वर्ष से अधिक समय के बाद जून 2022 में व्यापक मुक्त व्यापार समझौते, निवेश संरक्षण समझौते एवं भौगोलिक संकेतकों पर बात फिर से शुरू की। बाजारों को खोलने के स्तर पर मतभेदों के कारण यह बातचीत 2013 में रुक गई थी।

### जुझारू आपूर्ति शृंखलाओं, भौगोलिक क्षेत्रों पर निर्भरता कम करने पर जोर

केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि देश के लिए जुझारू आपूर्ति शृंखलाओं, प्रमुख प्रौद्योगिकियों पर नियंत्रण और कुछ भौगोलिक क्षेत्रों पर अत्यधिक निर्भरता कम करना महत्वपूर्ण है। स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना केवल भारत में विनिर्माण, डिजाइन या विकास तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की दीर्घकालिक वृद्धि और संप्रभुता के लिए महत्वपूर्ण है। विदेशी प्रौद्योगिकी, हथियारों, ऊर्जा स्रोतों और महत्वपूर्ण तकनीकों पर निर्भरता कम करना देश की वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वास्तव में, इस दशक ने कोविड से लेकर अब तक हमें कई बार सचेत किया है कि जुझारू आपूर्ति शृंखलाओं का होना, अपनी प्रौद्योगिकी का होना, तकनीकों पर नियंत्रण और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आवश्यक आपूर्ति पर नियंत्रण कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने टाईइकॉन कार्यक्रम में कहा कि कुछ क्षेत्रों और कुछ बेहद महत्वपूर्ण विषयों को लेकर कुछ भौगोलिक क्षेत्रों पर अत्यधिक निर्भरता को कम करना बहुत महत्वपूर्ण है।

# मोबाइल पर कॉलर का नाम दिखाने की सुविधा का परीक्षण शुरू, मार्च तक होगा लागू

नई दिल्ली, एजेंसी



- ट्राई ने एक दिन पहले दूरसंचार विभाग के प्रस्ताव को दी थी मंजूरी

मोबाइल पर आने वाली कॉल में कॉल करने वाले का नाम दिखाने की सुविधा (सीएनएपी) का दूरसंचार कंपनियों ने परीक्षण करना शुरू कर दिया है। उम्मीद है कि यह सुविधा देशभर में मार्च, 2026 तक लागू हो जाएगी।

दूरसंचार विभाग के सूत्रों ने बुधवार को कहा कि वोडाफोन आइडिया ने हरियाणा सर्किल में सीएनएपी सेवा का पायलट परीक्षण शुरू कर दिया है, जबकि जियो भी जल्द ही इसी सर्किल से परीक्षण शुरू करेगी। इस सुविधा के तहत कॉल करने वाले व्यक्ति का नाम रिसीवर के मोबाइल स्क्रीन पर प्रदर्शित होता है, जिससे उपयोगकर्ता को कॉल उठाने से पहले पता चल जाएगा की कॉल कौन कर रहा है। परीक्षण सफल रहने पर दूरसंचार विभाग देशभर में चरणबद्ध तरीके से 31 मार्च, 2026 तक इस सुविधा को लागू करेगा।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने एक दिन पहले ही दूरसंचार विभाग के उस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसके तहत यह सुविधा सभी उपयोगकर्ताओं के लिए डिफॉल्ट रूप से सक्रिय रहेगी। हालांकि, इस सुविधा का इस्तेमाल नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को इसे निष्क्रिय कराने का विकल्प मिलेगा।

# सरकार चीनी निर्यात की अनुमति दे सकती है, एथनॉल के कम उपयोग से अधिशेष बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



- मिलों ने एथनॉल निर्माण में 34 लाख टन चीनी का किया उपयोग अनुमानित 45 लाख टन से कम

सरकार 2025-26 विपणन वर्ष में चीनी के निर्यात की अनुमति देने पर विचार कर रही है क्योंकि एथनॉल उत्पादन के लिए चीनी के अपेक्षा से कम उपयोग के कारण अधिशेष भंडार जमा हो गया है। केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बताया कि देश की चीनी मिलों ने 2024-25 में एथनॉल निर्माण के लिए केवल 34 लाख टन चीनी का ही उपयोग किया, जो अनुमानित 45 लाख टन से काफी कम है।

उन्होंने कहा कि अक्टूबर से सितंबर तक चलने वाले चालू 2025-26 विपणन वर्ष के लिए शुरुआती भंडार अधिक है। 2025-26 में चीनी उत्पादन 3.4 करोड़ टन तक पहुंचने की उम्मीद है जबकि वार्षिक घरेलू मांग 2.85 करोड़ टन है। निर्यात की अनुमति देने और एथनॉल के लिए अधिक उपयोग की अनुमति देने की उद्योग की मांगों पर चोपड़ा ने कहा कि हमारे पास चीनी का अधिशेष है, हम निर्यात की अनुमति देने पर विचार कर रहे हैं। जल्द ही कोई निर्णय लिया जा सकता है क्योंकि सरकार उद्योग को निर्यात की योजना बनाने के लिए लंबा समय देना चाहती है। इस पर निर्णय लेने के लिए मंत्रियों की समिति अगले सप्ताह बैठक कर सकती है। भारत ने विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान 10 लाख टन के आवंटन के मुकाबले 8 लाख टन चीनी का निर्यात किया। चीनी निर्यात की व्यवहार्यता पर सचिव ने कहा कि वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय कीमतें परिष्कृत चीनी के लिए अनुकूल नहीं हैं। कच्ची चीनी के लिए कुछ निर्यात समता संभव हो सकती है। चीनी का वर्तमान निर्यात मूल्य, 'एक्स-मिल' मूल्य से कम है। उन्होंने कहा कि वे शायद सही समय पर निर्यात करेंगे। शायद कच्ची चीनी का निर्यात हो भी जाए क्योंकि उसमें निर्यात समता है। परिष्कृत चीनी का वैश्विक मूल्य 3,829 रुपये प्रति क्विंटल है जबकि औसत 'एक्स-मिल' मूल्य 3,885 रुपये प्रति क्विंटल है।

# 7% की दर से बढ़ सकती है भारतीय अर्थव्यवस्था

मुंबई, एजेंसी



- सीईए नागेश्वरन बोले- तीन वैश्विक एजेंसियों ने भारत की साख बढ़ाई

देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने वैश्विक चुनौतियों का संतोषजनक ढंग से सामना किया है। उन्होंने भरोसा जताया कि 2025-26 में आधार वर्ष 2011-12 पर आधारित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत तक पहुंच सकती है।

नागेश्वरन ने 'भारत समुद्री सप्ताह' (आईएमडब्ल्यू) में कहा कि साख (रेटिंग) निर्धारण करने वाली तीन वैश्विक एजेंसियों ने हाल ही में भारत की साख बढ़ाई है और यदि देश इसी राह पर आगे बढ़ता रहा तो वह जल्द ही 'ए' रेटिंग श्रेणी में आ सकता है। नागेश्वरन ने कहा कि अर्थव्यवस्था के जुझारूपन ने सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा उठाए गए कदमों के साथ मिलकर भारतीय अर्थव्यवस्था को आरामदायक स्थिति में रखा। इस साल वैश्विक अनिश्चितताओं एवं शुल्क संबंधी घटनाक्रमों से निपटने की भारतीय अर्थव्यवस्था के रुख से हमें काफी संतुष्ट होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आयकर में राहत एवं जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने सहित नीतिगत उपायों ने 2025-26 के लिए वास्तविक रूप से इस वर्ष की आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं को बेहतर बनाकर 7% तक पहुंचा दिया है। नागेश्वरन ने फरवरी में अनुमान लगाया था कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.3% तक रह सकती है। अमेरिकी शुल्क के कारण उन्होंने इसे और घटाकर 6% किया था। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था की मजबूती और मांग बढ़ाने को उठाए नीतिगत कदमों ने हमें वास्तव में एक बहुत ही आरामदायक स्थिति में ला दिया है।

### तेल और गैस की ढुलाई लागत को कम करने के लिए पीएसयू की मांगों को जोड़ा जाएगा : पुरी



**मुंबई।** सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों (पीएसयू) की ढुलाई मांग को एकसाथ जोड़कर भारतीय जहाजरानी कंपनियों के लिए दीर्घकालिक अनुबंध सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है। इससे पेट्रोलियम उत्पादों की ढुलाई लागत को कम करने में मदद मिलेगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भारत समुद्री सप्ताह 2025 में कहा कि सरकार घरेलू स्वामित्व बढ़ाने के लिए 'पोत स्वामित्व एवं पट्टा इकाई मॉडल' को भी आगे बढ़ा रही है। पेट्रोलियम विपणन कंपनियां कच्चे तेल के आयात के लिए जहाजों का इस्तेमाल करती हैं। हम जहाजरानी कंपनियों के लिए दीर्घकालिक अनुबंध सुनिश्चित करने के लिए तेल कंपनियों की ढुलाई मांग को एकसाथ मिला रहे हैं ताकि जहाजों के स्वामित्व के जरिये बार-बार की ढुलाई पर आने वाली लागत को कम किया जा सके।



# लालू बेटे को सीएम व सोनिया बनाना चाहती हैं पीएम, दोनों पद खाली नहीं

## केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कटाक्ष करते हुए विपक्षी महागठबंधन को 'ठगबंधन' दिया करार

पटना/दरभंगा, एजेंसी






केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को महागठबंधन को 'ठगबंधन' करार दिया और कहा कि लालू प्रसाद अपने बेटे तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री और सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं, लेकिन ये दोनों पद रिक्त नहीं हैं।

दरभंगा की चुनावी सभा में शाह ने कहा कि बिहार चुनाव में भाजपा ने कई युवाओं को टिकट दिया, जबकि राजद और कांग्रेस ऐसा नहीं कर सके, क्योंकि लालू बेटे को और सोनिया राहुल को शीर्ष पद पर बैठाना चाहती हैं। उन्होंने दावा किया कि लालू प्रसाद चारा, बिटुमेन और जमीन के बदले नौकरी' घोटालों में लिप्त रहे हैं, जबकि कांग्रेस पर 12 लाख करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं। भाजपा नेता ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि अगर राजद-कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनी, तो प्रतिबंधित कट्टरपंथी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के गिरफ्तार सदस्यों को जेल में रखा जाएगा या नहीं? शाह ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने ही पीएफआई पर प्रतिबंध लगाया और उसके सदस्यों को जेल भेजा। समस्तीपुर की दूसरी रैली में शाह ने कहा कि बिहार चुनाव जंगलराज की वापसी रोकने का चुनाव है। राज्य में राजग पांच पांडव की तरह मजबूत गठबंधन है। उन्होंने विपक्ष पर पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के 'जननायक' सम्मान को छीनने का प्रयास करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि मोदी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर सम्मानित किया। कांग्रेस ने बाबू जगजीवन राम को प्रधानमंत्री बनने से रोका था। शाह ने आरोप लगाया कि लालू और राबड़ी देवी ने बिहार के लिए कुछ नहीं किया और महागठबंधन राज्य के विकास तथा युवाओं के कल्याण के बारे में सोच ही नहीं सकता। राजग सरकार 8.52 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रही है, मखाना बोर्ड का गठन किया है और घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली दे रही है। दरभंगा को जल्द ही मेट्रो रेल की सुविधा मिलेगी, हवाईअड्डा बन चुका है और एम्स का निर्माण जारी है।

### राज्य को गुंडाराज की जरूरत नहीं : राजनाथ



**दरभंगा/पटना।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राजग को दो-तिहाई बहुमत मिलना प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। 14 नवंबर को मतगणना होगी और उसी दिन नेहरू की जयंती भी है। पटना जिले के बाढ़ में चुनावी सभा में सिंह ने कहा कि बिहार को गुंडाराज की जरूरत नहीं है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जंगल राज से हुए नुकसान की काफी हद तक भरपाई करने में कामयाब रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल बांग्लादेशी घुसपैठियों के वोट सुरक्षित करना चाहता है। भाजपा नेता ने कांग्रेस और राजद पर निर्वाचन आयोग पर हमला करने का आरोप लगाते हुए कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम किया जाएगा तो लोकतंत्र कैसे चलेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि चुनाव में मुद्दा स्पष्ट है कि राज्य को फिर से जंगलराज की ओर ले जाना है या विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाना है। इससे पहले दरभंगा की रैली में उन्होंने राजद द्वारा हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने के वादे को अवास्तविक करार दिया। राजग अपना घोषणापत्र गुरुवार को जारी करेगा और उसमें किए गए हर वादे को पूरा करेगा।

### नीतीश के चेहरे का इस्तेमाल हो रहा है, रिमोट कंट्रोल भाजपा के हाथ में : राहुल गांधी

**मुजफ्फरपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विस चुनाव के लिए प्रचार अभियान का आग़ाज़ करते हुए प्रधानमंत्री मोदी तथा भाजपा पर आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चेहरे का इस्तेमाल हो रहा है, जबकि रिमोट कंट्रोल भाजपा के हाथ में है। उन्होंने मुजफ्फरपुर जिले के सकरा में पहली चुनावी सभा में दावा किया कि प्रधानमंत्री और भाजपा सामाजिक न्याय के खिलाफ हैं। इस सभा में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव और गठबंधन के घटक दलों के कुछ नेता शामिल हुए। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में 20 साल से नीतीश सरकार चला रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए उन्होंने क्या किया? आप ऐसा प्रदेश चाहते हैं जहां कुछ भी नहीं मिले, अडाणी को एक-दो रुपये में जमीन दे दी जाए? हमें वह बिहार चाहिए जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार हो, हम ऐसा बिहार चाहते हैं जहां से लोगों को दूसरे प्रदेशों में न जाना पड़े बल्कि दूसरे राज्यों के लोग यहां आए।



मुजफ्फरपुर की जनसभा में शामिल कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव।

### 'करप्शन, क्राइम और कम्युनलिज्म' से समझौता नहीं, अपराधी होंगे सलाखों के पीछे : तेजस्वी

**मुजफ्फरपुर/दरभंगा।** महागठबंधन से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी ने कहा कि उन्हें यदि सत्ता में आने का मौका मिला तो करप्शन, क्राइम और कम्युनलिज्म (भ्रष्टाचार, अपराध और सांप्रदायिकता) से समझौता नहीं किया जाएगा तथा उनकी परछाई भी गलत काम करेगी तो उसे भी सजा मिलेगी। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी गुजरात में फैक्ट्री खोलते हैं, लेकिन विक्ट्री (जीत) बिहार में चाहते हैं। राजद नेता ने राहुल गांधी के साथ मुजफ्फरपुर और दरभंगा में दो संयुक्त सभाओं को संबोधित किया। तेजस्वी ने दरभाग में कहा कि प्रधानमंत्री की दिलचस्पी गुजरात में फैक्ट्री लगाने में है लेकिन बिहार में विक्ट्री चाहिए। यह नहीं होने वाला है। उन्होंने चुनावी वादों को लेकर कहा कि हम सरकार के संविदाकर्मी कर्मचारियों को स्थायी करेंगे। राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार द्वारा हाल में उठाए गए कई जनकल्याणकारी कदम उनकी घोषणाओं की नकल हैं।

# वांगचुक की हिरासत पर केंद्र, लद्दाख से जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी



- जवाब के लिए दिया 10 दिन का समय, अगली सुनवाई 24 नवंबर के लिए निर्धारित की

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सोनम वांगचुक की पत्नी की संशोधित याचिका पर केंद्र और लद्दाख प्रशासन से जवाब मांगा, जिसमें जलवायु कार्यकर्ता की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत को अवैध, मनमाना कृत्य बताया गया है।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से गीतांजलि जे अंगमो की संशोधित याचिका पर 10 दिन के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई 24 नवंबर के लिए निर्धारित की। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल को भी प्रतिउत्तर, यदि कोई हो तो, दाखिल करने की अनुमति दी। संशोधित याचिका में कहा गया है कि हिरासत आदेश पुरानी प्राथमिकी, अस्पष्ट आरोपों और काल्पनिक दावों पर आधारित है। इसमें हिरासत के कथित आधारों से कोई जीवंत या निकट संबंध नहीं है। इस प्रकार इसमें कोई कानूनी आधार नहीं है। ऐहतियाती शक्तियों का ऐसा मनमाना प्रयोग सत्ता का घोर दुरुपयोग है, जो संवैधानिक स्वतंत्रता और उचित प्रक्रिया की बुनियाद पर प्रहार करता है, जिसके कारण हिरासत आदेश को इस न्यायालय द्वारा अमान्य घोषित किया जाना चाहिए। यह पूरी तरह से हास्यास्पद है कि लद्दाख और पूरे भारत में जमीनी स्तर पर शिक्षा, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण में उनके योगदान के लिए राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तीन दशकों से अधिक समय तक सराहे जाने के बाद वांगचुक को अचानक निशाना बनाया गया। अंगमो ने याचिका में कहा कि चुनावों से मात्र दो महीने पहले और एबीएल (एपेक्स बॉडी ऑफ लेह), केडीए (कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस) तथा गृह मंत्रालय के बीच बातचीत से पहले, उन्हें भूमि पट्टा और एफसीआरए रद्द करने, सीबीआई जांच तथा आयकर विभाग से नोटिस भेजे गए। इन कार्रवाइयों से स्पष्ट होता है कि हिरासत का आदेश सार्वजनिक व्यवस्था या सुरक्षा की चिंताओं पर आधारित नहीं है।

### न्यायिक अधिकारियों की तरक्की के मुद्दे से निपटने के लिए मानदंडों की आवश्यकता

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि देशभर में प्रारंभिक स्तर के न्यायिक अधिकारियों की वरिष्ठता तय करने के मापदंडों में राष्ट्रीय स्तर पर किसी न किसी तरह की एकरूपता जरूरी है, ताकि इन न्यायिक अधिकारियों के करिअर की धीमी और असमान प्रगति की समस्या दूर हो सके। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि उसका न्यायाधीशों के लिए नामों की सिफारिश करने में उच्च न्यायालयों के अधिकारों में हस्तक्षेप करने का कोई इरादा नहीं है। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति गवई के अलावा न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची हैं। पीठ ने उच्च न्यायिक सेवा (एचजेएस) संवर्ग में वरिष्ठता निर्धारित करने के लिए राष्ट्रव्यापी मानदंड तैयार करने पर मंगलवार को सुनवाई शुरू की थी। पीठ ने गौर किया कि ज्यादातर राज्यों में दीवानी न्यायाधीश (सीजे) के रूप में भर्ती होने वाले न्यायिक अधिकारी अक्सर प्रधान जिला न्यायाधीश (पीडीजे) के पद तक भी नहीं पहुंच पाते है।

### छत्तीसगढ़ में 51 माओवादियों ने हिंसा त्यागकर किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 51 माओवादियों ने बुधवार को सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि 'पूना मारगेम : पुनर्वास से पुनर्जीवन' योजना के अंतर्गत मुख्यधारा में लौटने वाले इन माओवादियों में नौ महिला और 42 पुरुष हैं, जिन पर कुल 66 लाख का इनाम घोषित था।

### पूर्व सीबीआईसी अधिकारी 27 करोड़ के मारिजुआना के साथ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पुलिस ने भारत, थाईलैंड और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में सक्रिय अंतर्राष्ट्रीय तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सीमाशुल्क विभाग के बर्खास्त अधिकारी को गिरफ्तार किया और उसके पास से 21 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत 27 करोड़ बताई गई है। अधिकारी ने बुधवार को बताया कि रोहित शर्मा (35) केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी)में पूर्व निरीक्षक रह चुका है। रोहित को दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के जनकपुरी इलाके में एक रातभर चली गुप्त कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया गया। डीसीपी संजीव कुमार यादव ने घटना की पुष्टि की है।

# एसआईआर प्रक्रिया के बाद 12 राज्यों में बढ़ेगी मतदान केंद्रों की संख्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रों के बढ़ाने से मतदाताओं को मतदान करने में लगेगा कम समय
- नए केंद्र ऊंची इमारतों, कॉलोनियों और झुग्गी बस्तियों में बनाए जाएंगे

देश के जिन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) होगा, वहां इस कवायद के पूरी होने के बाद मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी ताकि मतदान के लिए कतारों में कमी आ सके।

बिहार में मतदाता सूची को अद्यतन बनाने की प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है और वह देश का पहला राज्य बन गया है जहां हर मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1,200 है जबकि पहले 1,500 थी। इस प्रक्रिया के तहत 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बिहार की तर्ज पर अधिक मतदान केंद्र होंगे। बिहार में पहले 77,895 मतदान केंद्रों थे, जो अब 90,712 है। केंद्रों की संख्या बढ़ाने से मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कतारों में अपनी बारी का इंतज़ार करते हुए कम समय बिताना पड़ेगा। जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चार नवंबर से एसआईआर प्रक्रिया शुरू होगी, उनके मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को दिए गए निर्देशों के अनुसार, नए मतदान केंद्र ऊंची इमारतों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन वाली कॉलोनियों और झुग्गी बस्तियों में बनाए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी नए केंद्रों के संबंध में राजनीतिक दलों से परामर्श करेंगे।

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने निर्देश दिया है कि एक परिवार के सभी सदस्यों को एक ही केंद्र पर रखने का विशेष ध्यान रखा जाए। जिन प्रदेशों में एसआईआर शुरू होगी, उनमें अंडमान निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्यप्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश व पश्चिम बंगाल हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका : संघीय कर्मचारियों को हटाने पर लगी रोक बढ़ाई

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को की एक न्यायाधीश ने सरकारी 'शटडाउन' के दौरान संघीय कर्मचारियों को नौकरी से हटाने पर लगी रोक मंगलवार को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दी। अमेरिकी जिला न्यायाधीश सुसन इल्स्टन ने यह फैसला सुनाया। उन्होंने इससे पहले इस मामले में एक अस्थायी आदेश जारी किया था, जिसकी अवधि बुधवार को समाप्त होने वाली थी। डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति रहे बिल क्लिंटन की ओर से नामित न्यायाधीश इल्स्टन ने कहा कि उनका मानना है कि साक्ष्यों से पता चल जाएगा कि सामूहिक बर्खास्तगी अवैध और अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

### ब्रिटेन: भारतीय महिला से बलात्कार के आरोप में ब्रिटिश गिरफ्तार

**लंदन।** वाल्सॉल में भारतीय मूल की एक महिला के नस्लवाद से प्रेरित यौन उत्पीड़न के संदेह में गिरफ्तार किए गए एक व्यक्ति पर बलात्कार का आरोप लगाकया गया है और उसे बुधवार को बर्मिंघम मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने कहा कि स्टॉकलैंड ग्रीन के 32 वर्षीय श्वेत ब्रिटिश व्यक्ति जॉन एशबी पर मंगलवार शाम आरोप लगाया गया। बलात्कार का यह आरोप 20 वर्षीय स्थानीय सिख छात्रा पर शनिवार रात वॉल्सॉल के पार्क हॉल क्षेत्र में हुए हमले के बाद लगाया गया है। पुलिस ने कहा, उस पर यौन उत्पीड़न, गला घोंटने, नस्लभेदी हमले के कारण शारीरिक क्षति पहुंचाने और लूटपाट का भी आरोप लगाया गया है।

### चीन ने एवरेस्ट चोटी से जुड़ा पर्वतारोहण क्षेत्र बंद किया


**बीजिंग।** चीन के स्थानीय अधिकारियों ने भारी बर्फबारी और बर्फीली परिस्थितियों के कारण तिब्बत क्षेत्र में स्थित एक लोकप्रिय पर्वतारोहण स्थल को बंद कर दिया जो दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी 'एवरेस्ट' तक जाने वाले मार्ग में है। पर्यटन अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को जारी एक घोषणा के अनुसार, डिंगरी काउंटी में झूफेंग चोटी (जो एवरेस्ट चोटी के चीनी हिस्से के पास स्थित है) तक पर्वतारोहण को अगली सूचना तक बंद कर दिया गया है। इससे पहले अक्टूबर में, चीन के राष्ट्रीय अवकाश, जो पर्यटन का मौसम होता है, के दौरान आए भारी बर्फीले तूफान के बाद सैकड़ों पर्वतारोही कई दिनों तक एवरेस्ट पर फंसे रहे। स्थानीय मौसम पूर्वानुमान में बुधवार तक बर्फबारी और बर्फीली परिस्थितियों का अनुमान लगाया गया था, जो ऊंचाई पर रहने वाले पर्यटकों के लिए खतरा बन सकता है।

# कनाडा में भारतीय मूल के बुजुर्ग व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**ओटावा, एजेंसी**

कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में 68 वर्षीय भारतीय मूल के व्यवसायी की उनके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस की ओर से इसे लक्षित हत्या (टारगेट किलिंग) का संदिग्ध मामला बताया गया है।

दर्शन साहसी की सोमवार को प्रांत के एबॉट्सफोर्ड शहर में हत्या कर दी गई। एबॉट्सफोर्ड पुलिस ने सोमवार को एक बयान में बताया कि पुलिस को रिजव्यू ड्राइव पर गोलीबारी की सूचना मिली थी, जहां उन्होंने एक वाहन के अंदर साहसी को जख्मी अवस्था में पाया। साहसी को बचाने के प्रयास किए गए लेकिन उनकी मृत्यु हो गई। हालांकि साहसी की पहचान नहीं बताई गई थी, एकीकृत हत्या जांच दल (आईएचआईटी) ने बाद में उनका नाम बताया। मंगलवार को आईएचआईटी प्रवक्ता सार्जेंट फ्रेडा फोंग ने कहा, शुरुआती संकेत बताते हैं कि यह एक लक्षित घटना थी, गोलीबारी में कोई और घायल नहीं हुआ। उन्होंने कहा, जांचकर्ता गोलीबारी के मकसद और हालात का पता लगाने के लिए पूरी लगन से काम कर रहे हैं।



● घर के बाहर मारी गोली, पुलिस ने बताया टारगेट किलिंग का मामला

## नस्लीय अपराधों का हो रहे शिकार

वैसे तो दुनिया भर में नस्लीय अपराधों की स्थिति चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई है, लेकिन भारत के लिए और भी ज्यादा फिक्रमंद करने की वाली स्थिति यह है कि इन अपराधों का शिकार होने वाले लोगों में भारतीय मूल के लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है। कई देशों में नस्लीय हिंसा के पीछे सामाजिक पूर्वाग्रह तो कारण है ही, संस्थागत भेदभाव भी कम बड़ी वजह नहीं है। अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में हाल ही में नस्लीय अपराधों में काफी वृद्धि हुई है, इन देशों में अक्सर भारतीयों को निशाना बनाया जाता है। जानकारों का कहना है कि नस्लीय भेदभाव की जड़ें गहरी हैं और इसे केवल कानूनी समाधानों से खत्म नहीं किया जा सकता। कई देशों में नस्ल से प्रेरित घृणा अपराधों में वृद्धि हुई है, जिसमें शारीरिक हमले, उत्पीड़न और मौखिक दुर्व्यवहार शामिल हैं।

## दूसरे देशों में भारतीय




### नस्लीय हिंसा के कारण

- राजनीतिक कारण प्रमुख है, यूरोप, कनाडा और अमेरिका में दक्षिणपंथी आंदोलनों में अप्रवासी-विरोधी बयानबाजी से शत्रुता बढ़ रही है।
- मेजबान देशों में बढ़ती महंगाई, आवास की कमी और बेरोजगारी से अप्रवासियों के खिलाफ गुस्सा बढ़ता है, उन पर नस्लीय हमले होते हैं।
- कई देशों में घृणा अपराधों को रोकने वाले कानून होने के बावजूद उनका सही से पालन नहीं होता है। इससे हमलावरों को बढ़ावा मिलता है।
- ज्यादातर देशों में रंग, राष्ट्रीयता या जातीयता के आधार पर लोगों के साथ अनुचित व्यवहार करना नस्लीय भेदभाव का मुख्य कारण है।

### प्रमुख घटनाएं

- आयरलैंड में हाल ही में भारतीय मूल के लोगों पर कई हमले हुए हैं, जिनमें एक 6 साल की बच्ची और डेटा वैज्ञानिक शामिल हैं।
- ब्रिटेन में भारतीय मूल की महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। हाल में एक महिला के साथ बलात्कार, अगस्त में 4 लोगों पर सशस्त्र हमले।
- यूएसए में भी भारतीय मूल के लोगों के खिलाफ घृणा अपराधों में वृद्धि हुई है। हाल ही में एक होटल मैनेजर की उसकी पत्नी के सामने हत्या कर दी गई।
- ऑस्ट्रेलिया में वर्ष 2008 से 2025 के बीच भारतीयों पर लगभग 200 नस्लीय हमलों की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़ितों में तमाम छात्र भी शामिल थे।

### क्यों बढ़ रही है घृणा की भावना

- विकसित देशों में कुछ समुदाय खुद को दूसरों से श्रेष्ठ मानते हैं। अतीत में अमेरिकी गोरे नीग्रो जाति के लोगों को निम्न समझते थे।
- सामाजिक रूढ़ियां और कुप्रथाएं भी कारण हैं, सामाजिक विभाजन और उच्चता प्रभावित होने से नस्लवाद को बढ़ावा मिला है।
- धर्म में पवित्रता और शुद्धि की अवधारणा, इंटरनेट के जरिए हेट स्पीच और नस्लीय पूर्वाग्रहों को प्रभावी रूप से फैलाया जा रहा है।
- नौकरियों, पदोन्नति और अन्य आर्थिक लाभों से वंचित करने के तरीके उत्पीड़क वर्ग के शक्तिशाली प्रभाव पर आधारित होते हैं।

### भारत सरकार की ओर से कदम

- भारत सरकार भारतीय समुदाय के खिलाफ होने वाली नस्लीय हिंसा और घृणा अपराधों के मामले संबंधित देशों की सरकार के समक्ष उठाती है।
- दूसरे देशों में भारतीय मिशन/दूतावास, प्रभावित व्यक्तियों को समर्थन और सहायता देते हैं और स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करते हैं।
- सरकार विदेशों में भारतीयों के जीवन को प्रभावित करने वाले घटनाक्रमों पर नजर रखती है और उनके हितों की सुरक्षा के उपाय भी करती है।
- दूसरे देशों में भारतीय मिशनों और दूतावासों में 24x7 हेल्पलाइन स्थापित की गई हैं ताकि भारतीय नागरिकों को सहायता प्रदान की जा सके।

# मोदी बहुत अच्छे इंसान, भारत के साथ व्यापार समझौता करेगा अमेरिका: ट्रंप

## व्यापार की धमकी देकर भारत-पाकिस्तान युद्ध रुकवाने का दावा भी किया

**सियोल, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका और भारत के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर जारी बातचीत के बीच बुधवार को कहा, अमेरिका, भारत के साथ व्यापार समझौता कर रहा है। दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में आयोजित एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) सीईओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसके साथ एक बार फिर व्यापार की धमकी देकर भारत-पाकिस्तान युद्ध रुकवाने का भी दावा किया।

ट्रंप ने कहा, यदि आप भारत और पाकिस्तान की बात करें तो मैं भारत के साथ व्यापार समझौता कर रहा हूं और जैसा कि आप जानते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए मेरे मन में बेहद सम्मान एवं स्नेह है, हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। इसके बाद व्यापार समझौते के विषय पर अधिक विस्तार से बात किए बिना ट्रंप ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच मई की शुरुआत में हुए विवाद को सुलझाने का दावा किया। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद दोनों देशों के तनाव कायम हैं। इस 50 प्रतिशत शुल्क में रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है।

भारत ने अमेरिकी कार्रवाई को 'अनुचित एवं अविवेकपूर्ण' करार दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि विदेश मंत्री जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कुआलालंपुर में दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के वार्षिक शिखर सम्मेलन से इतर अपनी बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर सोमवार को व्यापक चर्चा की। इस बात का हालांकि कोई संकेत नहीं मिला कि अमेरिकी पक्ष ने भारत को रूस के साथ ऊर्जा संबंधों के लिए लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क को हटाने का आश्वासन दिया है।




बुधवार को दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में शिखर सम्मेलन को संबोधित करते ट्रंप।

### दक्षिण कोरिया में शी से होगी ट्रंप की मुलाकात

ट्रंप एपेक सम्मेलन में शामिल होने से इतर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ महत्वपूर्ण बैठकें करेंगे। ट्रंप ने बुसान हवाई अड्डे पर कहा, चीन के साथ हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं। मुझे लगता है कि हमारे और दुनिया के लिए अच्छे परिणाम सामने आएंगे। ट्रंप ने टोक्यो में मंगलवार को कहा था कि अगर चीन फेंटेनाइल बनाने में इस्तेमाल होने वाले रसायनों के निर्यात को सीमित करने पर सहमत हो जाता है, तो अमेरिका चीन से आयात होने वाली वस्तुओं पर शुल्क कम कर सकता है।

### भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान मार गिराए गए थे सात ब्रांड न्यू विमान

टोक्यो। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान 'सात ब्रांड न्यू' विमान मार गिराए गए थे। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि वे विमान किस देश के थे। टोक्यो में मंगलवार को कारोबारियों के साथ रात्रिभोज के दौरान ट्रंप ने एक बार फिर 'दो बड़ी परमाणु शक्तियों' के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाने का दावा किया। कहा, सात ब्रांड न्यू खूबसूरत विमान गिरा दिए गए थे, और दो बड़ी परमाणु शक्तियां आपस में भिड़ रही थीं। ट्रंप ने दोहराया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष खत्म कराने के लिए व्यापार का सहारा लिया। उन्होंने कहा, 'मैंने बहुत ही अच्छे और सज्जन प्रधानमंत्री मोदी से और पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से कहा कि देखिए अगर आप लोग लड़ते रहेंगे तो हम कोई व्यापार नहीं करेंगे। ट्रंप ने कहा कि भारत और पाकिस्तान ने तर्क दिया कि युद्ध का अमेरिका के साथ व्यापार से कोई लेना-देना नहीं है। मैंने कहा कि इसका बहुत गहरा संबंध है दो परमाणु शक्तियां हैं। आप सब प्रभावित होते हैं, है ना। और मैंने कहा कि अगर आप लड़ेंगे तो हम कोई सौदा नहीं करेंगे। और लगभग 24 घंटे के भीतर संघर्ष खत्म हो गया। यह वाकई अद्भुत था। गौरतलब है कि 10 मई को ट्रंप ने सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि भारत और पाकिस्तान ने पूर्ण और तत्काल संघर्षविराम पर सहमति जताई है। ट्रंप कई बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को सुलझाने में मदद की। भारत ने लगातार यह स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम पर समझौता दोनों देशों की सेनाओं के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच प्रत्यक्ष बातचीत के जरिए हुआ था।

### मुनीर की भी तारीफ

ट्रंप ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर की भी तारीफ की और उन्हें बेहतरीन योद्धा और अच्छा इंसान बताया। उन्होंने कहा, 'फिर मैंने पाकिस्तान के फील्ड मार्शल को फोन किया। मैंने कहा कि हम आपके साथ व्यापार नहीं करेंगे क्योंकि आप भारत से लड़ रहे हैं। मुनीर ने कहा कि नहीं, नहीं, आप हमें लड़ने दीजिए। दोनों ने यही कहा। ट्रंप ने दावा किया कि दोनों देशों के नेताओं ने उन्हें दो दिन बाद फोन कर संघर्ष रोकने की बात कही।

# गाजा में रात भर जारी रहे इजराइल के हमले महिलाओं-बच्चों समेत 81 लोगों की मौत

● हमलों के बाद इजराइल ने की फिर युद्धविराम लागू होने की घोषणा

**दीर अल-बलाह, एजेंसी**

इजराइल की सेना ने गाजा में भीषण हवाई हमले करने के बाद बुधवार को कहा कि संघर्ष विराम फिर से प्रभावी हो गया है। इससे पहले गाजा के अस्पतालों ने बताया कि इजराइली हमलों में महिलाओं और बच्चों समेत 81 लोगों की मौत हुई है।

दस अक्टूबर को संघर्ष विराम लागू होने के बाद से यह सबसे घातक हमले थे। ये हमले संघर्ष विराम के लिए सबसे गंभीर चुनौती माने जा रहे हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास पर संघर्ष विराम के उल्लंघन का आरोप लगाने के बाद कहा कि उन्होंने ही सैनिकों का गाजा में भीषण हमले करने का आदेश दिया था। इसके जवाब में हमास ने कहा कि वह एक और बंधक का शव सौंपने में देरी करेगा। फिलहाल एशिया की यात्रा कर रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमलों का बचाव किया और कहा कि इजराइल का यह हमला उचित था, क्योंकि हमास ने गाजा के रफह शहर में गोलीबारी के दौरान एक इजराइली सैनिक को मार डाला था। हमास ने उस गोलीबारी में किसी भी तरह की संलिप्तता से इन्कार किया तथा इजराइल पर युद्ध विराम समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया।

इस बीच, शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेल्मिया ने कहा कि इजराइली हमलों में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 81 हो गई है। उन्होंने कहा कि अस्पताल को हमलों में मारे गए 21 और लोगों के शव मिले हैं, जिनमें सात महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं। सेल्मिया ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि गाजा शहर में स्थित अस्पताल में भर्ती 20 बच्चों समेत 45 घायलों में से कई की हालत गंभीर है।



गाजा में इजराइल के भीषण हमलों के दौरान चमक साथ सुनाई दी धमाकों की गूंज।

### ट्रंप की ओर से नियुक्त अटॉर्नी अयोग्य घोषित

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने दक्षिणी कैलिफोर्निया के कार्यवाहक अटॉर्नी बिल एसेली को अयोग्य घोषित किया और कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा नियुक्त यह अधिकारी कानून द्वारा निर्धारित अवधि से अधिक समय से अस्थाई पद पर बने हुए हैं। यह निर्णय ट्रंप प्रशासन के उस प्रयास के लिए एक और झटका है, जिसके तहत वह अपने चुने हुए कार्यवाहक अमेरिकी अटॉर्नी के कार्यकाल को संघीय कानून द्वारा निर्धारित 120 दिनों की सीमा से अधिक बढ़ाना चाहता है।

# अफगान तालिबान को खत्म कर फिर गुफाओं में धकेल देंगे

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को धमकी दी कि भविष्य में उनके देश में कोई भी आतंकवादी हमला होने की स्थिति में वह अफगान तालिबान को खत्म कर देंगे और उन्हें वापस गुफाओं में धकेल देंगे। शांति वार्ता विफल होने के बाद दोनों पड़ोसी देशों के संबंध बेहद खराब हो गए हैं।

इस्तांबुल में चार दिवसीय शांति वार्ता में पाकिस्तान की मुख्य मांग के संबंध में कोई नतीजा नहीं निकलने के तुरंत बाद आसिफ ने सोशल मीडिया पर यह चेतावनी जारी की। इस मुख्य मांग में कहा गया था कि तालिबान को पाकिस्तान में आतंकवाद के लिए अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। आसिफ ने कहा कि मित्र देशों के अनुरोध पर पाकिस्तान ने शांति के लिए बातचीत शुरू की, लेकिन कुछ अफगान अधिकारियों के जहरीले बयान स्पष्ट रूप से तालिबान शासन की कुटिल मानसिकता को दर्शाते हैं।



● शांति वार्ता विफल होने से बौखलाए पाकिस्तानी रक्षामंत्री ने दी धमकी

उन्होंने 'एक्स' पर कहा, मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूं कि तालिबान शासन को पूरी तरह से खत्म करने और उन्हें वापस गुफाओं में धकेलने के लिए पाकिस्तान को अपने पूरे शस्त्रागार के एक अंश का भी उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है। यदि वे ऐसा चाहते हैं, तो तोरा बोरा में उनकी पराजय के दृश्यों की पुनरावृत्ति निश्चित रूप से क्षेत्र के लोगों के लिए देखने लायक तमाशा होगी। उन्होंने कहा कि तालिबान शासन में युद्धोन्मादी लोगों, जिनके निहित स्वार्थ क्षेत्र में अस्थिरता जारी रखने में हैं, को यह जान लेना चाहिए कि उन्होंने संभवतः पाकिस्तान के संकल्प और साहस को गलत समझा है।

# म्यांमार पर संयुक्त राष्ट्र की पक्षपातपूर्ण रिपोर्ट पर भारत ने जताई कड़ी आपत्ति

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने म्यांमार की मानवाधिकार स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में उसके खिलाफ किए गए पक्षपातपूर्ण विश्लेषण की कड़ी निंदा की है। साथ ही, पड़ोसी देश में तत्काल हिंसा रोकने और समावेशी राजनीतिक संवाद शुरू करने की अपनी अपील दोहराई।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति में मंगलवार को म्यांमार में मानवाधिकार की स्थिति पर संवाद के दौरान भारत की ओर से बयान देते हुए लोकसभा सदस्य दिलीप सैकिया ने कहा कि नई दिल्ली विश्वास को बढ़ावा देने हुए शांति, स्थिरता तथा लोकतंत्र की ओर म्यांमार के आगे बढ़ने के उद्देश्य से सभी पहल का समर्थन जारी रखेगा। हम हिंसा को तत्काल समाप्त करने, राजनीतिक कैदियों की रिहाई, मानवीय सहायता की निर्बाध आपूर्ति और समावेशी राजनीतिक वार्ता का आह्वान करते हैं। मानवाधिकार और मानवीय मुद्दों से संबंधित संयुक्त राष्ट्र की तीसरी समिति, 2021 के सैन्य तख्तापलट और सैन्य शासन तथा विरोधी बलों के बीच जारी हिंसा के बीच म्यांमार में बिगड़ती स्थिति पर चर्चा कर रही थी।

# पूर्वी लद्दाख: भारत-चीन एलएसी पर शांति रखने पर सहमत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एक और उच्चस्तरीय सैन्य वार्ता में भारत और चीन ने मौजूदा तंत्र का उपयोग करते हुए पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। कोर कमांडर स्तर की बैठक 25 अक्टूबर को वास्तविक नियंत्रण रेखा के भारतीय हिस्से में 'मोल्डो-चुशूल' बिंदु पर हुई।

अगस्त में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता के बाद दोनों सेनाओं के बीच यह पहली ऐसी बातचीत थी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि वार्ता मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने अक्टूबर 2024 में कोर कमांडर स्तर की 22वें दौर की बैठक के बाद से हुई प्रगति पर ध्यान दिया और इस बात पर सहमति जताई कि भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बनाए रखा गया है। दोनों पक्ष स्थिरता बनाए रखने के लिए सीमा पर किसी भी जमीनी मुद्दे को सुलझाने के लिए मौजूदा तंत्र का उपयोग जारी रखने पर सहमत हुए।

पिछले साल अक्टूबर में भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर चार साल से अधिक समय से जारी सैन्य गतिरोध को समाप्त करने के बाद अपने संबंधों को सामान्य बनाने के लिए पिछले कुछ महीनों में कई उपाय शुरू किए हैं। डेमचोक और देपसांग के अंतिम दो टकराव बिंदुओं से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद गतिरोध प्रभावी रूप से समाप्त हो गया। गत 19 अगस्त को विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता के लिए वांग की नई दिल्ली यात्रा के बाद भारत और चीन ने 'स्थिर, सहयोगात्मक और दूरदर्शी' संबंधों के लिए कई उपायों की घोषणा की, जिनमें सीमा पर संयुक्त रूप से शांति बनाए रखना, सीमा व्यापार को पुनः खोलना और निवेश प्रवाह को बढ़ावा देना शामिल था।




● मोल्डो चुशूल बिंदु पर दोनों देशों के बीच कोर कमांडर स्तर की वार्ता

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 अक्टूबर, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, अष्टमी 10 .06 तक तत्पश्चात नवमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- हेमंत।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- श्रवण 18 .33 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** - आज आर्थिक समस्याओं के समाधान मिलने से आप अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। आपको कोई ऐसे सुखद समाचार मिल सकते हैं, जिनकी आप लंबे समय से प्रतीक्षा करेंगे। परिवार के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आप रचनात्मक कार्यों में रुचि लेंगे।

**वृष** - आज कई दिनों से चली आ रही स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान होगा। अपने लक्ष्य को लेकर भ्रमित न हों। आपके व्यक्तित्व में सकारात्मकता रहेगी। मन में नए-नए विचार पनपेंगे। विद्यार्थी अपनी शिक्षा को लेकर अत्यंत जागरूक रहेंगे।

**मिथुन** - आज अत्यधिक व्यस्तता के कारण स्वास्थ्य की अवहेलना न करें। अपने कार्यों में गोपनीयता रखने की आवश्यकता है। अपने विरोधियों को बिल्कुल भी अनदेखा न करें। अति आवश्यक न हो तो लोगों से अपनी बातें व सूचनाएं शेयर करने से बचें।

**कर्क** - आज साझेदारी संबंधी योजनाओं को आरंभ करेंगे। नई नौकरी की तलाश पूरी हो सकती है। अपने कार्य में आप बहुत ही अच्छे परिणाम प्राप्त करेंगे। समाज कल्याण की योजनाओं में आप धन खर्च करेंगे। कार्यस्थल पर प्रोजेक्ट्स को अच्छी तरह से पूरा करेंगे।

**सिंह** - आज काम की अधिकता के बावजूद ऊर्जावान रहेंगे। लंबे समय से जिन वस्तुओं की प्रतीक्षा कर रहे थे, वो आपको प्राप्त हो जाएंगी। व्यापार में लाभ के अवसरों को चूक सकते हैं। प्रभावशाली लोगों से आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**कन्या** - आज आपको अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है। आपकी दूरदर्शी सोच के कारण व्यापार में लाभ मिलेगा। सामाजिक संबंधों में मजबूती आएगी। किसी रिश्तेदार के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। धन के लेन-देन में कुछ परेशानी हो सकती है।

**तुला** - आज अहंकार की वजह से अपने संबंधों को खराब न करें। उच्च अधिकारी आपसे कुपित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मतभेद उभर सकते हैं। स्वास्थ्य कुछ नरम हो सकता है, इसीलिए लापरवाही बिल्कुल भी न करें।

**वृश्चिक** - आज आपकी दिनचर्या अत्यंत व्यवस्थित रहेगी। शाम को आपका स्वास्थ्य कुछ कमजोर होगा। आप व्यवसाय की जटिलताओं को सुलझाने में व्यस्त रहेंगे। घर पर उत्सव का वातावरण रहेगा। प्रेमी जन के साथ रोमांटिक समय का आनंद उठाएंगे।

**धनु** - आज मन में सकारात्मक विचार चलते रहेंगे। लंबी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं। आप नए व्यवसाय की शुरुआत कर सकते हैं। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के लिए दिन अच्छा है। काम का दबाव आपके ऊपर से कम होगा।

**मकर** - आज व्यापार विस्तार में कुछ रुकावट आ सकती है। गूढ़ विषयों का आप अध्ययन कर सकते हैं। अपने कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कर लें। विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ** - आज तकनीक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय बहुत ही अच्छा है। लोगों की सहायता करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अत्यधिक ध्यान देना होगा। आलस्य की वजह से आपके काम अधूरे छूट सकते हैं। प्रेम संबंधों में ताजगी कम हो सकती है।

**मीन** - आज आलस्य त्याग कर अपने काम पर फोकस करें। सभी समस्याओं का समाधान होगा। अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक निभाने के लिए आपको पुरस्कार भी मिल सकता है। मित्रों के साथ गंभीर विषयों पर चर्चा करेंगे।

## सुडोकू -145

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | | | | | |
| 2 | | | 3 | 4 | | | | |
| 6 | | 3 | | | | | | |
| | 2 | | 1 | | | | | |
| 4 | 8 | | | | | | 5 | |
| | | | | 5 | 4 | | 9 | |
| | | | | | | 9 | 8 | 3 |
| | | | | 9 | 8 | | | |
| | | | | | 6 | 7 | | |

### सुडोकू - 144 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 4 | 8 | 6 | 2 | 5 |
| 3 | 9 | 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 2 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 1 |



> एक खिलाड़ी होने के नाते प्रतिका के साथ जो हुआ, वह अच्छी बात नहीं थी। कोई नहीं चाहता कि किसी खिलाड़ी को ऐसी चोट लगे। ईश्वर ने लेकिन मुझे कुछ अच्छा करने के लिए भेजा है। मैं घरेलू क्रिकेट खेल रही थी और मैं बहुत अच्छी लय में थी। सेमीफाइनल मेरे लिए कोई नई बात नहीं है।
> -शेफाली वर्मा


# स्टेडियम

कानपुर नगर, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### अल्काराज गंवा सकते हैं नंबर वन रैंकिंग

**पेरिस :** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने पहला सेट जीतने के बाद लगातार गलतियां की जिसके कारण उन्हें पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में बाहर का रास्ता देखना पड़ा। अल्काराज को गैरवरीय कैमरून नॉरी ने 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। इस हार के साथ ही अल्काराज़ का मास्टर्स प्रतियोगिताओं में 17 मैचों से चला आ रहा विजय अभियान भी टूट गया। यही नहीं उन्हें नंबर एक रैंकिंग से भी हाथ धोना पड़ सकता है क्योंकि दूसरे स्थान पर काबिज यानिक सिनर यह टूर्नामेंट जीत जाते हैं तो एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच जाएंगे।

### टिन्नी को हरा अनाहत पहुंची सेमीफाइनल में

**टोरंटो (कनाडा) :** भारत की 17 वर्षीय उभरती खिलाड़ी अनाहत सिंह ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बेल्जियम की गत चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त टिन्नी गिलिस को हराकर यहां कनाडा महिला ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अनाहत ने क्वार्टर फाइनल में 3-0 (12-10, 11-9, 11-9) से जीत दर्ज की।

### पल्टन की फाइनल में दिल्ली से होगी भिड़ेगी

**नई दिल्ली :** आदित्य शिंदे (22) और अजीत पवार (10) के शानदार खेल की बदौलत पुनेरी पल्टन ने त्यागराज इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के क्वालीफायर-2 मुकाबले में तेलुगू टाइटंस को 50-45 से हराते हुए फाइनल में जगह बना ली है, जहां 31 अक्टूबर को उसका सामना दबंग दिल्ली केसी से होगा।



उपकप्तान स्मृति मंधाना।

# हरमनप्रीत को खेलनी होगी आठ साल पहले जैसी जादुई पारी

## महिला विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में आज भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से

**नवी मुंबई, एजेंसी**

भाग्य के सहारे अंतिम चार में जगह बनाने वाली भारतीय टीम को महिला वनडे विश्व कप के गुरुवार को यहां होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा और उसे उम्मीद रहेगी कि कप्तान हरमनप्रीत कौर आठ साल पहले खेली गई जादुई पारी जैसा करिश्मा दिखाने में सफल रहेगी।

हरमनप्रीत की 2017 में इंग्लैंड के डर्बी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 115 गेंदों में नाबाद 171 रन की पारी एक महत्वपूर्ण क्षण था, जिसने महिला क्रिकेट को सुर्खियों में ला दिया था। सात बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर जीत से न केवल भारत का आत्मविश्वास बढ़ेगा बल्कि आईसीसी खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों को भी पंख लग जाएंगे। भारतीय टीम के प्रदर्शन में अभी तक निरंतरता का अभाव रहा है और उसके पास ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को पराजित करने का यह सुनहरा मौका है लेकिन इसके लिए उसके खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

वर्तमान विश्व कप में भारतीय टीम का प्रदर्शन अभी तक उतार चढ़ाव वाला रहा है। पहले दो मैच में जीत के बाद उसे लगातार तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा लेकिन इसके बाद उसने अच्छी वापसी की और सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही। लेकिन इस दौरान प्रतीका रावल चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई जो भारतीय टीम के लिए करारा झटका है क्योंकि यह सलामी बल्लेबाज अच्छी फॉर्म में चल रही थी।

अब गलती की कोई गुंजाइश नहीं है क्योंकि भारत अब उन सभी प्रतिद्वंद्वियों के साथ सेमीफाइनल में है जिन्होंने लीग मुकाबलों में उसे पराजित किया था। लेकिन मैदान पर उतरने से पहले भारत को अपनी टीम संयोजन को लेकर कुछ सबसे प्रासंगिक सवालों का सामना करना पड़ेगा। बड़े शॉट लगाने वाली शेफाली वर्मा को टीम में शामिल करना आग में घी डालने जैसा है क्योंकि वह भारतीय योजना का हिस्सा नहीं थी और यही वजह थी कि वह भी रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल नहीं थी। उप-कप्तान स्मृति मंधाना के साथ उनका रिकॉर्ड (25 पारियों में 37.20 की औसत से 893 रन) रावल और मंधाना के सलामी जोड़ी के रूप में 23 पारियों में 78.21 की औसत से 1,799 रनों से कमतर दिखता है। क्या भारत को शेफाली को चुनना चाहिए, जिनकी आक्रामक शैली विरोधियों पर दबाव बना सकती है और मंधाना के शानदार फॉर्म की बराबरी कर सकती है।

बेमौसम बारिश के पूर्वानुमान के बावजूद पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल बनी हुई है और बड़े स्कोर का दबाव लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को परेशानी में डाल सकता है।

**समय दोपहर 3:00 बजे से**



कप्तान हरमनप्रीत कौर।

### टीम

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, श्री चरणी, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), ताहलिया मैकग्राथ (उपकप्तान), एलिस पेरी, बेथ मूनी (विकेटकीपर), फोबे लिचफील्ड, जॉर्जिया वोल, एशले गार्डनर, किम गर्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, सोफी मोलिनक्स, एनाबेल सदरलैंड, डार्सी ब्राउन, मेगन स्कुट, जॉर्जिया वेयरहैम।

### मुंबई में बारिश बिगाड़ सकती है खेल

मुंबई के मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मैच शुरू होने के बाद बारिश की प्रबल संभावना है और शाम तक बारिश होने की संभावना 40-70% है।



इस मैच के लिए एक रिजर्व डे रखा गया है, जो शुक्रवार (31 अक्टूबर) को होगा। हालांकि, उस दिन का पूर्वानुमान और भी भयावह है। शुक्रवार को मैच की शुरुआत में बारिश की प्रबल संभावना है, जिसकी संभावना 70% तक है।

### मैं चाहता हूं कि भारत की गेंदबाजी में अतिरिक्त विकल्प हों : बिशप

**नई दिल्ली :** वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप का मानना है कि मेजबान भारत को बृहस्पतिवार को महिला वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक अतिरिक्त गेंदबाज के साथ उतरना चाहिए। भारत और ऑस्ट्रेलिया बृहस्पतिवार को नवी मुंबई में दूसरे सेमीफाइनल में भिड़ेंगे। भारतीय टीम पिछले काफी समय से पांच बल्लेबाजों, एक विकेटकीपर और पांच गेंदबाजों (जिनमें से तीन ऑलराउंडर हैं) के संयोजन के साथ मैच में उतर रही है। विश्व कप से पहले यह संयोजन कारगर दिख रहा था लेकिन दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ लीग चरण की हार में इसकी कमियां उजागर हुईं। भारत को इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने जरूरी मैच में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अमनजोत कौर की जगह विशेषज्ञ तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर को लाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# दक्षिण अफ्रीका पहली बार पहुंचा फाइनल में

- पहले सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 125 रनों से हराया
- कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने खेली 169 रनों की धमाकेदार पारी
- दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाज मारिजेन कैप ने लिए पांच विकेट

**गुवाहाटी, एजेंसी**

कप्तान लॉरा वोलवार्ट के शानदार शतक के बाद मारिजेन कैप की तूफानी गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को यहां सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 125 रन से हराकर पहली बार आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई।

अफ्रीका के 320 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम कैप (20 रन पर पांच विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने 42.3 ओवर में 194 रन पर ढेर हो गई। नेदिन डि क्लर्क ने भी 24 रन देकर दो विकेट चटकाए। कप्तान नैट स्काइवर ब्रंट (64) और एलिस कैप्सी (50) ने अर्धशक जड़ने के अलावा चौथे विकेट के लिए 105 रन भी जोड़े लेकिन इंग्लैंड को लक्ष्य के करीब भी नहीं ले जा सके।

दक्षिण अफ्रीका ने इससे पहले वोलवार्ट की 143 गेंद में 17 चौकों और तीन छक्कों से 169 रन की तेजतर्रार पारी के अलावा ताजमिन ब्रिट्स (65 गेंद पर 45 रन) के साथ पहले विकेट के लिए उनकी 116 और कैप (33 गेंद पर 42 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी से सात विकेट पर 319 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। क्लो ट्रायोन (26 गेंद पर नाबाद 33) और डि क्लर्क (छह गेंद पर नाबाद 11) ने पारी के अंतिम ओवरों में कुछ आक्रामक शॉट खेलकर टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका की टीम लीग चरण में इसी टीम के खिलाफ 69 रन पर ऑल आउट हो गई थी। बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एकलेस्टोन (44 रन पर चार विकेट) और लॉरेन बेल (55 रन पर दो विकेट) ने दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम को ध्वस्त किया लेकिन वोलवार्ट ने इंग्लैंड के लिए विश्व कप सेमीफाइनल में रिकॉर्ड लक्ष्य सुनिश्चित किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने दूसरे ओवर में एक रन के स्कोर तक ही सलामी बल्लेबाजों ऐमी जोन्स और टैमी ब्यूमोंट के अलावा हीथर नाइट का भी विकेट गंवा दिया। ये तीनों ही बल्लेबाज खाता खोलने में नाकाम रहीं। कैप ने पारी के पहले ही ओवर में दूसरी और पांचवीं गेंद पर क्रमशः ऐमी और नाइट को बोल्ड किया जबकि अगले ओवर की पहली गेंद पर अयाबोंगा खाका ने ब्युमोंट को विकेटकीपर सिनोलो जाफ्ता के हाथों कैच कराया। स्काइवर ब्रंट और कैप्सी ने चौथे विकेट के लिए 105 रन जोड़कर पारी को संवारा लेकिन 23वें ओवर में सुने लूस ने कैप्सी को डि क्लर्क के हाथों कैच कराके इस साझेदारी तोड़ा दिया। कैप्सी ने 71 गेंद की अपनी पारी में छह चौके मारे। कैप ने इसके बाद स्काइवर ब्रंट को विकेटकीपर जाफ्ता के हाथों कैच कराके इंग्लैंड की जीत की रही सही उम्मीद भी तोड़ दी। स्काइवर ब्रंट ने 76 गेंद का सामना करते हुए छह चौके और एक छक्का मारा। कैप ने सोफिया डंक्ले (02) और चार्ली डीन (00) को विकेट के पीछे कैच कराके पांच विकेट हासिल किए। डि क्लर्क ने लिंसे स्मिथ (27) को लूस के हाथों कैच कराके दक्षिण अफ्रीका की जीत सुनिश्चित की। इससे पहले वोलवार्ट ने ब्रिट्स के साथ पहले विकेट के लिए 116 रन जोड़कर दक्षिण अफ्रीका को शानदार शुरुआत दिलाई।



सेमीफाइनल में जीत के बाद जश्न मनातीं दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी। एजेंसी

### दक्षिण अफ्रीका

**319/7** (50 ओवर)

| | |
|---|---|
| लॉरा वोलवार्ट का कैप्सी बो बेल | 169 |
| ताजमिन ब्रिट्स बो एकलेस्टोन | 45 |
| एनेके बॉश बो एकलेस्टोन | 00 |
| सुने लुस बो स्काइवर ब्रंट | 01 |
| मारिजेन का डीन बो एकलेस्टोन | 42 |
| सिनालो जाफ्ता बो बेल | 01 |
| एनेरी डर्कसेन बो एकलेस्टोन | 04 |
| क्लो ट्रायोन नाबाद | 33 |
| नेदिन डि क्लर्क नाबाद | 11 |

**गेंदबाजी :** बेल 10-0-55-2, स्मिथ 10-0-69-0, स्काइवर ब्रंट 8-0-67-1, डीन 10-0-67-0, एकलेस्टोन 10-1-44-4, कैप्सी 2-0-15-0

### इंग्लैंड

**194/10** (42.3 ओवर)

| | |
|---|---|
| ऐमी जेम्स बो कैप | 00 |
| टैमी ब्युमोंट का जाफ्ता बो खाका | 00 |
| हीथर नाइट बो कैप | 00 |
| नैट स्किवर ब्रंट का जाफ्ता बो कैप | 64 |
| एलिस कैप्सी का डि क्लर्क बो लुस | 50 |
| डैनी का स्थानापन्न बो डि क्लर्क | 34 |
| सोफिया डंक्ले का जाफ्ता बो कैप | 02 |
| चार्ली डीन का जाफ्ता बो कैप | 00 |
| सोफी का डर्कसेन बो मलाबा | 02 |
| लिन्से स्मिथ का लूस को डि क्लर्क | 27 |
| लॉरेन बेल नाबाद | 09 |

**गेंदबाजी :** कैप 7-3-20-5, खाका 8-0-28-1, डि क्लर्क 5 .3-0-24-2, मलाबा 8-0-40-1, लूस 6-0-41-1,

# पहला टी-20 मैच बारिश की भेंट चढ़ा



बारिश के कारण पैवेलियन लौटते कप्तान सूर्यकुमार यादव और शुभमन गिल। एजेंसी

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिर्फ 9.4 ओवरों का हो सका खेल
- भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने हासिल की लय

**कैनबरा, एजेंसी**

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव कुछ शानदार शॉट के साथ लय में वापसी करते दिखे, लेकिन खराब मौसम और बारिश के कारण बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच रद्द करना पड़ा। बारिश के कारण 9.4 ओवर के खेल के बाद जब दूसरी बार खेल रोका गया तब सूर्यकुमार 24 गेंद में 39 रन बनाकर नाबाद थे। उन्होंने शानदार लय में चल रहे उपकप्तान शुभमन गिल (20 गेंदों पर नाबाद 37) के साथ दूसरे विकेट के लिए 35 गेंद में 62 रन की साझेदारी के साथ बड़े स्कोर की नींव तैयार कर दी थी।

भारत ने खेल रोको जाने से पहले एक विकेट पर 97 रन बना लिए थे। भारतीय कप्तान ने कई आकर्षक शॉट लगाये लेकिन बारिश के कारण वह और गिल अर्धशतक पूरा करने से दूर रह गये। इस साल 110 से कम स्ट्राइक रेट से महज 100 रन बनाने वाले सूर्यकुमार ने जोश हेजलवुड की गेंद को अपने चिर-परिचित अंदाज में स्क्वायर लेग के ऊपर से छह रनों के लिए भेज कर यह दिखाया कि वह लंबे समय तक इस प्रारूप के शीर्ष बल्लेबाज क्यों रहे हैं। मनुका ओवल की पिच से गेंद को अच्छी उछाल रही थी और सूर्यकुमार ने इसका फायदा उठाते हुए नाथन एलिस के खिलाफ 10वें ओवर की शुरुआती दो गेंदों पर चौका जड़ा और फिर तीसरी गेंद को दर्शकों के दर्शन कराए। इसके एक गेंद बाद ही हालांकि बारिश फिर से शुरू हो गयी और मैच को रोकना पड़ा। गिल ने दूसरे छोर से आक्रमण और धैर्य का शानदार मिश्रण दिखाया। उन्होंने वामहस्त स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन के खिलाफ काऊ कॉर्नर (डीप मिडविकेट और लांग लेग के बीच में) पर दर्शनीय छक्का जड़ा। गिल ने इस छक्के के अलावा चार दिलकश चौके भी जड़े।

इससे पहले 4.4 ओवर के बाद भी बारिश के कारण खेल को रोकना पड़ा था। बारिश के पहले व्यवधान के बाद जब खेल दोबारा शुरू हुआ तो मैच को 18 ओवर प्रति टीम कर दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया था जिसके बाद अभिषेक शर्मा (14 गेंद में 19 रन) ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई। एलिस ने हालांकि उन्हें खतरनाक होने से पहले ही चलता कर टीम को पहली सफलता दिलाई।

# रोहित पहली बार वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे

**दुबई, एजेंसी :**

पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को अपने शानदार करियर में पहली बार आईसीसी पुरुष वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस 38 साल के दिग्गज ने सिडनी में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे और अंतिम वनडे में यादगार शतक (नाबाद 121) की बदौलत दो स्थान ऊपर चढ़कर इतिहास रच दिया। उनकी इस पारी से भारत ने नौ विकेट से शानदार जीत दर्ज की।



दायें हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने भारतीय दिग्गज विराट कोहली (नाबाद 74) के साथ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अपने 33वीं वनडे शतकीय पारी के दौरान 13 चौके और तीन छक्के जड़े। रोहित ने अपनी इस पारी से अफगानिस्तान के धाकड़ बल्लेबाज इब्राहिम जदरान और भारत के अपने साथी शुभमन गिल को पीछे छोड़ दिया और पहली बार वनडे क्रिकेट में बल्लेबाजों की शीर्ष रैंकिंग हासिल की। इस नवीनतम रैंकिंग में रोहित के अलावा कुछ और भारतीय खिलाड़ी अपनी स्थिति को सुधारने करने में सफल रहे। अक्षर पटेल हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में चार स्थान के सुधार के साथ आठवें जबकि गेंदबाजों की सूची में छह स्थान के सुधार के साथ 31वें स्थान पर पहुंच गये हैं। शीर्ष 10 रैंकिंग में सुधार करने वालों में न्यूजीलैंड के स्पिनर मिचेल सैंटनर तीन स्थान के सुधार के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

**टेस्ट मैच की तैयारी** | दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दो चार दिवसीय मैचों में भारत ए के लिए में खेलेंगे

# पंत पहले से अधिक फिट नजर आ रहे : सुदर्शन



अभ्यास करते ऋषभ पंत। एजेंसी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत ए के उप कप्तान साई सुदर्शन ने बुधवार को कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अधिक फिट दिख रहे हैं और दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दो मैचों की चार दिवसीय सीरीज में खेलने के लिए तैयार हैं। भारत ए की कप्तानी करने वाले पंत तीन महीने के अंतराल के बाद वापसी कर रहे हैं। जुलाई में इंग्लैंड में उन्हें पैर में चोट लगी थी। उनके भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैच की टेस्ट श्रृंखला में खेलने की संभावना है। दक्षिण अफ्रीका 14 नवंबर से 19 दिसंबर के बीच भारत में दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलेगा।

सुदर्शन ने यहां दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ पहले चार दिवसीय मैच की पूर्व संध्या पर कहा भारत ए के अभ्यास सत्र के बाद कहा ऋषभ वास्तव में फिट नजर आ रहे हैं। मैं कहूंगा कि वह पहले से अधिक फिट दिख रहे हैं।

उनके पास अच्छी फिटनेस हासिल करने के लिए समय था। मुझे लगता है कि वो पहले से ज्यादा फिट, मजबूत और हमेशा की तरह निर्भीक नजर आ रहे हैं। पंत अभ्यास सत्र के दौरान अपने चिर परिचित अंदाज में बात कर रहे थे।



- साउथ अफ्रीका 14 नवंबर से 19 दिसंबर के बीच भारत में दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलेगा

### मैं तीसरे नंबर की बल्लेबाजी की रणनीति को समझ रहा हूं

भारतीय टेस्ट टीम में तीसरे क्रम पर अपनी जगह पक्की करने की ओर बढ़ रहे युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन ने कहा कि वह गेंदबाजों पर दबदबा बनाने के लिए इस बल्लेबाजी क्रम के लिए जरूरी रणनीति को सीख रहे हैं। मैं तकनीकी रूप से अपने फुटवर्क में काफी सुधार कर रहा हूं। पर इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं समझ रहा हूं कि तीसरे नंबर के खिलाड़ी को टीम के लिए क्या करना होता है। मैं इस भूमिका को बेहतर ढंग से समझ रहा हूं और उसे लागू करने की कोशिश कर रहा हूं। उन्होंने कहा इसमें ज्यादा तकनीकी अंतर नहीं है, क्योंकि मुझे लगता है कि यह रणनीतिक रूप से बेहतर होने के बारे में है।